CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 25°C

देहरादून, सोमवार 4 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 266 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 16 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी ने बनाया 9 साल में 9 लाख से अधिक नौकरी देने का रिकॉर्ड: योगी पेज 2



लक्ष्मी मित्तल ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी को 15,660 करोड़ में खरीदा खेल टाइम्स



महाशक्ति के पतन का कारण मासूमों की शहादत सम्पादकीय



अमेरिका की नाक के नीचे से निकला ईरानी सुपर टैंकर पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के लिए एलपीजी लेकर आ रहे टैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट पार किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया है कि भारत के लिए 46 हजार 313 टन एलपीजी लेकर आ रहे मार्शल आईलैंड के एक गैस टैंकर सर्व शक्ति ने शनिवार को सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया और इसके 13 मई को विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर ऊर्जा तथा अन्य क्षेत्रों की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए रविवार को जारी वक्तव्य में कहा कि इस गैस टैंकर पर 18 भारतीय नाविक भी सवार हैं और वे सभी सुरक्षित हैं। वक्तव्य में कहा गया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित है।

### चलती फ्लाइट से इमरजेंसी गेट से बाहर कूदा यात्री

**चेन्नई।** रविवार तड़के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस वक्त भारी दहशत फैल गई, जब एक यात्री ने चलती फ्लाइट का आपातकालीन दरवाजा अचानक खोल दिया और बाहर छलांग लगा दी। शारजाह से चेन्नई पहुंची एयर अरेबिया की इस फ्लाइट में 231 यात्री सवार थे। इस दुस्साहसिक और खतरनाक हरकत के कारण विमान में बैठे बाकी यात्रियों की जान हलक में आ गई। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यह खौफनाक घटना तब घटी जब विमान लैंडिंग के बाद मुख्य रनवे से हटकर टैक्सीवे पर धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। तभी अचानक 34 साल के एक पुरुष यात्री ने इमरजेंसी गेट खोला और चलती फ्लाइट से नीचे कूद गया।

### दिल्ली में ट्रैफिक नियम तोड़ना अब जोखिम भरा

**नई दिल्ली।** राजधानी में ट्रैफिक नियम तोड़ना अब महंगा ही नहीं, जोखिम भरा साबित होगा। सरकार की नई सख्त व्यवस्था के तहत चालान का निपटारा 45 दिन में करना अनिवार्य होगा, वरना न सिर्फ अतिरिक्त कार्रवाई झेलनी पड़ेगी, बल्कि वाहन और लाइसेंस से जुड़े काम भी रुक सकते हैं। बार-बार नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस सस्पेंड करने की नई व्यवस्था की गई है, जबकि कोर्ट जाने से पहले चालान का आधा पैसा जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि अब चालान से बचना मुश्किल होगा और तय समय में उसका भुगतान या चुनौती देना जरूरी होगा।


### 'विश्वकर्मा' श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि श्रमिक राष्ट्र के 'विश्वकर्मा' हैं और उनके कल्याण, सुरक्षा तथा सम्मान को सुनिश्चित करना पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डा. मांडविया ने कहा कि देश के निर्माण और विकास में श्रमिकों की भूमिका सबसे अहम है, इसलिए सरकार उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# ट्रम्प के पास दो ही विकल्प, ईरान के साथ समझौता करें या फिर युद्ध: आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि मौजूदा पश्चिम एशियाई तनाव में अमेरिका की रणनीतिक स्थिति तेजी से सीमित होती जा रही है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने विकल्प अब बेहद कम रह गए हैं।

आईआरजीसी की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि ईरान ने अमेरिकी रक्षा प्रतिष्ठान के लिए नाकेबंदी को लेकर एक स्पष्ट समयसीमा तय कर दी है, जबकि चीन, रूस और यूरोप का रुख भी कथित तौर पर अमेरिका के खिलाफ अधिक कठोर होता दिख रहा है। बयान में ट्रम्प के कांग्रेस को भेजे गए पत्र को निष्क्रिय बताया गया और इसे ईरान की वार्ता शर्तों की स्वीकारोक्ति के संकेत के रूप में प्रस्तुत किया गया। आईआरजीसी के दावे के मुताबिक स्थिति को समझने का केवल यही तरीका है कि ट्रम्प अब या तो एक असंभव सैन्य अभियान शुरू करें या ईरान की शर्तों पर समझौता कर लें। बयान में यह भी कहा गया कि अमेरिकी निर्णय- निर्माण की गुंजाइश लगातार सिमट रही है। उल्लेखनीय है कि ईरान ने अमेरिका के साथ चल रहे टकराव को खत्म करने के उद्देश्य से एक नया प्रस्ताव पेश किया है।



## ईरान में नया कानून लाने की तैयारी, इजरायल के जहाजों को होर्मुज से गुजरने पर होगी पूर्ण पाबंदी

**तेहरान।** होर्मुज स्ट्रेट पर अपना नियंत्रण और कड़ा करने की योजना के तहत ईरानी सांसदों ने एक नया प्रस्ताव पेश किया है। इस योजना के अनुसार, इजरायली जहाजों के इस महत्वपूर्ण समुद्री गलियारे से गुजरने पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जबकि अमेरिकी जहाजों को केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब वे युद्ध के दौरान हुए सभी नुकसानों की भरपाई करेंगे। ईरानी संसद के प्रथम उपाध्यक्ष अली निकजाद ने 12-सूत्रीय मसौदा योजना का विवरण देते हुए कहा कि यह नया नियम इजरायली जहाजों को 'किसी भी समय' स्ट्रेट से गुजरने से रोकेगा। उन्होंने कहा कि ईरान द्वारा 'शत्रु देश' के रूप में वर्णित देशों के जहाजों को केवल तभी जाने की अनुमति दी जाएगी जब वे युद्ध क्षति के लिए मुआवजे का भुगतान करेंगे। उपाध्यक्ष ने हालांकि इजरायल के अलावा अन्य देशों के नाम नहीं लिया, लेकिन ईरानी अधिकारी अक्सर अमेरिका और उसके कुछ क्षेत्रीय सहयोगियों, विशेष रूप से खाड़ी देशों के लिए इसी तरह की भाषा का उपयोग करते रहे हैं। ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल के युद्ध को दो महीने बीत चुके हैं और यह समुद्री मार्ग, जो कुल वैश्विक तेल प्रवाह के लगभग 20 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है, फिलहाल बंद है।

## होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना देंगे: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) में कमांडर रह चुके हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है, जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी एफ-15ई विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।

# दिल्ली: चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ की मौत

## मृतकों में डेढ़ साल का एक बच्चा भी शामिल, 15 लोग बचाए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एसी ब्लास्ट की आशंका जताई गई
- मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद मिलेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है।

दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 3.47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। 4 घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया गया। बिल्डिंग के अंदर फंसे 10 से 15 लोगों को बचाया गया। इनमें दो लोग घायल हुए हैं। मृतकों के शव बिल्डिंग के अलग-अलग फ्लोर से बरामद किए गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि कुछ शव इतनी बुरी तरह जल चुके हैं कि सिर्फ कंकाल बचा है। डीएनए टेस्ट के बाद ही मृतकों का पता चल पाएगा। शुरुआती जांच में एसी में धमाके के बाद आग फैलने की बात सामने आ रही है। फिलहाल अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। इधर, मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं, घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद मिलेगी। बिल्डिंग में हर फ्लोर पर दो 4 बीएचके, कुल 8 फ्लैट हैं। इनमें 6 में आग लगी। आग की लपटें दूसरे फ्लोर से तीसरे और फिर चौथे फ्लोर तक पहुंच गई। आग इतनी भयावह थी कि बिल्डिंग के पीछे का पूरा हिस्सा धुएं से काला हो गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, बिल्डिंग के पहले -शेष पृष्ठ दो पर

# दिल्ली की आईएएस एकेडमी की डायरेक्टर का अपहरण

## भोपाल में 4 घंटे बंधक बनाया, पिस्टल सटाकर दो करोड़ वसूले

शाह टाइम्स ब्यूरो

- विदेश भागने वाला था मास्टरमाइंड



आरोपी- प्रियंक, रोहित और दीपक

**नई दिल्ली/भोपाल।** भोपाल में 9 बदमाशों द्वारा बुधवार दोपहर आईएएस एकेडमी की डायरेक्टर किडनैप केस का खुलासा हो गया है। डायरेक्टर को 4 घंटे बंधक बनाकर रखा। कनपटी पर पिस्टल सटाकर करीब एक करोड़ 89 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

वारदात के बाद मास्टरमाइंड प्रियंक शर्मा विदेश भागने की तैयारी में था, लेकिन रविवार को भोपाल एम्स से पकड़ा गया। मास्टरमाइंड के साथ 5 सहयोगी भी पकड़े गए हैं, जबकि 3 आरोपी फरार हैं। क्राइम ब्रांच पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने वाला कोई बाहरी नहीं, बल्कि उसी संस्थान की फ्रेंचाइजी चलाने वाला युवक है। आरोपी भेल के एक रिटायर्ड अधिकारी का बेटा है। वह पहले दिल्ली में रहकर आईएएस कोचिंग के जरिये यूपीएससी की तैयारी कर चुका है। डायरेक्टर शुभ्रा रंजन के मुताबिक आरोपी ने भोपाल में कोचिंग की दूसरी ब्रांच खोलने और उस जगह का निरीक्षण कराने के बहाने उन्हें बुलाया। वह दिल्ली से भोपाल आई थीं। वह शहर के एक नामी होटल ताज में ठहरी थीं। बुधवार को आरोपी प्रियंक शर्मा उन्हें होटल से 2-3 बजे के करीब अपने साथ ले गया। इसके बाद बागसेवनिया इलाके के एक फ्लैट में ले जाकर बंधक बना लिया। जान से मारने की धमकी दी। कनपटी पर पिस्टल रखी। जान बख्शने के एवज में अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराए गए। पहले नंबर -शेष पृष्ठ दो पर

# पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आज

- बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल व असम में सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी विधानसभाओं तथा विभिन्न राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों के उप चुनावों की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार (आज) सुबह आठ बजे शुरू होगी।

पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान कराए जाने के चुनाव आयोग के निर्णय के अनुसार वहां 21 मई को फिर मतदान कराया जाएगा। राज्य की शेष 243 सीटों के चुनावों की मतगणना सोमवार सुबह आठ बजे शुरू होगी। सभी राज्यों में शुरुआती आधे घंटे में पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना होगी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से की जा रही मतगणना पूरी होने से पहले पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना हर हाल में पूरी कर ली जाएगी। सोमवार रात तक सभी राज्यों के चुनावों के नतीजे आ जाने की उम्मीद है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार पांचों राज्यों में मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राष्ट्रव्यापी बहस के बीच पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा के चुनावों में मतदाताओं ने मतदान में बढ़चढ़कर भागीदारी की। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आजादी के बाद मतदान- प्रतिशत के नये रिकॉर्ड बने। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हुए चुनाव में मतदान का कुल प्रतिशत -शेष पृष्ठ दो पर



श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाए गए 'नशा मुक्त अभियान' के दौरान लोक कलाकार।

## विदेशी स्रोतों से धन लेने का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने श्रीनगर के एक निवासी को पाकिस्तान और विदेशी स्रोतों से 18 करोड़ रुपये की धनराशि हासिल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि वह आईएसआई के लिए काम कर रहा था या पाकिस्तान के लिए जासूसी में शामिल था। श्रीनगर का आसिफ शफी अहंगर से भारत की खुफिया एजेंसियों आरएडब्ल्यू और आईबी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पूछताछ की।

# देश का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट 'दृष्टि' लॉन्च

शाह टाइम्स ब्यूरो



- ऑप्टिकल और रडार दोनों से फोटो ले सकता है, ऐसा करने वाला दुनिया का पहला उपग्रह दृष्टि

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार्टअप गैलेक्सआई ने रविवार को अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से अपना पहला सैटेलाइट 'दृष्टि' लॉन्च किया। 190 किलो वजन के साथ दृष्टि भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट है।

दृष्टि सैटेलाइट एक साथ ऑप्टिकल और रडार (एसएआर) दोनों से फोटो ले सकता है। अब तक दुनिया के सैटेलाइट या तो मल्टी -स्पेक्ट्रल/हाइपर-स्पेक्ट्रल (ऑप्टिकल) इमेज लेते थे या एसएआर तकनीक का इस्तेमाल करते थे। ऑप्टिकल इमेज साफ और समझने में आसान होती हैं। एसएआर यानी सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक बादलों, बारिश या रात में भी इमेजिंग कर सकती है। गैलेक्सआई ने टेक्नोलॉजी को ओटीओ-एसएआर नाम दिया है। दृष्टि रक्षा, खेती, डिजास्टर मैनेजमेंट, समुद्री निगरानी और इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग जैसे कामों में मदद करेगा। यह सैटेलाइट इसरो के 29 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट्स का साथ देगा। पीएम मोदी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर गैलेक्सआई को बधाई दी। कंपनी के संस्थापक सुयश सिंह के मुताबिक, पहले बेहतर जानकारी के लिए अलग-अलग सैटेलाइट का डेटा जोड़ना पड़ता था। इससे अलग-अलग समय और एंगल की तस्वीरों का मेल नहीं बैठता था। 'दृष्टि' एक ही समय में एक ही जगह की सटीक तस्वीर देगा। उन्होंने बताया कि खराब मौसम में ऑप्टिकल इमेज नहीं मिलने पर कंपनी एआई से एसएआर डेटा को ऑप्टिकल जैसी तस्वीरों में बदल सकती है। इससे हर मौसम और हर समय इमेजिंग संभव होगी। यह तकनीक पहले इसलिए विकसित नहीं हुई क्योंकि ज्यादातर सैटेलाइट कंपनियां पश्चिमी देशों में हैं, जहां मौसम साफ रहता है।

# राजस्थान में आंधी-बारिश से 3 की मौत, यूपी में ओले गिरे

- देहरादून में दिन में अंधेरा छाया, तेज बारिश हुई

**नई दिल्ली।** यूपी, बिहार, हरियाणा और उत्तराखंड समेत देश के कई राज्यों में रविवार को बारिश हुई। राजस्थान के जयपुर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

शनिवार को जयपुर, टोंक और अजमेर में 3 लोगों की आंधी-बारिश से मौत हो गई थी। उत्तराखंड के देहरादून में सुबह से तेज बारिश हो रही है। बारिश से पहले पूरा शहर काले घने बादलों से घिर गया। इससे दिन में शाम जैसा माहौल हो गया। हरियाणा के अंबाला में भी बारिश हुई, जिससे कई कालोनियों में पानी भर गया है। देश के कई शहरों में अब भी हीटवेव की स्थिति है। सोमवार को जम्मू- कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और केरलम में बारिश होगी।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सेल्फी लेते समय गंगा में डूबे, दो बहनों समेत चार की मौत

**बलिया।** यूपी के बलिया जिले में मुंडन संस्कार के दौरान हृदयविदारक दुर्घटना सामने आई है, जहां गंगा में डूबने से दो सगी बहनों सहित चार लोगों की मौत हो गई। मुंडन संस्कार में पहुंचे ये लोग गंगा स्नान के दौरान सेल्फी समय लेते समय गहरे पानी में पहुंच गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन के लोगों ने मछुआरों की मदद से चारों के शवों को बरामद कर लिया गया है। मुंडन संस्कार की खुशियां मातम में तब्दील हो गई है। फफेना थाना क्षेत्र के कल्याणीपुर के रहने वाले वशिष्ठ चौहान के परिवार में मुंडन संस्कार था। पूरा परिवार और रिश्तेदार बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के शिव. रामपुर घाट पर रविवार सुबह पहुंचे थे। मुंडन कार्यक्रम के बीच जब लोग लोग गंगा में स्नान कर रहे थे, तभी सेल्फी लेते कुछ लड़कियां पानी में डूबने लगी। दो लड़कों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव के कारण वह भी डूबने लगे। इस दौरान दो लोगों को लोगों ने बचा लिया, बाकी चार गहरे पानी में डूब गए।

### मिट्टी का टीला ढहा, मां-बेटी समेत तीन की मौत

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में रविवार सुबह घर की पुताई के लिए मिट्टी निकालने गईं महिलाओं पर अचानक मिट्टी का टीला ढह गया, जिससे कुछ महिलाएं उसके नीचे दब गईं। इस हादसे में मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना मंझनपुर तहसील के चकथामा गांव की है, जहां गांव की कई महिलाएं तालाब के किनारे से मिट्टी खोद रही थीं।

# मोदी सरकार में प्रेस की आजादी हुई कमजोर: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि उसके 2014 में सत्ता में आने के बाद से देश की विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में स्थिति बिगघी है और भारत दुनिया में प्रेस की आजादी को लेकर 157वें स्थान पर पहुंच गया है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को एक कठोर और अकाट्य वास्तविकता का सामना करना होगा। प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 2014 से भारत की स्थिति लगातार गिर रही है और आज यह विश्व में गिरकर 157वें स्थान पर है। उन्होंने लिखा कि सच्ची स्वतंत्र प्रेस का अस्तित्व सरकार की कहानी को बढ़ावा देने या उसकी असफलताओं को छिपाने के लिए नहीं है। प्रेस का काम सत्ता के कामकाज की जांच करना, सवाल पूछना और सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह बनाना है। लोकतंत्र में मीडिया शक्ति



■ भारत प्रेस की आजादी को लेकर दुनिया में 157वें स्थान पर

और जनता के बीच संतुलन बनाए रखती है। पत्रकार जनता के सत्य के संरक्षक हैं। खड़गे ने इस सम्बंध में पंडित जवाहरलाल नेहरू का उद्धरण देते हुए कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता केवल एक नारा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अनिवार्य अंग है।उन्होंने आंकड़े देते हुए बताया कि 2014 से 2020 के बीच 135 से अधिक पत्रकारों को गिरफ्तार, हिरासत या पूछताछ में लिया गया। वर्ष 2014 से 2023 तक 36 पत्रकार जेल भेजे गए। कई पर यूएपीए जैसे कड़े कानून लगाए गए।

### ग्रेट निकोबार परियोजना में पर्यावरण, आदिवासी अधिकार और पारदर्शिता नदारद: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना में मोदी सरकार ने पर्यावरण, आदिवासियों के अधिकार, वित्तीय व्यवहार्यता और पारदर्शिता को पूरी तरह नजरअंदाज किया है और इन चिंताओं का जवाब देने में वह विफल रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गत 28 अप्रैल की ग्रेट निक. ोबार यात्रा से सरकार विचलित हुई है, इसलिए उसने एक मई को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ध्यान भटकाने की कोशिश की है। सरकार संभावित पर्यावरणीय संकट से ध्यान हटाने का प्रयास कर रही है। रमेश ने कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीप पारिस्थितिकी दृष्टि से अत्यंत संवे. दनशील और विशिष्ट क्षेत्र है। वहां गत पांच वर्षों में पक्षियों, सांपों, गिको और केकड़ों सहित लगभग 50 नई प्रजातियां खोजी गई हैं।

# पश्चिमी व पूर्वी यूपी में आंधी-बारिश का अलर्ट

## 28 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी-झमाझम बारिश होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में हल्की बारिश और ओले गिरने से मौसम ठंडा हो गया है, लोगों को लू और गर्मी से राहत मिली है। अब फिर से मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को पूर्वी-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश,आंधी, तूफान चलने का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आने वाले 4-5 दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में रुक-रुककर बारिश-आंधी आने की संभावना है, जिससे अधिकतम तापमान में 2 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की जाएगी। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली,



पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, संत कबीर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, औरैया, कानपुर देहात में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया में तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार रविवार को राजधानी लखनऊ में बादलों की आवाजाही रही, लेकिन आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली। लखनऊ में आज सुबह करीब 5 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग 20 से 25 मिनट तेज बारिश होने से सुबह का मौसम सुहावना बना रहा। शनिवार को उत्तर प्रदेश का उरई सबसे गर्म जिला रहा, जहां पर अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

# स्मार्ट मीटर में हो सकती है गड़बड़ी, तो ईवीएम में क्यों नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर तीखे हमले करते हुए उसे झूठ की सोनपापड़ी बनाने वाली पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि जनता इस बात को बखूबी जानती थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई का ग्राफ ऊपर जाएगा और आज वही हो रहा है।

अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने करीबियों को ज्यादा मुनाफा कमाने से नहीं रोक रही है, जिसके कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमें तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक हम अपना लक्ष्य हासिल न कर लें। सपा प्रमुख ने कहा कि



■ अखिलेश ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाया सवाल

समाजवादी सरकार में बांटे गए लैपटॉप आज भी सुचारू रूप से चल रहे हैं, जिन्हें डिजिटल डिवाइड खत्म करने के उद्देश्य से दिया गया था। सरकारी कार्यशैली पर तंज कसते हुए उन्होंने हरदोई जाने का एक किस्सा सुनाया, जहां प्रशासन ने एक्सप्रेस-वे बंद होने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि जिस एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री ने किया हो, उसका बंद होना बड़ी बेइज्जती की बात होती।

## यूपी ने बनाया 9 साल में 9 लाख से अधिक नौकरी देने का रिकॉर्ड: योगी

# पहले बिना डिग्री वाला बन जाता था चेयरमैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। यह किसी भी राज्य में सर्वाधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का रिकॉर्ड है। सिर्फ अधीनस्थ चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया संपन्न करेगा। उन्होंने कहा कि पहले स्थिति यह थी कि जो व्यक्ति पात्र नहीं था, वह भी आयोग का चेयरमैन बन जाता था।

शिक्षा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करेगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को लगभग 15 हजार भर्तियां करनी है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष (2026-27) में डेढ़



■ सीएम ने नवचयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

लाख से अधिक सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया संपन्न होनी है। प्रक्रिया में किसी प्रकार की सेंध न लगे, इसके लिए सख्त कानून भी बनाया है, जिसके तहत सेंधमारी करने वालों को आजीवन कारावास की सजा और उसकी पूरी संपत्ति को जब्त किया जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोक भवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए नवचयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नवचयनित 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहीं। अपने संबोधन के पहले मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र वितरित किए। हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उनका बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर एक सुरक्षित और बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़े। इसके लिए वे हरसंभव प्रयास करते हैं, लेकिन जब अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, तो न केवल उस युवा के सपने टूटते हैं, बल्कि उसके माता-पिता और परिवार से जुड़े अन्य लोगों की उम्मीदें भी चकनाचूर हो जाती हैं।

### सपनों का टूटना भविष्य के साथ धोखा

किसी युवा के सपनों का टूटना केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ धोखा है। उत्तर प्रदेश की 'बीमारू राज्य' के रूप में पहचान बनाने में चयन प्रक्रियाओं में भेदभाव, बेईमानी और भ्रष्टाचार की भूमिका थी। भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताएं इतनी अधिक थीं कि न्यायालय को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले लगभग हर नियुक्ति प्रक्रिया पर कहीं न कहीं कोर्ट स्टे लगते थे, न्यायालय से कड़ी टिप्पणियां मिलती थीं। यहां तक कि फर्जी डिग्री वाले लोग चयन प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे। पैसे के लेनदेन के कारण भर्तियां प्रभावित होती थीं और योग्य उम्मीदवारों को अवसर नहीं मिल पाता था। वर्तमान समय में कई युवा उस दौर से अनभिज्ञ हैं, क्योंकि वे तब नाबालिग थे। वर्ष 2017 के बाद भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया गया है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स


सेंसेक्स 76913.50
निफ्टी 23997.55

सोना 148652 प्रति 10 ग्राम
चांदी 236882 प्रति किलो

# शेयर बाजारों पर दिखेगा वैश्विक कारकों, पीएमआई आंकड़ों का असर

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह निवेशकों का रुख वैश्विक कारकों और पीएमआई के आंकड़ों से तय होगा। वैश्विक कारकों में निवेशकों की नजर पश्चिम एशिया की स्थिति और कच्चे तेल की कीमत पर होगी। घरेलू स्तर पर विनिर्माण क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े 4 मई को और सेवा क्षेत्र के 6 मई को जारी होने हैं। बीते सप्ताह सोमवार और बुधवार को प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही, जबकि मंगलवार और गुरुवार को गिरावट देखी गई। शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस पर बाजार बंद रहा। सप्ताह के दौरान बीएसई का संसेक्स 249.29 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की बढ़त में 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 99.60 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी के साथ गुरुवार को 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा मजबूती रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 0.84 प्रतिशत



और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.50 प्रतिशत चढ़ गया। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट और अन्य 14 में तेजी रही। सन फार्मा का शेयर 11.62 प्रतिशत चढ़ गया। टेक महिंद्रा का शेयर 8.38 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 7.77, आईटीसी का 4.43, अडानी पोर्ट्स का 4.37, भारती एयरटेल का 3.93, टीसीएस का 3.18 और कोटक महिंद्रा बैंक का 3.8 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इंफोसिस का शेयर 2.34 फीसदी, मारुति सुजुकी का 2.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.94 और बजाज फाइनेंस का 1.64 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। पावरग्रिड और टाटा स्टील के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

### कांग्रेस ने झारखंड में किया विभिन्न समितियों का गठन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने झारखंड में राजनीतिक मामलों, समन्वय, अभियान, परिसीमन, चुनाव प्रबंधन और एसआईआर के लिए समितियों का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगा. ोपाल ने रविवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन सभी समितियों के पदाधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। इसके साथ ही पार्टी ने प्रदेश संगठन को मजबूत करने के लिए 16 उपाध्यक्ष, 43 महासचिव, 81 सचिव तथा 44 संयुक्त सचिवों की भी नियुक्ति की है। राजनीतिक मामलों की समिति में 36 नेताओं को जगह दी गई है।

# चावल, में साप्ताहिक नरमी, दालों, और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव टूट गए। वहीं गेहूं और चीनी में टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव का रुख देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 2,781 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रहा। आटे का भाव भी 3,273 रुपये प्रति क्विंटल पर स्थिर रहा। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 20 रुपये और तुअर दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 24 रुपये और मसूर दाल छह रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 23 रुपये और वनस्पति 11 रुपये फिसल गया। पाम ऑयल में 72 रुपये और मूंगफली तेल में 31 रुपये की तेजी रही। सोया तेल भी तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति



क्विंटल उतर गया। चीनी की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7661.85 रुपये, मसूर काली 8079.55 रुपये, मूंग दाल 10189.46 रुपये, उड़द दाल 10847.02 रुपये, तुअर दाल 11246.69 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.11 रुपये और चावल 3836.42 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3273.35 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4309.18 रुपये और गुड़ 5031.29 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17851.53 रुपये, मूंगफली तेल 18953.99 रुपये, सूरजमुखी तेल 17485.53 रुपये, सोया तेल 14981.32 रुपये, पाम ऑयल 13498.45 रुपये और वनस्पति 14958.43 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली: चार मंजिला...** फ्लोर से एक शव, दूसरे फ्लोर से 5 शव और सीढ़ियों से 3 शव मिले, जहां दरवाजा बंद था। आशंका है कि लोगों ने छत पर भागकर जान बचाने की कोशिश की थी। दूसरे फ्लोर पर मिले मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ साल के पोते आकाश जैन के रूप में हुई। तीसरे फ्लोर पर नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैले जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) मृत पाए गए। पहले फ्लोर पर शिखा जैन (45) का शव मिला, जबकि उनके पति नवीन जैन (48) घायल हो गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि उन्होंने मृतकों के शव देखें हैं। इनमें कौन से शव पुरुष के हैं और कौन से महिला के, इसकी पहचान करना भी मुश्किल है। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया कि चार मंजिला बिल्डिंग के हर फ्लोर पर दो 4बीएचके फ्लैट हैं। आग बिल्डिंग के पिछले हिस्से में लगी थी और वहीं सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। 6 फ्लैट्स का सामान जल गया। खिड़कियों और बालकनी पर ग्रिल और लोहे की रॉड लगी थीं, जिससे रेस्क्यू में दिक्कत आई। फिर भी करीब 15 लोगों को बचाया। इनमें से एक व्यक्ति करीब 30 फीसदी तक जल गया था, जिसे इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

**दिल्ली की...** पर मास्टरमाइंड प्रियंक शर्मा है। दूसरे नंबर पर आरोपी रो. हित है। पुलिस कमिश्नर संजय सिंह ने बताया कि प्रियंक पहले से आईएएस अकादमी की एक फ्रेंचाइजी चला रहा था। उसे अंदाजा था कि डायरेक्टर के पास पर्याप्त पैसा है, इसलिए उसने साजिश रची। उसने दतिया और कालाप. ीपल में रहने वाले अपने साथियों को बुलाया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जिस फ्लैट में महिला डायरेक्टर को बंधक बनाया गया था, वहां वारदात वाले दिन सोमवार को सुंदरकांड का पाठ कराया गया। मकसद था कि पीड़िता शोर मचाए तो आवाज बाहर तक न पहुंचे। फ्लैट के एक कमरे में उन्हें 4 घंटे से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखा गया। पैसे मिलने के बाद बुधवार रात को उनकी रिहाई हुई। पुलिस ने सभी खातों में रकम होल्ड करा दी है, ताकि रकम सुरक्षित रहे।

**पांच राज्यों...** 92.47 रहा। पहले चरण में 152 सीटों के लिए 23 अप्रैल को कराए गए मतदान में 93.19 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मता. धिकार का इस्तेमाल किया। दूसरे चरण में रविवार को 142 सीटों पर कुल मिला कर 91.66 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की कुल 294 सीटों के लिए 2926 उम्मीवार मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल में मतगणना 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा 165 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। पश्चिम बंगाल में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच है। कांग्रेस और वामपंथी दल भी जोर आजमाइश में हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में 23 अप्रैल को एक चरण में हुए मतदान में सभी 234 सीटों पर कुल 84.93 प्रतिशत वोट पड़े। राज्य में कुल 4023 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ द्रविण मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और विपक्षी अन्ना द्रमुक-भाजपा गठबंधन के बीच है। इस बार अभिनय की दुनिया से तमिलनाडु की राजनीति के अखाड़े में उतरे सी जोसफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। इन विधानसभा चुनावों के पहले चरण में नौ अप्रैल को असम, केरल तथा पुडुचेरी में मतदान कराया गया। असम में 85.46 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य की कुल 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच है। केरल में 78.17 प्रतिशत मतदान हुआ, जहां 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में मुख्य मुक. ाबला सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच है। भाजपा भी राज्य में पूरे दम खम के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगी है। पहले चरण में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत पुडुचेरी में रहा, जहां 89.87 प्रतिशत वोट डाले गए। वहां 30 सीटों के लिए 294 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। पुडुचेरी में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और कांग्रेस की अगुवाई वाले विपक्षी गठबंधन के बीच सीधा मुक. ाबला है। इन चुनावों में मतदाता सूचियों पुनरीक्षण के अलावा पश्चिम बंगाल और असम में प्रमुख मुद्दा बंगलादेशी घुसपैठियों और भ्रष्टाचार रहा। तमिलनाडु और केरल में भी विकास बनाम भ्रष्टाचार का मुद्दा उछाला गया।

# ड्रग तस्कर राष्ट्र के दुश्मन: उपराज्यपाल

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ड्रग तस्करी को साइलेंट टेररिज्म करार देते हुए इसे जम्मू-कश्मीर के युवाओं, परिवारों और भविष्य को नष्ट करने की साजिश बताया। उन्होंने सा़फ कहा कि नशा कारोबार से जुड़े लोग देश के दुश्मन हैं और उनसे सही ढंग से निपटा जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि ड्रग तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को श्रीनगर के टीआरसी फुटबाल ग्राउंड में नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए एलजी सिन्हा ने कहा कि महज 22 दिनों में यह अभियान जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि अब हर घर, हर मोहल्ले और हर गली में इस बुराई के खिलाफ लड़ाई लड़ी



■ युवाओं की रगों में जहर घोलने वालों पर कसी जा रही नकेल

जा रही है, जहां मादक पदार्थ युवाओं की जीवन शक्ति को छीन रहे हैं। एलजी सिन्हा ने बताया कि उन्होंने जम्मू संभाग के आठ जिलों का दौरा किया और पदयात्राएं कीं, जहां लोगों ने एकजुट होकर अपने बच्चों और भविष्य को बचाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब सभी पीढ़ियों और समाज के हर वर्ग को जोड़ रहा है। उन्होंने धार्मिक नेताओं, इमामों, शिक्षकों, महिलाओं और युवा संगठनों से भी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की और कहा कि अब चुप रहने का समय खत्म हो चुका है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान ने पीढ़ियों और समाज के विभिन्न वर्गों को एक सामूहिक लड़ाई में एकजुट किया है। एलजी सिन्हा ने बताया कि 11 अप्रैल से 100 दिन का विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसमें अभी 78 दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि हर दिन और हर घंटे की अहमियत है और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि जम्मू-कश्मीर को नशा मुक्त समाज का मॉडल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन तीन मोर्चों पर काम कर रहा है। आपूर्ति श्रृंखलाओं को तोड़ना, जन जागरूकता फैलाना और नशेड़ियों का पुनर्वास करना। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनभागीदारी सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि पुलिस कार्रवाई और कानून अकेले पर्याप्त नहीं हैं, जब तक कि समाज एकजुट न हो।

### 481 से अधिक एफआईआर

आंकड़े देते हुए उपराज्यपाल ने बताया कि 11 अप्रैल से 2 मई के बीच 481 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं, 518 नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया गया, 24 नशीले पदार्थों से संबंधित संपत्तियां जब्त की गईं। उन्होंने बताया कि इनमें से 26 कश्मीर के जिलों में थीं। इसके साथ ही लगभग 300 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए। 5 पासपोर्ट रद्द किए गए, 325 वाहन जब्त किए गए। वहीं 3000 से अधिक दवा दुकानों का निरीक्षण किया गया। 107 लाइसेंस निलंबित किए गए और एक के खिलफ एफआईआर दर्ज की गई।

# कई जिलों में आंधी-तूफान व तेज बारिश, बदला मौसम

**शाह टाइम्स टीम**

**देहरादून।** उत्तराखंड में रविवार की सुबह एक और एक आंधी तूफान और तेज बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया । प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश देखने को मिली। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हुई है। बारिश और बर्फबारी से तापमान में गिरावट आ गई । वहीं तेज अंधड़ से पेड़ तक उखड़ गए जिससे जनजीवन अस्त व्यक्त हो गया और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा ।कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो गई।



■ प्रदेश के कई स्थानों पर जलभराव से हुई परेशानी
■ तेज आंधी तूफान और बारिश से नुकसान
■ कई जगह पेड़ टूटे और कई जगह बिजली आपूर्ति हुई बाधित

हरिद्वार के ज्वालापुर बाजार में भारी बारिश से जल भराव की समस्या पैदा हो गई।तीर्थनगरी में सुबह-सुबह अचानक बदले मौसम के बाद चले तेज अंधड़ ने लोगों का जनजीवन अस्त व्यक्त कर दिया। भारी बारिश हुई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली।इस दौरान श्यामपुर के गुमानीवाला बायपास मार्ग पर दो विशालकाय पेड़ धराशाही हो गए। पेड़ सड़क पर गिरे तो हाईवे पर ट्रैफिक जाम हो गया।गनीमत रही कि पेड़ की चपेट में कोई वाहन नहीं आया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया ।स्थानीय लोगों ने खुद ही कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को काटकर साइड करना शुरू किया, इस दौरान पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सहयोग करते हुए पेड़ों को कटवाया और हाईवे से किनारे किया।इस दौरान हाइवे पर ट्रैफिक पूरी तरह बंद रहा और ट्रैफिक को डायवर्ट कर गंतव्य की ओर रवाना किया। श्यामपुर चौकी प्रभारी सुमित चौधरी ने बताया कि फिलहाल हाईवे पर ट्रैफिक सामान्य रूप से चलना शुरू हो गया है। पेड़ों को वन विभाग की टीम ने काटकर साइड कर दिया है।

विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता शक्ति प्रसाद ने बताया कि पेंड़ गिरने की वजह से विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई , जिसकी वजह से आसपास की बिजली भी कट गई ।हालांकि बिजली विभाग के कर्मचारी लाइन को दुरुस्त करने में जुट गए। ऋषिकेश में अचानक आई तेज आंधी ने जनजीवन के साथ-साथ रेल सेवाओं को भी प्रभावित कर दिया।आंधी के चलते रेलवे ट्रैक के पास एक बड़ा पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आकर 25 हजार वोल्ट की ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन टूट गई।

वहीं दूसरी और रामनगर में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए तेज तूफान के साथ मूसलाधार बारिश हुई। तेज हवाओं के चलते कई जगहों से पेड़ गिरने की खबर है। धर्मनगरी हरिद्वार में रविवार की सुबह अचानक हुई तेज बारिश से कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। जहां पिछले कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली तो वहीं कई जगहों पर जलभराव से लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी। हरिद्वार के ज्वालापुर और कनखल क्षेत्र की कई कॉलोनियों में जलभराव से लोग परेशान भी हुए। पहाड़ों की रानी मसूरी में रविवार सुबह मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह लोगों को रात जैसी महसूस होने लगी।देखते ही देखते पूरे शहर में घने काले बादल छा गए और विजिबिलिटी लगभग शून्य हो गई। अंधेरा छाने से लोगों को घरों और दुकानों की लाइटें जलानी पड़ी।अचानक बदले मौसम ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों को हैरान कर दिया।वहीं बारिश ने ठंड में इजाफा हो गया।मौसम विभाग ने 4000 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना जताई है। राज्य के शेष जनपदों के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा गरज के साथ हो सकती है। साथ ही मौसम विभाग ने आकाशीय बिजली चमकने और झोंकेदार हवाओं को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। लोगों को मौसम विभाग ने सचेत रहने की अपील की है।देहरादून में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी है।

## चार व पांच मई के लिए जारी किया गया है बारिश का ऑरेंज अलर्ट

■ देहरादून सहित कई जनपदों में गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने ओलावृष्टि, तीव्र से अति तीव्र वर्षा होने की संभावना
■ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की भी चेतावनी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मौसम विभाग की राज्य में संभावित खराब मौसम, आंधी-तूफान एवं आकाशीय बिजली की चेतावनी को दृष्टिगत रखते हुए राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा जनपदों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। संबंधित विभागों को सतर्कता एवं तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।प्रदेश के कई पर्वतीय जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 04 एवं 05 मई, के लिए देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत एवं ऊधम सिंह नगर जनपदों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जनपदों में कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि, तीव्र से अति तीव्र वर्षा तथा 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके अतिरिक्त 05 मई को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहां ओलावृष्टि, तेज वर्षा एवं तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। वहीं, 02 मई से 06 मई, तक राज्य के अन्य जनपदों में येलो अलर्ट जारी करते हुए गरज-चमक, आकाशीय बिजली एवं तेज हवाओं की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ हिस्सों में बारिश और बिजली चमकने की संभावना है। इसके अलावा 4000 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का भी अनुमान है जबकि प्रदेश के सभी जिलों में कहीं-कहीं बिजली चमकने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश

मौसम विभाग के अलर्ट के दृष्टिगत राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने जिलों आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### जनपदों को उच्च सतर्कता बनाए रखने के निर्देश

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि जनपदों को उच्च सतर्कता बनाए रखने तथा किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रेकिंग गतिविधियों को नियंत्रित करने, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने तथा राहत एवं बचाव दलों को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी संबंधित विभागों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, बीआरओ आदि को मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में तत्काल बहाली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ग्राम स्तर तक अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने एवं आपदा उपकरणों तथा संसाधनों को तैयार स्थिति में रखने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने मोबाइल/संचार माध्यम सक्रिय रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित समन्वय स्थापित करें। विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सचिव आपदा प्रबंधन ने लिया स्थिति का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मौसम विभाग की और से जारी ऑरेंज अलर्ट एवं रविवार को राज्य के विभिन्न जनपदों में आए आंधी-तूफान और बारिश के बाद सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने सभी जनपदों के साथ बैठक कर स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। बैठक में जनपदों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

■ प्रशासन अलर्ट, जनपदों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश
■ राज्य के विभिन्न जनपदों में आए आंधी-तूफान और बारिश के बाद हालात की ली जानकारी



सचिव आपदा प्रबंधन सुमन ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा सोमवार एवं मंगलवार के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जिसके मद्देनजर सभी जनपदों को पूर्ण सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी जनपदों को निर्देश दिए कि मौसम से संबंधित सभी अलर्ट एवं सूचनाएं राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र एवं जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के माध्यम से तत्काल आमजन तक पहुंचाई जाएं, ताकि समय रहते लोग सतर्क हो सकें।

उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा 04 मई, को देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर एवं चम्पावत जनपदों के लिए तथा 05 मई, को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस अवधि के दौरान आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि, तेज वर्षा तथा 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाधित सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र खोला जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि कुछ जनपदों में सड़कों के बाधित होने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिन्हें अधिकांशतः खोल दिया गया है तथा शेष मार्गों को भी जल्द से जल्द सुचारु करने के निर्देश दिए गए हैं।

चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन पूरी तरह मौसम की स्थिति के अनुरूप ही किया जाए। प्रतिकूल मौसम की स्थिति में किसी भी प्रकार का जोखिम न लेते हुए उड़ानों का संचालन स्थगित रखा जाए, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने सभी जनपदों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए, आपदा प्रबंधन तंत्र को सक्रिय रखा जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों को गंभीरता से लें, अनावश्यक यात्रा से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, जिससे किसी भी संभावित आपदा के प्रभाव को कम किया जा सके।

# शराबियों और नियम तोड़ने वाले 35 गिरफ्तार

■ बार-रेस्टोरेंट संचालकों पर भी गिरी गाज, दर्जनों वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून की सड़कों पर हुड़दंग करने वालों और नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ दून पुलिस ने शनिवार की रात श्कालश बनकर दस्तक दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान ऑपरेशन नाईट स्ट्राइक के तहत पुलिस ने पूरी रात शहर के कोने-कोने में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई से नशेड़ियों और संदिग्धों में हड़कंप मच गया।

अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में पुलिस ने रात में पब, बार और रेस्टोरेंट्स की औचक चेकिंग की। इस दौरान कोतवाली क्षेत्र के बैठक रेस्टोरेंट और डालनवाला क्षेत्र के ''डाइनस्टी क्लब 90 बार'' के संचालकों द्वारा निर्धारित समयावधि के बाद भी प्रतिष्ठान संचालित पाए गए। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से इन्हें बंद कराते हुए संचालकों और स्टाफ को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। पुलिस ने भविष्य के लिए सख्त हिदायत देते हुए इनके विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की। वीकेंड पर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ भी पुलिस बेहद सख्त नजर आई। अभियान के तहत कुल 35 वाहन चालकों को ड्रंक एंड ड्राइव के मामले में गिरफ्तार कर हवालात की सैर कराई गई। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर 38 वाहनों को पुलिस ने मौके पर ही सीज कर दिया। एमवी एक्ट के तहत 91 चालान काटकर 68,250 रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि 40 चालकों के चालान माननीय न्यायालय भेजे गए हैं। एसएसपी ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तराखंड के निर्देशों पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ष्ऑपरेशन प्रहारष्के तहत यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# नंबर प्लेट बदलकर आई-फोन छीनने वाले दो शातिर गिरफ्तार

■ पुलिस कप्तान की सटीक रणनीति आई पुलिस टीम के काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** एसएसपी देहरादून की अपराधियों के विरुद्ध चलाई जा रही सटीक रणनीति के तहत कोतवाली कैंट पुलिस ने मोबाइल स्नेचिंग करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुलिस की आँखों में धूल झोंकने के लिए अपनी स्विफ्ट कार पर चोरी की फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई थी।

घटना के अनुसार, बीते शनिवार को पंकज नेगी निवासी अनारवाला से एमएच गढ़ी कैंट के पास स्विफ्ट कार सवार दो युवकों ने उनका आई-फोन 12 छीन लिया और फरार हो गए। वादी ने बहादुरी दिखाते हुए एक अन्य वाहन से लिफ्ट ली और लुटेरों का पीछा किया। भागने की फिराक में अभियुक्तों की कार गढ़ी चौक के पास एक वाहन से टकरा गई, जिसके बाद स्थानीय जनता की मदद से दोनों को पकड़ लिया गया।

पुलिस जांच में पता चला कि अभियुक्तों ने अपनी कार (यूके 07 टीडी 8751) पर राजपुर क्षेत्र से चुराई गई दिल्ली नंबर की प्लेट (डीएल 10 सीडब्ल्यू 5990) लगा रखी थी ताकि उनकी पहचान न हो सके। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान वसीम अहमद (निवासी सहारनपुर, हाल निवासी डालनवाला) और दानिश हसन (निवासी रायपुर) के रूप में हुई है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे। अभियुक्त वसीम पहले भी सहारनपुर से लूट के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया मोबाइल, फर्जी नंबर प्लेट लगी कार और असली नंबर प्लेट बरामद की हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

## मुख्यमंत्री धामी ने कई जनपदों से आए लोगों की समस्याओं को सुना

# सभी शिकायतों एवं मांगों पर प्राथमिकता के साथ करें कार्रवाई : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि संबंधी मामलों तथा अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।



■ सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि संबंधी मामलों मुख्यमंत्री के सामने रखा
■ आंगनबाड़ी कर्मियों ने भी उनकी समस्याओं और मांगों पर सकारात्मक आश्वासन के लिए जताया आभार

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कार्यालय एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों एवं मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों को तत्काल प्रेषित करते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उसकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्राप्त हो। जनसुनवाई जैसे कार्यक्रम शासन और जनता के बीच संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं, जिनके माध्यम से सरकार को जमीनी स्तर की समस्याओं की जानकारी प्राप्त होती है और उनके समाधान के लिए प्रभावी निर्णय लिए जा सकते हैं। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण, सुशासन और समग्र विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता एवं समयबद्ध रूप से लोगों को प्राप्त हो। इस मौके पर आंगनबाड़ी कर्मियों ने भी उनकी समस्याओं व मांगों पर सकारात्मक आश्वासन के लिए सीएम का आभार व्यक्त किया।



**फिल्म अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात**

इस अवसर पर फिल्म अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी ने भी मुख्यमंत्री से भेंट कर उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा में श्रद्धालु के लिए की गई बेहतर व्यवस्थाओं के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन बेहतर यात्रा व्यवस्थाओं के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।

# पौड़ी में युवक की संदिग्ध मौत पर सियासत तेज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**पौड़ी गढ़वाल।** उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में युवक की संदिग्ध मौत को लेकर सियासत तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने रविवार को सतपुली विकासखंड के ग्राम रैतपुर पहुंचकर मृतक युवक पंकज कुमार के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने स्थानीय पुलिस से मामले की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से निष्पक्ष जांच की मांग की।

■ गोदियाल ने की सीएम धामी से निष्पक्ष जांच की मांग
■ कांग्रेस ने पुलिस की कार्यशेली पर भी उठाए सवाल
■ दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जाए: कांग्रेस

गणेश गोदियाल ने घटना स्थल का दौरा कर परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने आरोप लगाया कि युवक ने कथित पुलिस प्रताड़ना से आहत होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाया। गोदियाल के अनुसार, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में भी युवक ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि यदि पुलिस प्रताड़ना के आरोप सही पाए जाते हैं तो यह बेहद निंदनीय है और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने और सख्त कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इससे पहले भी राज्य में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने नैनीताल और टिहरी में सामने आए मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे प्रकरणों से आम जनता का पुलिस पर विश्वास कमजोर हो रहा है।

कांग्रेस ने मांग की है कि रैतपुर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। साथ ही परिवार को आर्थिक सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# टिहरी झील में टला मौत का तांडव, आंधी से टूटे फ्लोटिंग हट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी झील में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। डोबरा-चांठी पुल के पास अचानक आए भीषण आंधी-तूफान ने झील में बने श्फ्लोटिंग हटमेंटश (तैरते हुए कमरे) को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे वहां मौजूद 30 पर्यटक बीच पानी में फंस गए। मध्य प्रदेश के जबलपुर में हाल ही में हुए क्रूज हादसे की यादें ताजा करते हुए, इस घटना ने प्रशासन के हाथ-पांव फुला दिए। हालांकि, राज्य आपदा प्रतिक्रिया एसडीआरएफ की तत्परता ने पर्यटकों को काल के मुंह से खींच लिया।



■ 30 पर्यटकों को एसडीआरएफ ने बचाया, बड़ा हादसा होने से बचा

**चारधाम यात्रियों के लिए गाइडलाइन:** मौसम के मिजाज को देखते हुए प्रशासन ने चारधाम यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता पर रखा है। सचिव सुमन ने सख्त निर्देश दिए हैं कि खराब मौसम के दौरान हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन पूरी तरह मौसम के अनुकूल ही किया जाए। प्रतिकूल परिस्थितियों में सुरक्षा से कोई समझौता न करते हुए उड़ानें स्थगित रखने का आदेश दिया गया है।

प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय निवासियों से अपील की है कि अगले 48 घंटों के लिए जारी मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

### एसडीआरएफ बनी देवदूत

आपदा कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही कोटी कॉलोनी पोस्ट से उप-निरीक्षक नरेंद्र राणा के नेतृत्व में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। वहां स्थिति गंभीर थी; तेज हवाओं के कारण हटमेंट उखड़ चुके थे और पर्यटक सुरक्षित ठिकाने के लिए जूझ रहे थे। कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि टीम ने बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और पर्यटन विभाग की बोट की मदद से सभी 30 पर्यटकों को सुरक्षित कोटी कॉलोनी पहुंचाया। उनकी त्वरित कार्रवाई ने किसी भी प्रकार की जनहानि को होने से रोक दिया।

### मौसम विभाग का 'ऑरेंज अलर्ट'

टिहरी की यह घटना राज्य में चल रहे अस्थिर मौसम का हिस्सा है। भिलंगना ब्लॉक के गेंवाली गांव में भी मूसलाधार बारिश ने खेतों को जलमग्न कर दिया है। इस आपदा को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सतर्क है। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास, विनोद कुमार सुमन ने जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग ने सोमवार व मंगलवार के लिए राज्य के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं, ओलावृष्टि और भारी बारिश की संभावना है।

# केदारनाथ यात्रा में आस्था का महासैलाब

**■ सुदृढ़ व्यवस्थाओं के बीच 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** देवभूमि उत्तराखंड स्थित विश्वप्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम में इन दिनों आस्था अपने चरम पर है। वर्ष 2026 की यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह अभूतपूर्व रूप से उमड़ रहा है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्तों के बीच भी यात्रा व्यवस्थाएं सुचारू, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनी हुई हैं, जो जिला प्रशासन की सुदृढ़ कार्यशैली को दर्शाती हैं।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासन ने व्यवस्थाओं को इस स्तर तक सशक्त किया है कि भारी भीड़ के बावजूद यात्रा बिना किसी बड़े व्यवधान के निरंतर संच. ालित हो रही है। 22 अप्रैल 2026 को कपाट खुलने के बाद से 03 मई 2026 सायं 5 बजे तक कुल 3,08,085 श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, केवल एक दिन में 23,784 श्रद्धालुओं का आगमन दर्ज होना इस पावन यात्रा के प्रति अटूट श्रद्धा और प्रशासनिक दक्षताख्रदोनों का प्रमाण है।

यात्रा मार्ग पर हर प्रमुख पड़ाव पर पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, आवास, स्वच्छता और यातायात प्रबंधन की व्यापक एवं प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पुलिस, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और प्रशासनिक टीमें 24ञ7 मुस्तैदी के साथ तैनात हैं, जिससे श्रद्धालुओं को हर स्तर पर सहायता मिल रही है।

दुर्गम पहाड़ी भूगोल और लगातार बदलते मौसम को देखते हुए संवेदनशील व भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरआफ, डीडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें हाई अलर्ट पर हैं और त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इसके अतिरिक्त कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरी यात्रा की सतत निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी स्थिति में तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। प्रशासन का स्पष्ट लक्ष्य हैख्रहर श्रद्धालु को सुरक्षित, सुगम और यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करना।

जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें, मौसम और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतें तथा प्रशासन का सहयोग करें, ताकि यह दिव्य यात्रा सभी के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित बनी रहे।

## डीएम ने किया यमुनोत्री यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**बड़कोट/उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने यमुनोत्री यात्रा व्यवस्थाओं और स्याना चट्टी में मलवा हटाने कार्य कार्य का निरीक्षण किया है। रविवार को जिलाधिकारी ने स्याना चट्टी में चौनलाइजेशन कार्यों एवं मलबा हटाने की प्रगति का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को कार्यों में तेजी लानेएअवशेष मलबा शीघ्र हटाने तथा नदी के तल को और अधिक गहरा करने के निर्देश दिएए ताकि संभावित आपदाओं से सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

गौरतलब है कि बीते मानसून सीजन में यमुना नदी पर स्याना चट्टी में यमुना नदी में अस्थाई झील बन गई थी। जिलाधिकारी ने यमुनोत्री धाम यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण के दौरान यात्रा मार्ग सुविधाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा. निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बड़कोट बृजेश तिवारी अधिशासी अभियंता मनोज रावत सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सजगता व मानवीय संवेदनशीलता ने बचाई 10 माह की मासूम की जिंदगी

**■ उच्च हिमालयी क्षेत्रों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यात्रा में लाने से बचें श्रद्धालु**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान जिला प्रशासन की तत्परता, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का एक अत्यंत सराहनीय उदाहरण सामने आया है। समय पर की गई कार्रवाई ने एक 10 माह की मासूम बच्ची को नई जिंदगी दे दी।

वाराणसी निवासी श्रद्धालु विवेक पाण्डेय की 10 माह की पुत्री विलीका पाण्डेय बीते 02 मई को यात्रा से लौटते समय अचानक गंभीर रूप से बीमार हो गई। जानक. ारी के अनुसार, बच्ची को कंडी में सामान के साथ नीचे लाया जा रहा था, जबकि माता-पिता दूसरे बच्चे के साथ घोड़े पर आगे निकल गए थे। इसी बीच मौसम ने करवट लीख्र हल्की बारिश, तेज ठंड और ऊंचाई का असर बच्ची पर भारी पड़ने लगा, जिससे वह लगातार रोती रही और उसकी हालत बिगड़ती चली गई।

भैरव ग्लेशियर के पास तैनात प्रशासनिक टीम और सतर्क यात्रियों ने स्थिति की गंभीरता को तुरंत भांप लिया। बिना समय गंवाए कंडी को रुकवाया गया और बच्ची को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जांच में सामने आया कि बच्ची हाइपोथर्मिया, ऑक्सीजन की कमी और भूख से जूझ रही थीख्रजो किसी भी क्षण जानलेवा साबित हो सकता था।

ऐसी विषम परिस्थितियों में डॉ. नरेश और उनकी टीम ने अद्भुत तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बच्ची को तुरंत ऑक्सीजन सपोर्ट, आवश्यक चिकित्सा उपचार और फीडिंग प्रदान की। उनकी मेहनत और समर्पण से बच्ची की हालत स्थिर हुई और वह सुरक्षित हो सकी।

प्रशासन और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची के माता-पिता को मौके पर बुलवाया और सुरक्षित बच्ची को उनके सुपुर्द किया। साथ ही उन्हें भविष्य में बच्चों की सुरक्षा के प्रति अधिक सतर्क रहने की सख्त हिदायत दी गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश ने इस घटना को गंभीर चेतावनी बताते हुए सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम बेहद कठोर और अनिश्चित होता है, जो छोटे बच्चों के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ऐसी यात्राओं में लाने से बचना चाहिए।

जिला प्रशासन ने पुन: यह संद. ेश दिया है कि यात्रा के दौरान सतर्कता, जिम्मेदारी और सुरक्षा सर्वोपरि है। श्रद्धालु मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यात्रा करें और बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल सुनिश्चित करें, ताकि यह आस्था की यात्रा सुरक्षित और सुखद अनुभव बन सके।

# पुरोला सिंचाई विभाग पर भ्रष्टाचार के आरोप, 5 मई अनशन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला/उत्तरकाशी :** यमुना घाटी में सिंचाई विभाग पुरोला के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर अब जनआक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं इंजीनियर रमेश सिंह रावत ने विभाग में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और अधिकारियों की कार्यशैली के खिलाफ 05 मई से क्रमिक अनशन पर बैठने का ऐलान कर दिया है।

रमेश सिंह रावत ने सिंचाई विभाग पुरोला के अधिशासी अभियंता एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग में विकास कार्यों के नाम पर भारी अनियमितताएं की जा रही हैं, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और जनता के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के तत्काल स्थानांतरण की मांग भी उठाई है।

उन्होंने कहा कि यमुना घाटी के लोगों की समस्याओं को लगातार दबाया जा रहा है और विभागीय भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को नजरअंदाज किया जा रहा है। ऐसे में अब जनहित में आंदोलन ही अंतिम विकल्प बचा है। इस संबंध में रमेश सिंह रावत ने समस्त सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, जनप्रतिनिधियों से आंदोलन को समर्थन देने की अपील की है।

# तेज बारिश, तूफान के बीच नेचुरलिस्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ

## हर्षिल घाटी में विपरीत मौसम के बीच युवा सीख रहे पर्यटन के नए कौशल

**■ 'वाइब्रेंट विलेज' योजना को बढ़ावा, हर्षिल में नेचुरलिस्ट प्रशिक्षण से खुलेंगे रोजगार द्वारा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** हर्षिल घाटी में रविवार को खराब मौसम के बावजूद नेचुरलिस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल उद्घाटन किया गया। लगातार बारिश, ठंडी हवाओं और पहाड़ी तूफान के बीच आयोजित यह पहल क्षेत्र में पहली बार इतनी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संपन्न हुई, जो अपने आप में उल्लेखनीय है।

बगोरी गाँव के पंचायती भवन में आयोजित इस प्रशिक्षण में हर्षिल, झाला, धराली, गंगोत्री और मुखवा सहित सीमांत क्षेत्रों से 30 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कठिन मौसम के बावजूद कई प्रतिभागी बाइक से दुर्गम रास्तों को पार कर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे, जो उनके उत्साह और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बगोरी ग्राम प्रधान रंजीता धौबरा ने कहा कि 'वाइब्रेंट विलेज' योजना के तहत हर्षिल घाटी नए अवसरों का केंद्र बन रही है। ऐसे प्रशिक्षण युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोल रहे हैं। वहीं, हर्षिल ग्राम प्रधान सुचित्रा रौतेला ने भी इसे स्थानीय युवाओं के लिए सकारात्मक पहल बताया।

उत्तराखंड पर्यटन विभाग की अपर निदेशक पूनम चंद ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि क्षेत्र के अनछुए नेचर ट्रेल्स को पहच. ानकर उन्हें पर्यटन से जोड़ना इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

उन्होंने 'वाइब्रेंट विलेज' योजना के तहत हर्षिल क्षेत्र की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला।

गौरतलब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर्षिल दौरे के दौरान भी इस क्षेत्र के विकास पर विशेष जोर दिया गया था। उसी दिशा में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

यह कार्यक्रम उत्तराखंड पर्यटन विभाग, उत्तराखंड सरकार और पर्यटन एवं आतिथ्य कौशल परिषद के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जबकि समर्पित मीडिया सोसाइटी इसके क्रियान्वयन में सहयोग कर रही है।

कठिन मौसम में आयोजित यह प्रशिक्षण सीमांत क्षेत्र के युवाओं के लिए कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और पर्यटन क्षेत्र में नए अवसरों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभर रहा है।

## एक नजर .......

### एलिवेटेड मार्ग निर्माण आंदोलन के 233वें दिन धरना स्थल पर जनसभा का आयोजन

**कोटद्वार।** लालढांग चिल्लरखाल एलिवेटेड मार्ग निर्माण आंदोलन के 233वें दिन धरना स्थल पर जनसभा का आयोजन किया गया। मौसम में आए अचानक बदलाव तेज तूफान, बारिश ने जनसभा में आने वाले सैकड़ों आंदोलनकारियों को बाधित कर दिया। जैसे ही मौसम थोड़ा खुला जनसभा शुरू की गई। जिसमें देवेंद्र रावत के द्वारा शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट के 12 फरवरी 2026 के आदेश के बाद निर्माण की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। दुख के साथ आक्रोश जताया गया कि जनप्रतिनिधि और सरकार 26 साल बाद भी कोटद्वार की जनता को केवल कुछ महीने चलने के लिए दिन दिन की कामचलाउ सड़क देने की सोच रहे हैं। मदन सिंह नेगी के जनसभा में मौसम की वर्तमान स्थिति आंधी,तूफान,बारिश, धूप को देखते हुए आंदोलन की रूपरेखा में बदलाव के सुझाव का प्रस्ताव पर विचार किया गया। आम जनता से सुझाव लिए गए। सर्वसम्मति से प्रत्येक रविवार को सभी सामाजिक संगठनों एवं समस्त क्षेत्रीय जनता द्वारा विशाल जनसभाएं करने का संघर्ष समिति द्वारा निष्कर्ष पर पहुंचा गया। संघर्ष समिति के पदाधिकारी रविंद्र सौंद ने दो टूक शब्दों में कहा कि कोटद्वार, गढ़वाल एवं लालढांग की जनता को उनका दिन रात चौबीसों घंटे आवागमन एवं हर प्रकार के वाहनों के संचालन का हक अधिकार देकर ही रहेंगे। वन्यजीव संरक्षण के साथ ही मानव हितों को दरकिनार नहीं किया जा सकता जिसका एकमात्र विकल्प एलिवेटेड रोड ही है। क्षत्रिय उत्थान संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि जनता को उनका अधिकार अगर इस बार नहीं मिलेगा तो जनता संगठित होकर वर्तमान सरकार के खिलाफ रोड नहीं तो वोट नहीं की मुहिम चलाएगी।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**लैन्सडौन।** अदनाला रेंज के रथुवाढाव स्थित वन विश्राम भवन में मिलट्री अस्पताल लैन्सडौन, इण्डियन रैड क्रास सोसाएटी एवं कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैन्सडौन के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ दलीप सिंह रावत, विधायक, लैन्सडौन विधानसभा द्वारा किया गया। स्वास्थय शिविर में अदनाला रेंज, मैदावन रेंज, पलैन रेंज के निकटवर्ती ग्रामों से आये ग्रामवासियों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया, स्वास्थ्य शिविर में ग्रामवासियों को निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। इस मौके पर उप वन संरक्षक, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग, लैन्सडौन द्वारा ग्रामवासियों को आश्वासन दिया गया कि इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थय शिविर समय-2 पर आयोजित किये जायेगें। निशुल्क स्वास्थय शिविर में 128 ग्रामवासियों द्वारा अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया गया तथा 25 कर्मचारियों व ग्रामवासियों द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। स्वास्थय शिविर के अन्त में प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैन्सडौन द्वारा मिलट्री अस्पताल लैन्सडौन, इण्डियन रैड क्रास सोसाईटी, वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद प्रेषित किया गया।

# नशामुक्त विवाह बना समाज के लिए प्रेरणा, नीलम को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नई टिहरी नगर पालिका क्षेत्र में आयोजित नीलम के विवाह समारोह ने एक नई सामाजिक मिसाल पेश की। यह विवाह पूर्णत: नशामुक्त रहा, जिसमें शराब का पूर्ण बहिष्कार किया गया। इस सराहनीय पहल के लिए "शराब नहीं संस्कार मुहिम" के प्रणेता वरिष्ठ समाजस. ेवी सुशील बहुगुणा द्वारा दुल्हन नीलम को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नीलम की माता उर्मिला देवी ने इस पहल पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि "नशामुक्त विवाह हमारे परिवार के संस्कारों को दर्शाता है और समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।" दुल्हन नीलम ने अपने वक्तव्य में कहा कि "नशामुक्त विवाह केवल एक परंप. रा नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने का प्रयास है। मुझे गर्व है कि मेरा विवाह संस्कारों और सादगी के साथ संपन्न हुआ।"

इस अवसर पर नीलम के मामा गिरिराज ने कहा कि "आज के समय में जहां शादियों में दिखावा और नशा बढ़ता जा रहा है, वहां यह पहल समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। 'शराब नहीं संस्कार मुहिम' समाज सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण अभियान है।"कार्यक्रम में "शराब नहीं संस्कार मुहिम" के सक्रिय साथी जगदीश बडोनी सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। साथ ही विवाह आमंत्रण पत्र में उल्लिखित सभी परिजन एवं सहयोगियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। वहीं, समाजसेवी सुशील बहुगुणा ने अपने वक्तव्य में कहा कि "हमारा उद्देश्य समाज को नशे से मुक्त कर संस्कारों की ओर ले जाना है। नगर क्षेत्र में 'शराब नहीं संस्कार मुहिम' को लगातार सराहा जा रहा है और नगर के लोग भी इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी कर रहे हैं। नीलम का यह नशामुक्त विवाह पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनेगा।"कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस पहल की खुलकर सराहना की और भविष्य में ऐसे नशामुक्त आयोजनों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## सुलेमान अंसारी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुलेमान अंसारी से कांग्रेस कार्यकर्ताआओं ने शिष्टाचार भेंट कर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनने बधाई दी। इस मौके पर पार्टी को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष ललित बद्री, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र पवार (बबलू), पार्षद प्रत्याशी आलोक मेहता, पार्षद प्रत्याशी अमन सिंह, सईद अहमद जमाल, आदर्श सूद, सलमान अहमद, अब्दुल रहमान, फैसल खान व एजाज आदि शामिल रहे।

# देवभूमि रूद्र सेना के गौतम बने धनोल्टी विस क्षेत्र के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** समाज में जनजागरूकता बढ़ाने और देवभूमि रुद्र सेना को संगठित करने के उद्देश्य से शनिवार को धनोल्टी में कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

रूद्र सेना के संरक्षक व हैदराबाद के विधायक टाइगर टीघ राजा सिंह और संस्थापक राकेश उत्तराखंडी के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस दौरान गौतम उनियाल को धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा संगठन में ललित जुयाल को उपाध्यक्ष, शुभम जोशी को सचिव, गणेश सेमवाल को मंत्री और मुकेश गौड़ को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यकारिणी में निलेश उनियाल, सुमित नौटियाल और दीपक सिंह पंवार सहित अन्य को शामिल किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष गौतम उनियाल ने कहा कि धनोल्टी क्षेत्र में रुद्र सेना को मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर ऐतिहासिक धर्म संसद में गौ सेवा और उत्तराखंड की जल, जंगल, जमीन की रक्षा का संकल्प लेने की बात कही।

# केदारनाथ में सुरक्षा का कड़ा घेरा, बम निरोधक दस्ते की सघन एंटी-सबोटाज चेकिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में चल रही तीर्थयात्रा अपने चरम पर है और इसी के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद पुलिस ने व्यापक और बहुस्तरीय सुरक्षा इंतजाम लागू कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर के निर्देशन में यात्रा मार्ग से लेकर मंदिर परिसर तक सुरक्षा व्यवस्था को अभेद बनाने के लिए विशेष रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है।



इसी क्रम में धाम के संवे. दनशील स्थानों पर बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा सघन एंटी-सबोटाज चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान मंदिर के प्रवेश द्वारों, प्रतीक्षा एवं विश्राम स्थलों सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अत्याधुनिक मेटल डिटेक्टर और अन्य उपकरणों से हर व्यक्ति एवं उनके सामान की गहन जांच की जा रही है।

सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से भी मजबूत किया गया है। सीसीटीवी कैमरों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है, जबकि ड्रोन के जरिए भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील बिंदुओं पर पैनी नजर बनाए रखी जा रही है।

सुरक्षा एजेंसियों का उद्देश्य न केवल यात्रा को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखना है, बल्कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को समय रहते चिन्हित कर उस पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना भी है।

रुद्रप्रयाग पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सुरक्षा जांच के दौरान पूर्ण सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस चौकी या ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को दें। प्रशासन का मानना है कि श्रद्धालुओं की सतर्कता और सहयोग से ही यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और निर्विघ्न बनाया जा सकता है।

# रुद्रप्रयाग पुलिस की तत्परता का सराहनीय उदाहरण

**■ केदारनाथ यात्रा मार्ग पर खोया मोबाइल ढूंढकर लौटाया, यात्री ने जताया आभार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए पुलिस प्रशासन निरंतर मुस्तैदी से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में एक बार फिर रुद्रप्रयाग पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण सामने आया है।

तीर्थ यात्री रानी देवी (पत्नी राहुल मराठा) निवासी गुणावत, थाना सदलपुर, जिला धार (मध्य प्रदेश), बाबा केदारनाथ के दर्शन कर वापस लौट रही थीं। इस दौरान रामबाड़ा से ऊपर पैदल मार्ग पर उनका मोबाइल फोन कहीं गिर गया। मोबाइल खोने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल खोजबीन शुरू कर दी।

कड़ी मशक्कत और सतत प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने आखिरकार मोबाइल फोन बरामद कर लिया। इसके पश्चात अपर उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, चौकी प्रभारी भीमबली एवं आरक्षी रामनारायण ध्यानी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रीमती रानी देवी को बुलाकर उनका मोबाइल सुरक्षित उनके सुपुर्द किया।

अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर यात्री की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने कहा कि उन्हें मोबाइल मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी, लेकिन रुद्रप्रयाग पुलिस की तत्परता और ईमानदारी ने उनका विश्वास और भी मजबूत कर दिया। पुलिस के इस मानवीय, सेवाभावी और जिम्मेदार रवैये की न केवल संबंधित यात्री, बल्कि अन्य श्रद्धालुओं द्वारा भी भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। केदारनाथ यात्रा के दौरान इस प्रकार की घटनाएं पुलिस की संवेदनशीलता और समर्पण को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं।

# ओलावृष्टि ने काश्तकारों की मेहनत पर फेरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद में बीते शनिवार शाम आई तेज आंधी, तूफान और ओलावृष्टि ने काश्तकारों की मेहनत पर पानी फेर दिया। जनपद के विकासखंड भिलंगना, चंबा, प्रताप. नगर, नैनबाग आदि क्षेत्रों में फलदार पौधों और गेहूं की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार, इस मौसम में तैयार हो रही आड़ू, खुबानी, अखरोट, कीवी जैसी नकदी फसलें पूरी तरह प्रभावित हुई हैं। कई स्थानों पर गेहूं की खड़ी फसल भी ओलावृष्टि की चपेट में आकर बर्बाद हो गई। सुनार गांव में बागवानी कर रहे किसान करण सिंह नेगी और धनपाल सिंह नेगी ने वर्षों की मेहनत और जमा पूंजी से अपने बगीचे तैयार किए थे। इस बार अच्छी आमदनी की उम्मीद थी, लेकिन अचानक आए तूफान और ओलावृष्टि ने उनकी उम्मीदों को झकझोर कर रख दिया। तेज हवाओं के साथ हुई ओलावृष्टि ने आड़ू, आम, अखरोट, खुमानी और कीवी के पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचाया है। फल झड़ गए और कई पौधे भी क्षतिग्रस्त हो गए।

वहीं चंबा मसूरी फलपट्टी के प्रगतिशील काश्तकार खुशीराम डबराल ने बताया कि कुछ दिनों से हो रही ओलावृष्टि व अतिवृष्टि के कारण गेंहू, जौ की फसल और मटर, आलू, सेब, नासपाती, आड़ू, खुमानी, पुलम आदि नगदी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। कहा कि शीतकाल में हुई अच्छी बर्फबारी से काश्तकारों को उम्मीद थी कि नगदी फसलों और फलों की अच्छी पैदावार होंगी। उन्होंने शासन प्रशासन से काश्तकारों हुई नुकसान का मुवावजा देने की मांग की।

## नैनबाग में आंधी-तूफान गेस्ट हाउस की छत उड़ी, पेड़ गिरने से मार्ग बाधित

**नैनबाग।** नैनबाग क्षेत्र में शनिवार सायंकाल को तेज आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के कारण नैनबाग स्थित लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ के गेस्ट हाउस की छत का एक हिस्सा उड़ गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

आंधी-तूफान के चलते क्षेत्र में कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे ऐंदी मोटर मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। बाद में जेसीबी मशीन की मदद से मार्ग को खुलवाया गया। तेज हवाओं के प्रभाव से कई मकानों की छतों को भी नुकसान पहुंचा है।

वहीं पट्टी लालूर क्षेत्र के कई गांवों में भारी बारिश और ओलावृष्टि से नगदी फसल मटर, टमाटर और शिमला मिर्च को भारी क्षति पहुंची है, जिससे किसानों की नगदी फसलों का नुकसान है। आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति भी बार-बार बाधित रही, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि, बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है और भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है।

# देवप्रयाग पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** देवप्रयाग नगर पालिका की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जहां एक ओर संगम तट पर प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं और वहां शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव है, वहीं पालिका की ओर से घनी आबादी वाले क्षेत्र में जर्जर शौचालय के पुनरुद्धार की कवायद शुरू कर दी गई है। इस निर्णय का स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध जताया है।

रविवार को नगर पालिका कार्यालय बंद होने के कारण आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने अधिशासी अधिकारी राहुल भंडारी को फोन के माध्यम से ज्ञापन भेजकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

मोहल्लावासियों ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2012 में इसी स्थान पर संचालित शौचालय को दुर्गंध और गंदगी के कारण बंद कराया गया था, जिससे आसपास के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को राहत मिल सके। उनका कहना है कि पिछले दो वर्षों से संगम तट पर शौचालय निर्माण की फाइल टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद लंबित पड़ी है, जबकि वहां प्रतिदिन हजारों तीर्थयात्री पहुंचते हैं। भूमिधारक दीपक भट्ट ने भी मामले में आपत्ति जताई है।

उन्होंने कहा कि संबंधित भूमि नगरपालिका के स्वामित्व में नहीं है और यदि विवादित भूमि पर अवैध रूप से सरकारी धन खर्च किया गया तो इसके लिए पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि यहां शौचालय के स्थान पर कोई अन्य जनोपयोगी कार्य किया जाए, तो वह भूमि उपलब्ध कराने को तैयार हैं।

# मसूरी विधानसभा में करोड़ों की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के गंगोल पंड़ितवाड़ी के शिव मंदिर प्रांगण में गंगोल पंड़ितवाड़ी, गल्जवाड़ी, गजियावाला एवं बिष्टगांव ग्राम पंचायतों के लिए रुपये 152.99 लाख का शिलान्यास एवं रुपये 54.32 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण किया। यह कार्य विधायक निधि, मंडी परिषद एवं एमडीडीए के माध्यम से स्वीकृत किए गए हैं।



■ कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा-क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही राज्य सरकार

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से स्थानीय लोगों को बेहतर सड़क, सुरक्षा एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में हमारी डबल इंजन सरकार "जनता की सरकार, जनता के द्वार" के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि की पहली जिम्मेदारी क्षेत्र की जनता के प्रति होती है, परिवार बाद में आता है और इसी भावना के साथ सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के विकास को और अधिक गति देने के लिए शीघ्र ही लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से देहरादून-मसूरी मार्ग पर शिव मंदिर के निकट नए पुल का शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ-साथ, घट्टीखोला पुल निर्माण एवं किमाड़ी मार्ग निर्माण को लेकर भी मंत्री जोशी ने घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण में महिलाओं की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मंत्री जोशी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान का नाटक विपक्ष द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले विपक्ष को आने वाले समय में देश की महिलाएं करारा जवाब देंगी। इस अवसर पर भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह रावत, ग्राम प्रधान सुनील क्षेत्री, ग्राम प्रधान पूनम देवी रेगमी, ग्राम प्रधान भारती जवाडी, मंडल महामंत्री किरन, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नीतू जुयाल, सीमा पुंडीर, किशन पुंडीर, पूर्व प्रधान लीला शर्मा, अभिषेक, सपना मल्ल, माया राणा, पूर्व बीडीसी ज्योति ढकाल, नीतू पुण्डीर, धीरज ठाकुर, महेन्द्र पुण्डीर, वार्ड अध्यक्ष अभिषेक रावत आदि मौजूद रहे।

## एमडीडीए की 114.75 लाख की लागत से सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास

इस दौरान गंगोल पंड़ितवाड़ी में एमडीडीए द्वारा 114.75 लाख रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं गल्जवाड़ी गंगोल पंड़ितवाड़ी में 09.22 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन के पीछे सुरक्षा दीवार एवं गार्ड रूम का निर्माण कार्य लोकार्पित किया गया। मंडी परिषद के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगोल पंड़ितवाड़ी की हरिजन बस्ती में भरानी नदी के किनारे 16.28 लाख रुपये की लागत से सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य लोकार्पित किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत गजियावाला में 28.46 लाख रुपये की लागत से पूर्व निर्मित टिन शेड की सुरक्षा हेतु चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

## विधायक निधि के तहत भी कई महत्वपूर्ण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

विधायक निधि के तहत भी कई महत्वपूर्ण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया। इनमें गल्जवाड़ी के गदूवाला में 05 लाख रुपये की लागत से सुरक्षा दीवार एवं मिट्टी भरान कार्य, गजियावाला में 04.11 लाख रुपये की लागत से सीसी मार्ग निर्माण, 08 लाख रुपये की लागत से आंतरिक सीसी मार्ग निर्माण, गंगोल पंड़ितवाड़ी में 01.87 लाख रुपये के सुरक्षात्मक कार्य, इन्द्रानगर में 03.90 लाख रुपये की लागत से नाले पर बाढ़ नियंत्रण तटबंध, तथा गजियावाला में 05.88 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक केंद्र के निकट हॉल निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त गजियावाला में 05 लाख रुपये की लागत से सुरक्षात्मक कार्य का लोकार्पण किया गया तथा बिष्टगांव के भारतवाला में 04.84 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य भी शामिल है।

# स्वतंत्रता सेनानी शहीद कैप्टन दल बहादुर थापा को किया याद

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य नेपाली भाषा समिति व समस्त सहयोगी संस्थाओ की और से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद कैप्टन दल बहादुर थापा (आजाद हिंद फौज) को उनके 81वें शहीद दिवस पर नमन किया गया।



वहीं, मूर्ति अनावरण समारोह भारी वर्षा और खराब मौसम के कारण स्थगित करना पड़ा। शहीद कैप्टन दल बहादुर थापा व शहीद वीर केसरी चंद के शहीद दिवस पर उत्तराखंड राज्य नेपाली भाषा समिति के अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा की अध्यक्षता में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शर्मा ने कहा कि शहीद कैप्टन दल बहादुर थापा ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद फौज की टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए बर्मा कोहिमा सीमापर वीरता से लड़े पर दुर्भाग्य से उन्हें 28 जून 1944 को अंग्रेजों ने युद्धबंदी बना लिया। उनपर देशद्रोह का मुकदमा चलाकर मृत्युदण्ड दिया गया। 3 मई 1945 को आजादी के दीवाने इस रणबाँकुरे ने हँसते हँसते फाँसी के फंदे को गले लगाकर भारतमाता की आजादी के लिये अपने प्राणों का बलिदान दिया। इनके अदम्य साहस और वीरता से प्रभावित होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने इन्हें कैप्टन पद से सम्मानित किया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बालकृष्ण बरालजी, राजेंद्र मल्ल, पूजा सुब्बा चंद, ओपी गुरूंग, बालकृष्ण बराल, समुदाय की विभिन्न संघ-संस्थाओं व उपजातीय समितियों के अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** ब्रह्मकमल शक्ति संस्था की और से रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शिव मंदिर, परीमहल, इंजीनियर एनक्लेव आदि के सैकड़ों लोगों ने जांच कराई।



इस अवसर पर शिव मंदिर के सामुदायिक भवन में समिति के अध्यक्ष अभिनव थापर व मंदिर की मुख्य सेविका मीरा बाई ने सभी उपस्थित डॉक्टरों को रामजी का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के संयोजक व संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अभिनव थापर ने कहा कि संस्था समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

डॉ. अंशिका जैन, डॉ. निमिषा गुप्ता कला तथा डॉ. विवेक कुमार तिवारी (डेंटिस्ट) ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान कीं और मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया।

शिविर में उपाध्यक्ष अमिता आहूजा, अवधेश कुमार, पिया थापा, मंजू त्रिपाठी, शुभम सैनी, आलोक मेहता, स्वाति नेगी, शैलेश सिंह, प्रवीण मोगा व संजना आदि शामिल रहे।

# श्रीनगर के दो दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत आगामी 4 व 5 मई को अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के दौरे पर रहेंगे। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान वह नगर निगम श्रीनगर व खिर्सू विकासखण्ड में मूलभूत सुविधाओं व विकास कार्यो की समीक्षा करेंगे, साथ ही क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे। डॉ. रावत इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसम्पर्क कर आम लोगों की समस्याओं को भी सुनेंगे।



■ विकासखण्ड खिर्सू व नगर निगम श्रीनगर में विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा

■ क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में करेंगे जनसम्पर्क, लोगों की सुनेंगे समस्याएं

कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने अपने क्षेत्र भ्रमण पर रवाना होने से पहले बताया कि वह 4 व 5 मई को अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के दौरे पर रहेंगे। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान वह क्षेत्र के विकास कार्यों का जायजा लेंगे साथ ही जनसम्पर्क कर आम लोगों से भी मिलेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि सोमवार 4 मई को वह श्रीनगर में पुलिस विभाग के सभागार में नगर निगम श्रीनगर की समीक्षा बैठक लेंगे। जिसमें निगम क्षेत्र व आस-पास के इलाकों की पेयजल व्यवस्था, बाढ़ सुरक्षा और सीवर लाइन सहित अन्य विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके उपरांत पीएम-श्री राजकीय बालि. का इंटर कॉलेज श्रीनगर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। डॉ. रावत कोठगी में आयोजित पौराणिक 'कठबद्दी मेले' में शामिल होने के उपरांत खण्डखिल, चोपड़ा, छोया-बग्याली व चौंरीखाल-गोदा में जनसम्पर्क करेंगे और आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। इसके बाद डॉ. रावत बूंखाल-कालिंका मंदिर में दर्शन करेंगे साथ ही मंदिर परिसर में चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण भी करेंगे।

मंगलवार को डॉ. रावत विकासखण्ड खिर्सू के सभागार में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे, जिसमें विकासखण्ड के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेंगे, साथ ही नई योजनाओं पर चर्चा भी करेंगे। समीक्षा बैठक में स्थानीय प्रशासन सहित कृषि, उद्यान, पंचायतीराज, सहकारिता, पर्यटन आदि विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके उपरांत वह खिर्सू में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।


## सूचना

मेरे दानपत्र भूमि खसरा सख-940 रकबा 209 वर्गमीटर, जो तहसील विकासनगर में बही संख्या 1, जिल्द 6077 के पृष्ठ 225 से 250 पर क्रमांक 7051 पर 27 जून 2024 को विधिवत रजिस्टर एवं दर्ज है। जो कि दानदाता श्री राजाराम पुत्र श्री रामदास निवासी जमनपुर सेलाकुई तहसील विकासनगर जिला देहरादून दान स्वरुप दी गयी थी। जिसका दानग्रहीता श्री रामदास पुत्र स्वख हरिदास निवासी जमनपुर सेलाकुई विकासनगर जिला देहरादून है । उक्त भूमि के दानपत्र में से अंतिम पृष्ट कहीं खो गया हैं। यदि किसी को मिले कृपा सम्पर्क करे - शिवम् मो. - 6399118246

**समक्ष अपर आयुक्त गढ़वाल मंडल, देहरादून**

**अपील संख्या: 58 वर्ष 2024-25**

**(मूल वाद संख्या 5 वर्ष 2024 उद्भूत)**

**1.** श्री विकास उनियाल पुत्र श्री धनी राम उनियाल, निवासी जौलीग्रांट, देहरादून **2.** श्री नवीन रावत पुत्र श्री राजपाल सिंह रावत, निवासी जौलीग्रांट, देहरादून **3.** श्री बृजेश उनियाल पुत्र श्री हरिकृष्ण उनियाल, निवासी पशुलोक, बीरपुर खुर्द, ऋषिकेश

**बनाम** .....**अपीलकर्ता**

**उत्तराखंड राज्य, द्वारा जिलाधिकारी (कलेक्टर)** ......**प्रत्यर्थी**

**1.** मैसर्स शिवालिक प्रोजेक्ट डेवलपमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा प्रतिनिधि संजय आनंद पुत्र श्री एम.डी. आनंद, निवासी देहरादून **2.** श्रीमती अनीता सकलानी पत्नी श्री दिनेश सकलानी, निवासी मकान नंबर 184, गली नंबर 8, जैतपुर, दिल्ली **3.** श्रीमती पूनम देवी पत्नी श्री शरद सिंह निवासी ग्राम धाम स्यालसी, जिला टिहरी **4.** श्रीमती मीना देवी पत्नी श्री जय सिंह, निवासी ग्राम डोनी पल्ली पट्टी, ।। गाँव, पोस्ट ऑफिस मैगाधार, तहसील घनसाली, जिला टिहरी **5.** श्रीमती राखी भंडारी पत्नी श्री सुरेंद्र सिंह भंडारी, निवासी तेग बहादुर रोड, देहरादून

.........**औपचारिक प्रत्यर्थी**

चूंकी उपरोक्त नामांकित आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन वादग्रस्त सम्पत्ति पर अधिकार हेतु योजित किया गया है।

अतः आपको एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि जिस किसी को उक्त आवेदन के संबध में कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 12.06.2026 को प्रातः 10 बजे न्यायालय अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल, देहरादून में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें। उक्त तिथि के बाद कोई आपत्ति ग्रहण नही की जायेगी और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा तथा उक्त आवेदन पर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 24-04-2026 को जारी किया गया। **प्रबन्धक**

**अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल देहरादून**


# खानपुर में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म पर महिला आयोग सख्त

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने हरिद्वार जनपद के खानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चारा लेने गयी एक 15 वर्षीय हिंदू नाबालिग के साथ विशेष समुदाय के तीन युवकों द्वारा अपहरण व सामूहिक दुष्कर्म किए जाने की जघन्य घटना पर स्वत: संज्ञान लेते हुए अपनी कड़ी आपत्ति और गहरा दु:ख प्रकट किया है।



■ आयोग अध्यक्ष कुसुम कडवाल ने आरोपियों और लापरवाह पुलिसकर्मियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

जानकारी के मुताबिक पीड़िता 26 अप्रैल को पशुओं के लिए चारा लेने गई थी, जिसके पश्चात आरोपियों द्वारा उसका अपहरण कर लिया गया। पीड़िता 27 अप्रैल को अचेत अवस्था में प्राप्त हुई थी, जिसके उपरांत परिजनों द्वारा तत्काल पुलिस को सूचित कर लिखित तहरीर दी गई थी। इस जघन्य प्रकरण को अत्यंत निंदनीय और देवभूमि की अस्मिता पर प्रहार बताते हुए अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि राज्य में इस प्रकार की अमानवीय घटनाओं और श्लव जिहादश जैसी घृणित मानसिकता को किसी भी स्थिति में फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक पहचान के आधार पर नाबालिग बेटियों को निशाना बनाने वाले अपराधियों के विरुद्ध राज्य सरकार और आयोग अत्यंत कठोर नीति अपना रहे हैं।

आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल हरिद्वार के एसपी देहात, शेखर सुयाल से दूरभाष पर वार्ता की और मामले की विस्तृत वस्तुस्थिति से अवगत हुईं। वार्ता के दौरान उन्होंने पुलिस प्रशासन को कड़े निर्देश दिए कि इस अमानवीय कृत्य में संलिप्त एक भी अपराधी कानून के शिकंजे से बाहर नहीं रहना चाहिए।

आयोग की अध्यक्ष ने इस मामले में स्थानीय पुलिस स्तर पर बरती गई घोर लापरवाही और पीड़िता पर बयान बदलने के लिए डाले गए कथित दबाव पर तीखा रोष व्यक्त किया है।

परिजनों द्वारा दी गई शिकायत के बावजूद कार्यवाही में विलंब और आरोपियों को लाभ पहुँचाने के प्रयासों पर अध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराधियों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से साथ देने वाले और मामले को दबाने का प्रयास करने वाले पुलिसकर्मी तथा अधिकारी भी अपराध में समान रूप से भागीदार हैं। खानपुर थाना प्रभारी के निलंबन को एक आवश्यक कदम बताते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि कर्तव्य पालन में विफल रहे समस्त संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय जाँच संस्थित कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

अध्यक्ष ने पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हो और उन पर पॉक्सो अधिनियम सहित सुसंगत कठोर धाराओं के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जाए।

कुसुम कंडवाल ने जानकारी देते हुए बताया है कि आयोग के प्रतिनिधि जल्द ही व्यक्तिगत रूप से पीड़िता और उसके परिवार से मुलाकात करेंगे ताकि उन्हें हर संभव कानूनी और मानसिक संबल प्रदान किया जा सके। उन्होंने पीड़िता की सुरक्षा एवं उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य महिला आयोग इस मामले की निरंतर और गहन निगरानी कर रहा है तथा शासन-प्रशासन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को उनके कृत्यों की कड़ी से कड़ी सजा मिले।

# मनुष्य को मेहनत और संयम से ही लक्ष्मी की प्राप्ति होगी: प्रसाद

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** हर्रावाला स्थित शिव मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन का आयोजन अत्यंत भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण पूरी तरह से कृष्णमय हो गया।



■ भागवत ज्ञान यज्ञ में श्रद्धा और भक्ति के रंग बिखरे

कथा व्यास कालिका प्रसाद (कान्हा) ने अपने प्रवचनों में कहा कि कलियुग में मनुष्य को पापों से मुक्ति पाने का एकमात्र मार्ग श्रीमद् भागवत महापुराण का ज्ञान यज्ञ कराना और उसका श्रद्धापूर्वक श्रवण करना है। उन्होंने कहा कि हरि कथा सुनने मात्र से ही मन में हरि का चिंतन स्वत: उत्पन्न हो जाता है।

पूज्य व्यास ने उदाहरण देते हुए कहा कि कई लोग अपने घरों में कछुए और घोड़े के चित्र या प्रतिमा रखकर यह मानते हैं कि इससे लक्ष्मी का वास होगा, लेकिन वास्तविकता यह है कि जिस प्रकार घोड़े से कठिन परिश्रम कराया जाता है और कछुआ अपने शरीर को कठोर बनाता है, उसी प्रकार मनुष्य को भी मेहनत और संयम से ही लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

उन्होंने बताया कि इस यज्ञ के श्रवण और आयोजन से मनुष्य का क्रोध समाप्त होता है। शंख के उदाहरण से समझाते हुए कहा कि जैसे शंख बिना फूंके नहीं बजता, वैसे ही मूर्ख व्यक्ति भी बिना उकसाए प्रतिक्रिया नहीं देता। इसलिए मनुष्य को अपने दिल और दिमाग से काम लेना चाहिए और बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए तथा उन्हें धर्म के कार्यों में लगाना चाहिए।कथा के अंत में पूज्य व्यास ने धुंधली और गोकर्ण की प्रेरणादायक कथाओं का श्रवण कराया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कालिका प्रसाद (कान्हा) की पूरी टीम, आचार्य उमाकांत भट्ट, संदीप बडोनी, दीपक थपलियाल, दीपांशु पोखरियाल और विनोद सती ने मधुर भजनों के माध्यम से वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। समिति के अध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह चौहान ने कहा कि समिति को हर वर्ष इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का आयोजन करते रहना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व मेयर सुनिल उनियाल गामा, विक्रांत सिंह चौहान, मूलचंद शीर्षवाल (पूर्व ग्राम प्रधान हर्रावाला) व संजय सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# कैनाल रोड निवासियों ने किया मंत्री जोशी का अभिनंदन और स्वागत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को कैनाल रोड स्थित वैली इनक्लेव में आयोजित आभार एवं सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग किया, जहां क्षेत्रवासियों ने प्रस्तावित वाइन शॉप को बंद कराने के लिए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का आभार व्यक्त किया।

■ वाइन शॉप बंद कराने के लिए आयोजित किया आभार कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने शराब की प्रस्तावित दुकान के विरोध प्रदर्शन में रही मातृ शक्ति को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भावनाओं और समाज के हितों का सम्मान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

इसी क्रम में आज आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने मंत्री गणेश जोशी का आभार जताया। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न समस्याओं के संबध में अपनी समस्याएं भी रखीं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने क्षेत्रवासियों को सकारात्मक आश्वासन देते हुए प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान का भरोसा भी दिलाया।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व कैनाल रोड पर वाइन शॉप खोलने के खिलाफ स्थानीय लोगों, विशेषकर महिलाओं द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया था। उस दौरान मंत्री गणेश जोशी स्वयं मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया था कि उनकी भावनाओं के अनुरूप निर्णय लिया जाएगा।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, सुरेंद्र राणा, आशीष थापा, नरेश पुंज, निरंजन डोभाल, पूनम नौटियाल, समीर डोभाल, संजय नौटियाल, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

**इन महिलाओं का किया गया सम्मान**

बीना सक्सेना, दुर्गावती, रश्मि धामी, अयोध्या गौतम, देवस्वरी सेमवाल, चंद्र कला नेगी, भावना रोथान, अंजना भगत, राज्य लक्ष्मी कला, कांति कुशवाहा, ममता राजपूत, रेनू नवानी, सुशीला, शुम्मी गोदियाल आदि।


## कार्यालय- नगर पालिका परिषद् दुगड्डा, पौडी गढ़वाल

पत्रांक: 131 / नि०को० / 2026-27 दिनांक: 02.05.2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद, दुगड्डा द्वारा निम्न निर्माण कार्य हेतु पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदा दिनांक 11/05/26 को अपराहन 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को ही अपराह्व 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ निम्नानुसार धरोहर धनराशि एफ०डी०आर० / एन०एस०सी०/ सी०डी०आर० बतौर जमानत राशि के रूप में जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, दुगड्डा के नाम बन्धक हो, लगाया जाना आवश्यक है। निविदा के साथ रू० 100/ का स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट लगा संलग्न करना अनिवार्य है । सशर्त एवं कालातीत निविदा स्वीकार नही की जायेंगी । प्राप्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अन्य शर्ते व विवरण पालिका कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म पालिका कार्यालय में दिनांक 07/05/26 से दिनांक 08/05/26 तक कार्यालय समय / कार्यालय दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस को निविदा तिथि मानी जायेगी।

| क्र. सं | कार्य का नाम | मद का नाम | कार्य की लागत | धरोहर राशि 3% | निविदा प्रपत्र मूल्य( 18% GST के साथ) | कार्य पूर्ण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद् दुगड्डा के वार्ड संख्या 04 में गुड्डी देवी के घर के आगे से श्री मदन के मुर्गी फार्म वित्त तक प्रोटेक्शन कार्य हेतु पल्म कांक्रीट का कार्य। | राज्य वित्त | 5.62 लाख | 17,000 | 1180 | 60 दिन |
| 2 | वार्ड नं0 1 में गैस गोदाम के बगल में प्रस्तावित रैन बसेरा कार्य की सुरक्षा हेतु नदी साइड में प्लम आदि का कार्य। | | 4.79 लाख | 15,000 | 590 | 60 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, दुगड्डा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, दुगड्डा**

## अदालती सूचना

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय पौडी गढ़वाल ।**

**वै0 वा0सं0-45 सन 2025**

श्रीमती कविता शाह जग-43 वर्ष पत्नी श्री विजय भास्कर पुत्री श्री राजेन्द्र शाह, निवासी न्यू विकास कालौनी श्रीनगर रोड, समीप सतपाल धर्मशाला पौड़ी गढ़वाल।

.............प्रार्थिनी

**बनाम**

श्री विजय भास्कर पुत्र श्री बिन्जीलाल निवासी यमनोत्री एन्कलेव, लेन न०-2 चन्द्रबदनी रोड पो० मोहब्बेवाला, देहरादून

.............विपक्षी

**नोटिस बनाम:**-श्री विजय भास्कर पुत्र श्री बिन्जीलाल निवासी यमनोत्री एन्कलेव लेन न०-2. चन्द्रबदनी रोड, मोहब्बेवाला, देहरादून

अर्न्तगतधारा 25 (I) (II) (III) U.C.C

हरगाह आप नोटिस को सूचित किया जाता है कि आपकी पत्नी द्वारा इस न्यायालय में आपके खिलाफ विवाह विच्छेद की डिक्री चाहने बावत एक बाद प्रस्तुत किया है जिसगे सुनवाई हेतु विं०. 25.05.2026 की तिथि नियत है, जिसमें आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को ठीक 10 बजे प्रात: असलतन न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही करे। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक तरफा सुनवाई की जायेगी।

आज दि० 25.04.26 न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर द्वारा जारी।

आदेशानुसार
(प्रशासनिक अधिकारी)
कुटुम्ब न्यायालय पौडी गढ़वाल

# देसंविवि पहुंचे मुख्यमंत्री धामी, प्रज्ञेश्वर महादेव में की विशेष पूजा

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज पहुँचे और आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। उन्होंने प्रदेश एवं राष्ट्र की समृद्धि एवं लोक-कल्याण की कामना की। शांतिकुंज आगमन पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रज्ञेश्वर महाकाल मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा राष्ट्र के वीर शहीदों की याद बने शौर्य दीवार में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने देव संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित यज्ञीय कार्यक्रम में भाग लेते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य राष्ट्र की उन्नति एवं विश्व शांति के लिए आहुतियाँ दीं। वहीं उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा शांतिकुंज आधुनिक शिक्षा एवं प्राचीन ऋषि परंपरा का अद्भुत संगम है। मुख्यमंत्री ने गायत्री परिवार द्वारा संचालित व्यसन मुक्ति एवं संस्कार निर्माण अभियानों की सराहना करते हुए इसे 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में एक महत्वपूर्ण आधार बताया। मुख्यमंत्री गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में सन् 1926 से निरंतर प्रज्वलित 'अखंड दीप' के दर्शन कर पूज्य गुरुदेव एवं वंदनीय माताजी के तप को नमन किया। मुख्यमंत्री ने संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी से भेंटकर आशीर्वाद लिया और विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन पाया। संस्था की अधिष्ठात्री ने मुख्यमंत्री को गायत्री महामंत्र लिखित चादर, युग साहित्य आदि भेंट किया। इस अवसर पर केरल की विशेष नस्ल वाली बछड़ा का पूजन कर गौपालन का संदेश दिया। इस अवसर पर महिला मण्डल प्रमुख श्रीमती शैफाली पण्ड्या सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रवि चौहान हत्याकांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## जमीनी विवाद में 1.5. लाख की सुपारी देकर कराई थी हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** रवि चौहान हत्याकांड के मास्टरमाइंड पंकज शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने जमीन के विवाद में अपने भांजे के साथ मिलकर 1.50 लाख की सुपारी देकर रिश्ते में चाचा लगने वाले रवि चौहान की हत्या कराई थी। सुपारी लेकर हत्या करने वाले दानिश और नदीम को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। 17 अप्रैल को ज्वालापुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सीतापुर निवासी मृतक रवि चौहान की पत्नी दिव्या चौहान ने उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी थी। 19 अप्रैल को रवि चौहान का शव पथरी पावर हाउस से बरामद हुआ था। जांच में हत्या का खुलासा होने पर गुमशुदगी को हत्या में तरमीम करते हुए विवेचना एसएसआई हर्ष अरोड़ा को सौंपी गयी थी। पुलिस जांच में मृतक रवि चौहान का पंकज शर्मा से जमीन को लेकर विवाद होने की बात सामने आयी थी। जिसमें पंकज ने अपने भांजे गौतम के साथ मिलकर रवि चौहान को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया और ज्वालापुर निवासी दानिश अली और नदीम को 1.50 लाख रुपये की सुपारी दी गई। सुपारी लेकर दानिश और नदीम ने रवि चौहान की हत्या कर शव नहर में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों शूटरों को 23 अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पंकज शर्मा फरार हो गया था। फरार चल रहे पंकज शर्मा की तलाश में जुटी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे कोर्ट चौक रोशनाबाद से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पंकज ने कबूल किया कि उसने हत्या से पहले 40 हजार और काम होने के बाद 1.10 लाख रुपये नगद दानिश-नदीम को दिए थे। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया और दूसरे आरोपी पंकज शर्मा के भांजे गौतम की तलाश में जुट गयी है।

# प्लॉट बेचने के नाम पर 15.50 लाख की ठगी

### विरोध करने पर मिली जान से मारने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। पीड़ित को रजिस्ट्री होने और कब्जा मिलने के बाद पता चला कि वह जमीन पहले ही किसी और को बेची जा चुकी है। जगजीतपुर निवासी राजदीप सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के लिए प्लॉट ढूंढ रहे थे, तभी उनकी मुलाकात मोहित सैनी, रोहित सैनी और धनीराम से हुई। इन लोगों ने ग्राम नूरपुर पंजनहेड़ी में दो प्लॉट अपने बताकर 15 लाख 50 हजार रुपये में सौदा तय किया। राजदीप ने भरोसा करके नगद, यूपीआई और आरटीजीएस के जरिए पूरी रकम चुका दी। जुलाई 2025 में उनकी पत्नी के नाम रजिस्ट्री भी हो गई। लेकिन जब सितंबर में वह वहां काम शुरू कराने पहुंचे, तो पता चला कि जमीन 2016 में ही किसी और को बेची जा चुकी है। जब उन्होंने आरोपियों से पैसे मांगे, तो उन्हें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी मिली। पुलिस में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग को ले जाने वाले मां-बेटे गिरफ्तार, 8 घंटे में किशोरी बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग बालिका को पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मात्र 8 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया है। जो बालिका को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गए थे।

कनखल कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बीती 2 मई को कनखल निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनकी नाबालिग बेटी अचानक कहीं चली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कनखल पुलिस ने तुरंत टीम का गठन किया। पुलिस ने इलाके के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और तकनीकी जांच की मदद से पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर टीम ने सिडकुल क्षेत्र के रसूलपुर में छापेमारी की। वहां से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी अक्षय कुमार और उसकी मां ने बच्ची को बहला-फुसलाकर शादी कराने के मकसद से अपने साथ रखा था। पुलिस ने आरोपियों पर पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। महज 8 घंटे के भीतर अपनी बेटी को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने पुलिस टीम का धन्यवाद किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गंभीर सिंह तोमर, ललित मोहन, जसबीर सिंह, प्रबल चौहान, महिला कांस्टेबल रेखा शर्मा शामिल रही हैं।

## एक नजर ......

### अलकनंदा घाट की झुग्गियों में बिक रहा था नशा, भारी मात्रा में गांजा और शराब जब्त

हरिद्वार। नगर कोतवाली क्षेत्र के अलकनंदा घाट के पास अवैध नशे के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। भैरव सेना के पदाधिकारियों ने मौके से गांजा और शराब पकड़कर पुलिस के हवाले की है। सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित चौहान ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि टिंकू और फिरोज नाम के व्यक्ति झुग्गियों में अवैध रूप से गांजा और शराब बेच रहे हैं। जब टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी वहां से भाग निकले, लेकिन तलाशी में झुग्गी के अंदर से 800 ग्राम गांजा, 114 पव्वे मसालेदार देसी शराब और 18 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग जगहों पर दबिश दी जा रही है।

### शादी का झांसा देकर मजदूर को ठगा, घर से जेवर व नकदी लेकर पत्नी फरार

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक मजदूर को शादी और विश्वास के जाल में फंसाकर लाखों की ठगी की गई है। लालजीवाला निवासी बाबूराम सैनी ने बताया कि करीब आठ महीने पहले उनकी मुलाकात सहारनपुर की रहने वाली सविता से हुई थी। दोनों ने मंदिर में शादी की और साथ रहने लगे। इसके बाद सविता ने अपने परिचित प्रवीण सिंह के साथ मिलकर बाबूराम को एक प्लॉट दिलाने का लालच दिया। बाबूराम ने उन पर भरोसा कर चेक और नगद के माध्यम से करीब 8 लाख 45 हजार रुपये दे दिए। काफी समय बीतने के बाद भी जब रजिस्ट्री नहीं हुई और आरोपी बहाने बनाने लगे, तो एक दिन सविता घर से सोने की अंगूठी, कुंडल, हार और अन्य गहनों के साथ-साथ 50 हजार नगद लेकर फरार हो गई। उसने प्लॉट का एग्रीमेंट भी चोरी कर लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अब इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### निर्मल बस्ती में झुग्गी को लेकर भिड़े दो पक्ष, छह गिरफ्तार

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर क्षेत्र की निर्मल बस्ती में झुग्गी-झोपड़ी के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में दोनों पक्षों के छह लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, निर्मल बस्ती में लंबे समय से झुग्गी को लेकर दो गुटों में तनाव चल रहा था। इससे पहले भी पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया था, लेकिन शनिवार शाम विवाद फिर गहरा गया और नौबत मारपीट तक आ पहुँची। श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत सक्रिय रानीपुर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके से कुलदीप, संदीप, दीपक, धर्मेंद्र, जीतू और रंजीत (सभी निवासी निर्मल बस्ती) को दबोच लिया। कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को धारा 170 बीएनएस के तहत हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। टीम में चौकी प्रभारी चरण सिंह, कांस्टेबल अर्जुन सिंह, वीर सिंह और संजय बलूनी शामिल रहे।

# साथियों सहित भाजपा में शामिल हुए कुमाउं सांस्कृतिक एकता समिति के अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कुमाऊं सांस्कृतिक एकता सेवा समिति के अध्यक्ष संदीपचंद्र भट्ट साथियों सहित भाजपा में शामिल हो गए। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक के खन्ना नगर स्थित कार्यालय पर मंत्री प्रतिनिधि मुकेश कौशिक ने संदीपचंद्र भट्ट और उनके साथियों को भाजपा की सदस्यता दिलायी। सतीशचंद्र भट्ट और उनके साथियों का स्वागत करते हुए मुकेश कौशिक ने कहा कि भाजपा में ही समाज के सभी वर्गों के हित सुरक्षित हैं। सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर लोग निरंतर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मेयर प्रतिनिधि सुभाष जैसल ने कहा के संदीप भट्ट जैसे समाजसेवी कार्यकर्ता के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार अरोड़ा ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में विरोधी दलों की जमानत जब्त कराने का काम करेंगे। पूर्व जिला महामंत्री विदित शर्मा ने कहा कि भाजपा आने वाले विधानसभा चुनाव में पुनः तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता, पूर्व मंडल महामंत्री सिद्धार्त कौशिक, मंडल मंत्री प्रदीप मेहता, श्यामकृष्ण पांडेय, हनी अग्रवाल, मोहित पांडेय, सोनू भट्ट, रोहित पांडे, त्रिभुवन पुनेठा, अश्वनी पांडे, लक्ष्मीदत्त चिलकोटी, दीपक भट्ट, संजय जोशी, दुर्गादत्त गरकोटी, भोला भट्ट, दीगर तिवारी, महेश कालोनी, नितिन शर्मा, विपिन शर्मा, शिवकुमार, भुवन जोशी, दीपक जोशी, मनोज भट्ट, विष्णु पुनेठा आदि शामिल रहे।

# कनखल में 'पिल्ला गैंग' के आतंक पर पुलिस का एक्शन

## एक सदस्य गिरफ्तार व दो नाबालिग हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में वर्चस्व की जंग और सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने वाले शपिल्ला गैंगश के खिलाफ पुलिस ने श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और दो नाबालिगों को संरक्षण में लिया है। इसके साथ ही सड़कों पर हुड़दंग मचाने वाली 8 मॉडिफाइड मोटरसाइकिलों को भी सीज किया गया है। जानकारी के अनुसार जगजीतपुर, पीठ पुलिया, फुटबॉल ग्राउंड और गुरुकुल कांगड़ी जैसे इलाकों में मारपीट की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस बेहद सतर्क थी। संदिग्धों को पकड़ने के लिए इन क्षेत्रों में सादे कपड़ों में पुलिस टीमें तैनात की गई थीं। बीती 10 अप्रैल को कुलदीप नामक व्यक्ति के बेटे के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 11 संदिग्धों को चिन्हित किया था। ये युवा सोशल मीडिया पर अपनी धमक जमाने के लिए मारपीट करते थे और फिर उसका वीडियो वायरल कर देते थे। पुलिस अब इस गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

कनखल कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगाड़ने और सोशल मीडिया के जरिए दहशत फैलाने वाले किसी भी तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। पकड़े गए युवक इंस्टाग्राम पर वीडियो डालकर अपना दबदबा दिखाना चाहते थे। इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इंदुपुरम कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय आर्यन सैनी को गिरफ्तार किया है और दो नाबालिगों को संरक्षण में लिया है। पुलिस टीम में, कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनुज सिंह, उपनिरीक्षक सुधांशु कौशिक, गंभीर तोमर, प्रकाश चंद्र, ललित मोहन, हेड कांस्टेबल जितेंद्र शाह,कांस्टेबल सत्येंद्र रावत, उमेद सिंह, प्रलव चौहान शामिल रहे।

# प्रोविजन स्टोर में चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव दिनारपुर में एक प्रोविजन स्टोर में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को सुभाषगढ़ तिराहे से बुलोरो पिकअप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार गांव दिनारपुर में एक प्रोविजन स्टोर में गुरुवार की रात्रि में अज्ञात व्यक्ति ने चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे, पीड़ित दीपक कुमार ने दुकान में हुई चोरी की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पथरी थानाध्यक्ष ने चोरी का खुलासा करने के लिए एक टीम का गठन किया, पुलिस ने घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों को चौक करते हुए मुखबिर तंत्र को शक्रिय किया गया, शनिवार रात्रि को मुखबिर की सूचना पर सुभाषगढ़ से हरिद्वार की ओर जा रही बुलोरो पिकअप की फीलिंडग लगाई इस दौरान सुभाषगढ़ तिराहे पर बुलोरो को आता देख उसे रुकने का इशारा किया, बुलोरो चालक बुलोरो को छोड़कर भागने लगा पुलिस ने आरोपी को घेर घोट कर पकडा, पुलिस पूछताछ में आरोपी ने दिनारपुर प्रोविजन स्टोर में हुई चोरी करना भी कबूल किया और अपना नाम आरिफ पुत्र खलील निवासी जमालपुर कोतवाली रुड़की बताया तलासी लेने पर आरोपी के पास से चोरी किये गए सात हजार रुपये भी बरामद किए। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया दिनारपुर एक प्रोविजन स्टोर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए। आरिफ निवासी जमालपुर रुड़की को बुलोरो पिकअप के साथ गिरफ्तार किया है। चोरी किये सात हजार रुपये भी बरामद किए हैं। आरोपी युवक को न्यायालय मे पेश करके जेल भेजा गया है। बुलोरो पिकअप को सीज किया गया है।

## बहादराबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# चोरी की बाइक समेत दो आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** जनपद हरिद्वार में वाहन चोरी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बहादराबाद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर चोरों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत बहादराबाद थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी क्रम में उपनिरीक्षक प्रवीण बिष्ट, चौकी प्रभारी कस्बा बाजार, अपनी टीम के साथ नहर पटरी क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक मोटरसाइकिलों से लोहे के पुल से नहर पटरी की ओर आ रहे हैं, जिनमें से एक बाइक की नंबर प्लेट मुड़ी हुई है।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नहर पटरी पर घेराबंदी कर दो युवकों अरमान पुत्र मुज्जमिल (19 वर्ष), निवासी तेलीवाला, थाना गंगनहर, हरिद्वार, विनय पुत्र प्रमोद सिंह (20 वर्ष), निवासी गणेशपुर, थाना कोतवाली गंगनहर, हरिद्वार को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि बरामद मोटरसाइकिल उन्होंने हंस फाउंडेशन के बाहर से चोरी की थी और उसे बेचने जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बहादराबाद पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोरों के खिलाफ सख्त संदेश गया है। पुलिस का कहना है कि चोरी और नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबल कार्मिक वेलफेयर एसोसिएशन की संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबल कार्मिक वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक संगोष्ठी का आयोजन भेल स्थित सीआईएसएफ कैम्प परिसर में किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट रूपचंद आजाद ने व संचालन सचिव राजीव शर्मा ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एडवोकेट रूपचंद आजाद ने दो कार्मिकों की समस्याओं के निराकरण व रूड़की में केंद्रीय कर्मचारियों की एक संस्था के एसोसिएशन में विलय के संबंध में जानकारी दी। साथ ही 6 मई को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय संगठन के सामूहिक धरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने के विषय में चर्चा की।

संगोष्ठी में सुभाष कपूर, धर्मपाल, केपी सिंह, मामचन्द, मेनपाल सिंह, दयानंद, सुरेशचन्द, मुकेश कुमार, नरेशचंद, तारा प्रसाद भंडारी, नीलम देवी, मदनलाल, एसडी शर्मा आदि शामिल रहे।

### जर्जर यूनिपोल हटाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने जिला प्रशासन और नगर निगम से जर्जर यूनिपोल हटाने की मांग की है। सुनील सेठी ने कहा कि शहर में और हाईवें पर लगे अधिकांश यूनिपोल जर्जर हालत में हैं, जो आंधी तूफान आने की स्थिति में दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। सुनील सेठी ने कहा कि रविवार को आए तूफान में कई यूनिपोल और होर्डिंग सड़कों पर गिरे हैं। हाईवे पर सड़कों के किनारे और शहर में लगे अधिकतर यूनिपोल और होर्डिंग बहुत ही नाजुक स्थिति में टिके हुए हैं। कई स्थानों पर जर्जर वृक्ष भी हादसों को न्यौता दे रहे हैं। ऐसे में प्रशासन, नगर निगम और वन विभाग को मिलकर अभियान चलाते हुए हादसे का सबब बने जर्जर यूनिपोल, होर्डिंग और वृक्षों को हटाना चाहिए। जिससे दुर्घटना का खतरा कम हो सके। मांग करने वालो में मुख्य रूप से मुकेश शर्मा, लालजी, राजेश पांडे, सोनू चौधरी, राकेश सिंह आदि भी शामिल रहे।

# चौड़ीकरण के दौरान उड़ती धूल से राहगीर परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** पतंजलि से सहदेवपुर मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान उड़ती धूल से सड़क किनारे बसे लोग काफी परेशान हैं। करोड़ों की लागत से सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इस दौरान सड़क पर पड़ी मिट्टी की धूल राहगीरों को परेशान कर रही है। पतंजलि से सहदेवपुर मार्ग पर चौड़ीकरण कार्य के दौरान उड़ती धूल से सड़क किनारे बसे लोग काफी परेशान हैं। करोड़ों की लागत से सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इस दौरान सड़क पर पत्थर व मिट्टी गिराने का भी कार्य किया जा रहा है। जिससे सड़क किनारे बसे लोगों व आने-जानेवाले धूलकण से काफी परेशान हो रहे हैं। स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है। वहीं सड़क निर्माण कार्य भी धीमी गति से चल रहा है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। धूल इतनी ज्यादा उड़ती है कि लोग अपने घरों में रहते हुए भी चौन की सांस नहीं ले पाते हैं। सड़क किनारे बसे गांव डेरा, अहमदपुर, गांव अहमदपुर ग्रंट, डेरा घोलुवाला, सहदेवपुर के ग्रामीण धूल कण से काफी परेशान हैं। उनकी मांग है कि जल्द ही इस मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाए। **सोनू पंवार, अवर अभियंता,** लोक निर्माण विभाग हरिद्वार ने बताया कि मशीन न होने के कारण कार्य रोका गया था अब मशीने आ गयी है कल से निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# नशीले कैप्सूल समेत आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पुलिस ने मोटरसाईकिल से नशीली दवाओं की तस्करी कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा तलाशनी लेने पर आरोपी के कब्जे से 480 प्रतिबंध कैप्सूल बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। साथ ही मोटरसाईकिल को भी सीज कर दिया है। ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह भंडारी के नेतृत्व में पुलिस टीमो ने नशा तस्करो के खिलाफ अभियान चलाते अभियान चलाते हुए शनिवार रात चेकिंग के दौरान सुमननगर क्षेत्रान्तर्गत गढ़मीरपुर पथरी पुल तिराहा से बाइक सवार इस्लाम पुत्र मतलूब निवासी ग्राम भोगपुर लक्सर को नशीले कैप्सूल समेत दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि बरामद दवाईयां वह पथरी थानातंर्गत दौड़बसी नसीरपुर कलां में मेडिकल स्टोर चलाने वाले अपने साथी से लाया है। पुलिस ने पूछताछ में प्रकाश में आए मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश कर शुरू कर दी है। पुलिस टीम में सुमननगर चौकी प्रभारी एसआई अर्जुन कुमार, कांस्टेबल जोत सिंह, विजयपाल, बीरेन्द्र जोशी व गिरेन्द्र शामिल रहे।

# भगत सिंह चौक के पास सड़क पर गिरा भारी पेड़, फायर ब्रिगेड ने हटाया

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** शिवलोक कॉलोनी स्थित भगत सिंह चौक के पास सोमवार दोपहर एक विशालकाय पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से रास्ते का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

घटना की सूचना मिलते ही मायापुर फायर स्टेशन से दमकल कर्मियों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने लकड़ी काटने वाले कटर (वुडन कटर) की मदद से भारी पेड़ को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने पेड़ के हिस्सों को सड़क से हटाकर किनारे किया, जिसके बाद यातायात दोबारा सुचारू हो सका। राहत बचाव कार्य में लीडिंग फायरमैन नरेंद्र तोमर, चालक प्रकाश मनौडी, खुशहाल और कविता शामिल रहे। खुशकिस्मती रही कि पेड़ गिरने के दौरान कोई उसकी चपेट में नहीं आया।

### सूचना ( खोया-पाया )

मेरे पुत्र हमजा का जन्म दिनांक 3.8.2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ज्वालापुर में हुआ था। जिसका पंजीकरण सं0 200 है और जिसका प्रमाण पत्र मैंने प्राप्त कर लिया था और मुझसे पुत्र का उक्त जन्म प्रमाण पत्र कही पर वास्तव में कहीं गुम हो गया है जा काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। शम्मीद पुत्र श्री मच्छन, निवासी अहबावनगर, ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# यात्री को सेल्फी का खतरनाक शौक पड़ा भारी, बाल-बाल बचा

## केदारनाथ यात्रा मार्ग पर फिसलकर घायल हुआ यात्री

## एसडीआरएफ ने तत्परता से बचाई जान

**रुद्रप्रयाग।** आस्था की कठिन यात्रा के बीच लापरवाही का एक पल बड़ा हादसा बन सकता था, लेकिन एसडीआरएफ की मुस्तैदी और त्वरित कार्रवाई ने एक यात्री को नई जिंदगी दे दी। केदारनाथ यात्रा मार्ग के छोटी लिनचोली क्षेत्र में सेल्फी लेने के दौरान एक यात्री फिसलकर घायल हो गया, जिसे एसडीआरएफ टीम ने सफल रेस्क्यू कर सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन मई को शाम 18:50 बजे पुलिस चौकी लिंचोली से एसडीआरएफ टीम को सूचना मिली कि छोटी लिनचोली क्षेत्र में कुछ यात्री फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम मुख्य आरक्षी मोहन सिंह के नेतृत्व में तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई और दुर्गम व फिसलन भरे मार्ग के बावजूद तेजी से मौके पर पहुंची।

घटनास्थल पर पहुंचने पर टीम ने पाया कि एक यात्री बर्फ से ढके खतरनाक किनारे पर सेल्फी लेने के उद्देश्य से ऊपर चढ़ गया था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह फिसलकर घायल हो गया। जबकि अन्य यात्री सुरक्षित नीचे उतरने में सफल रहे। एसडीआरएफ टीम ने बिना देर किए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए घायल व्यक्ति तक पहुंच बनाई। मौके पर ही प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे स्ट्रेचर के माध्यम से सुरक्षित नीचे लाया गया और छोटी लिनचोली स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घायल यात्री की पहचान अनूप रैकवार (42 वर्ष), पुत्र जगदीश रैकवार, निवासी विदिशा, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा मार्ग पर अत्यधिक सावधानी बरतें और जोखिम भरे स्थानों पर सेल्फी लेने से बचें। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमी बर्फ और फिसलन कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। सुरक्षित यात्रा के लिए नियमों का पालन और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

## मिट्टी चिकित्सा का महत्व समझाया

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन (नमामि गंगे), उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग में आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा एवं वैकल्पिक चिकित्सा कार्यशाला का तृतीय दिवस अत्यंत प्रभावशाली और प्रेरणादायक रहा। योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. नवीन चंद भट्ट के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित प्रथम सत्र में उन्होंने अपने वैज्ञानिक एवं प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि मिट्टी चिकित्सा केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक प्रमाणित प्राकृतिक विज्ञान है, जो शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालकर स्वास्थ्य संतुलन स्थापित करती है। उन्होंने प्राचीन ग्रंथों और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के माध्यम से मिट्टी के चिकित्सकीय महत्व को स्पष्ट किया।

# बुआई के समय किसानों को नहीं मिल रही खाद: आर्य

## कालाबाजारी व जमाखोरी पर अंकुश लगाने की मांग

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने प्रदेश के किसानों को हो रही खाद (उर्वरक) की गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल खाद की कमी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके वितरण, बढ़ती कीमतों और प्रबंधन की खामियों से भी जुड़ी हुई है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बुवाई के महत्वपूर्ण समय पर किसानों को यूरिया और डीएपी जैसी आवश्यक खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे फसलों की उत्पादकता पर सीधा असर पड़ रहा है। कई स्थानों पर कालाबाजारी और जमाखोरी के कारण कृत्रिम संकट उत्पन्न किया जा रहा है, जिससे किसानों को ऊँचे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सहकारी समितियों और सरकारी वितरण केंद्रों पर अव्यवस्था, लंबी कतारें और सीमित स्टॉक के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं डीएपी जैसी खाद की बढ़ती कीमतों ने किसानों की लागत को और बढ़ा दिया है, जिससे उनका मुनाफा लगातार घट रहा है। इस स्थिति में छोटे और सीमांत किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

आर्य ने सरकार से मांग की है कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए बुवाई से पहले पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए सख्त निगरानी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि खाद वितरण प्रणाली को डिजिटल बनाया जाए, ताकि पारदर्शिता बढ़े और किसानों को आसानी से खाद मिल सके। इसके अलावा जैविक और वैकल्पिक खाद जैसे वर्मी कम्पोस्ट और गोबर खाद को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों को संतु. लित उर्वरक उपयोग और आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक किया जाए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि सरकार ने इस गंभीर समस्या पर शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो किसानों की आजीविका पर गहरा संकट उत्पन्न हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## एक नजर....

### अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान

**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रविवार को फायर यूनिट द्वारा नगर क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा को लेकर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत फायर टीम ने कैंटेबिल मॉल, हार्डवेयर दुकानों, रेस्टोरेंट सहित विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने प्रतिष्ठानों में मौजूद अग्निशमन उपकरणों, आपातकालीन निकास व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की। फायर कर्मियों ने संबंधित प्रबंधकों और कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटना की स्थिति में तत्काल किए जाने वाले उपायों की जानकारी दी। टीम ने कर्मचारियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग का प्रशिक्षण देते हुए भविष्य में संभावित आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने के निर्देश दिए। फायर विभाग ने कहा कि इस प्रकार के निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि नगर क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

### काशीपुर कोतवाली पुलिस ने पकड़े 6 वारंटी

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशों के कोतवाली काशीपुर द्वारा वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई। पुलिस टीमों के द्वारा अलग-अलग वादो में न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंटों की तामील करते हुए 06 वारंटियों को जो काफी लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे को आज गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटियो के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

### बाइक चोर गिरफ्तार, दो बाइकें बरामद

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से दो चोरी की बाइक बरामद हुई हैं, जिनमें एक काशीपुर और दूसरी बाजपुर क्षेत्र से चोरी की गई थी। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी की अगुवाई में गठित टीम ने 2 मई 2026 को रेलवे फाटक, शुगर फैक्ट्री के पास चेकिंग के दौरान आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त विष्णु (28) निवासी दो. हरी वकील भट्टा कॉलोनी, कुंडेश्वरी निकला, जो काफी समय से बाइक चोरी की घटनाओं में सक्रिय बताया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने दोनों मोटरसाइकिल चोरी की वारदात कबूल ली। बरामद बाइकों में टीवीएस अपाचे संख्या यूके-18 एफ-9272 काशीपुर से चोरी, पेशन प्रो यूपी-22 वाई-1969 बाजपुर थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मेहता, कांस्टेबल हेमंत कुमार और पवननाथ की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

### श्री दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव कल

**काशीपुर।** मौहल्ला सिंघान स्थित श्री दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव मंगलवार 5 मई को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशेष पूजा-अर्चना के साथ ही सायंकाल 6 बजे से माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा। तदोपरांत भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्री दुर्गा मंदिर समिति अध्यक्ष रमेश छाबड़ा एवं महिला समिति की अध्यक्ष सरोज शर्मा ने संयुक्त जानकारी देते हुए समस्त भक्तजनों से समयानुसार इस आयोजन में प्रतिभाग कर महामाई की महिमा का गुणगान सुनने और प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि श्री दुर्गा मंदिर अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है।

### रेलवे: एजीएम ने किया विंडो ट्रेनिंग परीक्षण

**काशीपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक (एजीएम) ने काशीपुर रेलवे स्टेशन का विंडो ट्रेनिंग परीक्षण किया। इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक भी उनके साथ मौजूद रहे। शनिवार को पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ला ने अधिकारियों के साथ काशीपुर रेलवे स्टेशन के रेल खंडों का विंडो टेलिंग निरीक्षण किया। जहां उन्होंने रेल पथ के रखरखाव, साफ-सफाई, राइडिंग क्वालिटी, सिगनलों की स्थिति, समपारों की स्थिति का निरीक्षण किया। साथ ही रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को देखा तथा परिसर का गहन निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत काशीपुर स्टेशन पर विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। एजीएम ने काठगोदाम में निर्माण कार्यों की प्रगति जांची और विस्तृत जानकारी लेकर विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये।

### तेज अंधड़ के चलते बाधित रही आपूर्ति

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा से जुड़े क्षेत्रों में लोगों को रविवार को बिजली का संकट झेलना पड़ा। दोपहर बाद अचानक बदले मौमस और तेज अंधड़ के चलते कई जगहों पर बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके चलते देर शाम तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

अल्मोड़ा नगर में दोपहर के समय मौसम बिगड़ने से लाइन में फॉल्ट आ गया और नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इस दौरान करीब चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, इलेक्ट्रोनिक उपकरण भी शो-पीस बने रहे। गर्मी के बीच बिजली गुल होने से लोगों को परेशानियां उठानी पड़ी। लोग दिन भर बिजली की आंख-मिचौली से परेशान रहे। इधर, ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने बताया कि बिजली लाइन में जगह-जगह पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित रही थी। बताया कि क्षतिग्रस्त लाइनों को ठीक कर आपूर्ति बहाल कर दी गई थी।

## संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ छह मई से

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पोखरी धाम कपकोट में 06 मई से संगीतमय श्री श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। इस अनुष्ठान को भव्य और दिव्य बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिरों को रंग रोगन कर चमका दिया है। श्रद्धालु गांव-गांव जाकर लोगों को अनुष्ठान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील कर रहे हैं। आयोजन समिति के संयोजक नवीन गढ़िया के अनुसार पोखरी धाम में 06 मई से शुरू हो रहे संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन क्षेत्र के सभी लोगों के सहयोग से हो रहा है।

शुभारंभ के प्रात: महिलाएं पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर शिव मंदिर के समीप सरयू नदी से कपकोट बाजार, कपकोट, दूणी गांव होते हुए पोखरी धाम तक भव्य और दिव्य कलश यात्रा निकालेंगी। मंदिर में जलाभिषेक के बाद पंचाग, पूर्वांग गणेश पूजन कार्यक्रम के बाद व्यास जी और पुस्तक पूजन के साथ ही कथा शुरू होगी। कथा का वाचन रामानंद वैष्णव आश्रम पिथौरागढ़ के श्री श्री 108 महंत रमेश दास जी करेंगे। कथा रोजाना प्रात: 11.30 बजे से शुरू और अपराह्व तीन बजे विराम होगी आरती के तुरंत बाद भंडारा शुरू होगा। कथा से पहले मंदिर में नित्य पंचांगी पूर्वांगी कार्यक्रम, रूद्र पाठ, विष्णु सहस्र नाम जप, गायत्री जप, दुर्गा सप्तशती पाठ और महामृत्युनंजय जप होंगेस श्री भगवानों को भोग अर्पित होगा।

# केन्द्रीय विद्यालय के लिए त्रिमूर्ति चौक से बाजार तक 'गर्जना'

## शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन, नारेबाजी, जन एकता मंच के बैनर तले जुटी जनता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**




**अल्मोड़ा।** द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय के संचालन की मांग को लेकर लोगों का गुस्सा अब सड़क पर उतर गया है। रविवार को नाराज लोगों ने क्षेत्र में गर्जना रैली निकाली। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द केवि के संचालन की मांग उठाई। रविवार को जन एकता मंच के बैनर तले विभिन्न संगठनों के लोग यहां त्रिमूर्ति चौक पर एकत्र हुए। जहां से लोगों ने मुख्य बाजार होते हुए घटगाड़ तिराहे तक गर्जना रैली निकाली। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2005 से भूतपूर्व सैनिक संगठन सहित क्षेत्रीय जनता द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग करती आ रही है। लंबे संघर्ष के बाद दिसंबर 2024 में विद्यालय को स्वीकृति तो मिल गई, लेकिन लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक कक्षाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। इससे नाराज लोगों ने 11 अप्रैल से आंदोलन शुरू कर रखा है। लेकिन अब तक केवि संचालन को लेकर कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। कहा कि जब तक केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं इसी सत्र से प्रारंभ नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इधर, आमरण अनशन में बैठे नवीन चंद्र मैनाली का अनशन रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। जबकि क्रमिक अनशन पर विनोद जोशी बैठे। यहां पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता आर्या, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल चौधरी, विनोद जोशी, कंचन साह, व्यापार संघ अध्यक्ष भूपेंद्र कांडपाल, नंदिता भट्ट, सभासद रेखा किरौला, नीतू देवी, हेम चंद्र मठपाल, निरंजन साह, हेम रावत, कुसुम साह, गंगा राणा, भावना अधिकारी, प्रभा जोशी, किरण नेगी, हंसी बिष्ट, माया गोस्वामी, पूजा देवी, शोभा देवी, अंजलि, पुष्पा देवी, दया, लीला देवी, भावना देवी, सुरेंद्र लाल साह, कमल साह, दिगंबर बिष्ट, भुवन लहरी, जगत रौतेला, जोधा सिंह बिष्ट, नवीन जोशी, उमेश भट्ट, देव सिंह, मोहन जोशी, ललित भट्ट, जीवन सिंह बिष्ट, दिनेश आर्या, गो. विंद अधिकारी, बसंत साह, केएस राणा समेत विभिन्न संगठनों के लोग मौजूद रहे।

### 'राष्ट्रीय सेवा संघ' के कार्यकर्ताओं को क्वारब पुल पर रोका पुलिस ने

**अल्मोड़ा।** करबला स्थित 450 नाली भूमि पर अंतरराज्यीय बस अड्डो निर्माण की मांग को लेकर रविवार को प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले ही प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए 'राष्ट्रीय सेवा संघ' के कार्यकर्ताओं को क्वारब पुल के पास रोक दिया। इस दौरान संगठन के शीर्ष नेतृत्व सहित अन्य कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया गया। प्रदर्शन स्थल से करीब 10 किलोमीटर पहले क्वारब पुल पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। पुलिस ने सभी को आगे बढ़ने से रोकते हुए हिरासत में ले लिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशु जोशी की एसडीएम संजय कुमार और सीओ अल्मोड़ा बलवंत रावत से वार्ता भी हुई। संगठन का आरोप है कि करबला क्षेत्र की 450 नाली भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण हो रहे हैं, जबकि आरटीआई से प्राप्त जानकारी में केवल नमाज चबूतरा और कब्रिस्तान का उल्लेख है। संगठन ने करीब दो माह पूर्व जिलाधिकारी अंशुल सिंह को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। संगठन ने प्रशासन पर आंदोलन को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब जन-आंदोलन की घोषणा की गई, तब आनन-ऱानन में अवैध निर्माण हटाने का दावा किया गया। संगठन ने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। राष्ट्रीय सेवा संघ का कहना है कि उक्त भूमि का उपयोग जनहित में आईएसबीटी निर्माण के लिए किया जाना चाहिए और इस मांग को लेकर उनका लोकतांत्रिक संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। यहां संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशु जोशी, धर्माचार्य प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी विवेकानंद सरस्वती, प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष पाठक, प्रदेश महासचिव भारतेंदु पाठक तथा कुमाऊं मंडल अध्यक्ष तरुण मेहरा समेत कई पदाधिकारी शामिल रहे।

## कैलाश गहतोड़ी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पूर्व विधायक चंपावत एवं पूर्व अध्यक्ष वन विकास निगम उत्तराखंड स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी की द्वितीय पुण्यतिथि के पर उनके पुत्र शशांक गहतोड़ी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शि. विर का आयोजन एलडी भट्ट हॉस्पिटल एवं चामुंडा हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ. यशपाल रावत के संयुक्त सहयोग के साथ कुण्डेश्वरी रोड स्थित श्री साईं बाबा मंदिर में आयोजित किया गया। इस शिविर में भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर न केवल अपने स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की अपितु रक्तदान देकर इंसानियत की मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर में 63 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इस शिविर में संबंधित समस्त कर्मचारीगणों एवं आमजन का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन सभी को आवश्यक दवाईयाँ भी नि:शुल्क वित. रित कीं। अंत में स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी के पुत्र शशांक गहतोड़ी ने भावुकता के साथ अपने पिता को याद करते हुए आम जन के प्रति उनके लगाव और उनके सामाजिक कार्यों को प्रेरणादाई बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सामा. जिक कार्यों के लिए अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट की। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## दोपहर बाद तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश

**बागेश्वर।** जिले में रविवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ गया। ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार शाम से रुक-रुक कर बारिश जारी रही, जबकि नगर मुख्यालय में दोपहर बाद तेज आंधी-तूफान के साथ जमकर बारिश हुई। पिछले एक सप्ताह से जिले में मौसम लगातार करवट बदल रहा है।

## कांग्रेस को बूथ स्तर तक मज़बूत करने पर ज़ोर दिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला कांग्रेस इकाई की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही छह मई को पूर्व सैनिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के बागेश्वर आगमन और सात मई को अग्निवीर योजना के विरोध में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी की गई। रविवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है। महंगाई और भ्रष्टाचार के कारण आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए जल्द ही बीएलए-2 प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य बूथ स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाना और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना है। उन्होंने बताया कि छह मई को पूर्व सैनिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राम रतन सिंह नेगी जिले में पहुंचेंगे। वहीं सात मई को सुबह 11 बजे अग्निवीर योजना के विरोध में हस्ताक्षर अभियान और प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में लोकमणि पाठक, भूपेश ऐठानी, केवलानंद, विनोद कुमार, रमेश भंडारी मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश

**रानीखेत।** रानीखेत पहुंचे आरके सुधांशु की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान विधायक डा. प्रमोद नैनवाल ने रानीखेत क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कैंट बोर्ड रानीखेत पर स्थानीय नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों को फटकार लगाने और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की। विधायक ने माल रोड को आर्मी अधिकारियों द्वारा बंद किए जाने के मुद्दे को भी गंभीरता से उठाया। इसके अलावा बोचुड़ी मोटर मार्ग की खराब स्थिति तथा पंतकोटली मोटर मार्ग पर गिरे पेड़ों के शीघ्र निस्तारण की आवश्यकता पर भी ध्यान आकर्षित किया गया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पिथौरागढ़**

पत्रांकः-941/सिखपि/ई-निविदा/ दिनांक 02.05.2026

ई-निविदा सूचना संख्या-01/अधि0 अभि0/2026-27 दिनांक 02.05.2026

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नाकिंत कार्य हेतु सिंगल बिड सिस्टम के अन्तर्गत सिंचाई विभाग वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निम्नानुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को निविदा हेतु स्तम्भ-3 व 4 में अंकित धनराशि निर्धारित रूप में अलग-अलग लगाना आवश्यक है।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य+ जी0एस0टी0 (रु0)18% | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद पिथौरागढ के विकास खण्ड कनालीछीना में कुसैल तुलानी नहर (कि0मी0 0.00 से 7.400 कि0मी0) के जीर्णोद्वार की परियोजना। | 2.31 | 4000+720 (GST) | 90 दिन | 365 दिवस | श्रेणी 'सी'अथवा उच्चतर |

कृपया निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी/शर्तों के लिए www.uktenders.gov.in पर लॉग-इन करें।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड ,पिथौरागढ।



Email:-cdalmora@gmail.com

**उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम,**
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम
एस0एस0बी0 परिसर, अल्मोड़ा। (263601)

पत्रांक – 1843 / निविदा सूचना /28 दिनांक 30.04.2026

**अल्पकालीन कोटेशन नोटिस**

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल निगम की ओर से जनपद– अल्मोडा के अन्तर्गत "अल्मोडा नगर निगम तथा निकटवर्ती पैरी अर्बन क्षेत्र में सीवरेज नेटवर्क, एस0पी0एस0 तथा एस0टी0पी0 कार्यो का" विस्तृत प्राक्कलन तैयार किये जाने हेतु निम्न विवरणानुसार मुहरबन्द कोटेशन अनुभवी फर्मो से दिनाँक 15.05.2026 अपरान्हन 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो कि उसी दिन अपरान्हन 15:30 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| Sl No. | Description of work | Earnest money (In Rs.) | Unit | Rate including all taxes viz. GST etc. (In Rs.) | Time duration (In Days) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Preparation of Master Plan/Zoning of Sewerage network ,SPS & STP For Almora City (Nagar Nigam & adjoining Peri Urban areas), Including Aerial Drone mapping /DGPS survey and preparation of Phasewise DPR of Sewerage Network including SPS /STP's . | 30,000.00 | Rs. | | 90 Days |

Terms & conditions and any further enquiry about mode of payments, scope of work/detailed quotation notice can obtained from Office during working hours.

अधिशासी अभियन्ता

जल ही जीवन है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ सनातन संस्कृति का स्वर्णिम कालः धामी

## राम मंदिर से केदारनाथ पुनर्निर्माण तक देश में हो रहा सांस्कृतिक पुनर्जागरण

**22 अप्रैल से शुरू चारधाम यात्रा में तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा केदार के दर्शन**

**देवभूमि का देवत्व और सांस्कृतिक मूल्य हर हाल में सुरक्षित रहेंगे : सीएम**

**शीतकालीन यात्रा, आदि कैलाश और हेमकुंड रोपवे से धार्मिक पर्यटन को मिल रही नई गति**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून जनपद के सेलाकुई स्थित आद्यशक्ति श्री माता वैष्णो देवी धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य मां भगवती जागरण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मां भगवती की पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की आधयात्मिक पहचान, सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति के स्वर्णिम पुनर्जागरण का काल प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोधया में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं, बल्कि भारत की आस्था, संस्कृति और स्वाभिमान की पुनर्स्थापना का ऐतिहासिक क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जिस ख्रढ़ संकल्प के साथ राम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का विषय रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देशभर में सनातन संस्कृति को सशक्त करने के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण, बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान सहित अनेक धार्मिक स्थलों का विकास भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की आधयात्मिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशेष मार्गदर्शन में तेजी से आगे बढ़ा और आज केदारपुरी एक नए दिव्य एवं भव्य स्वरूप में विश्व के सामने है। उन्होंने कहा कि अभी 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा प्रारंभ हुई है और अब तक तीन लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार सहित चारधामों में दर्शन कर चुके हैं, जो उत्तराखंड के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2024 से उत्तराखंड में शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं इस पहल का समर्थन किया और इसकी शुरुआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शीतकालीन यात्रा का उद्देश्य यह है कि प्रदेश के धार्मिक स्थलों में पूरे वर्ष श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहे, स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की आदि कैलाश यात्रा के बाद वहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस दौरे ने सीमांत क्षेत्रों को नई पहचान दी है तथा स्थानीय पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिला है। राज्य सरकार सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर तेजी से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने के बाद यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं कुछ दिन पूर्व मात्र ढाई घंटे में दिल्ली से देहरादून पहुंचे, जो इस परियोजना की उपयोगिता को दर्शाता है। इससे पर्यटन, व्यापार और तीर्थाटन को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिख श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे परियोजना भी एक महत्वपूर्ण पहल है। इस परियोजना के पूर्ण होने से श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी और यात्रा अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनेगी। साथ ही यह क्षेत्रीय विकास को भी गति देगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में जन्म लेना बहुत बड़े सौभाग्य की बात है, लेकिन जिन लोगों का जन्म यहां नहीं हुआ और जिन्होंने इस भूमि को अपनी कर्मभूमि बनाया है, वे भी उतने ही सौभाग्यशाली हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि देवभूमि का देवत्व बना रहे, यहां के सांस्कृतिक मूल्य सुरक्षित रहें और हमारी परंपराएं आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने संकल्प लिया है कि उत्तराखंड की भावी पीढ़ियों और आने वाले बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाया जाए। इसके लिए सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण, धार्मिक स्थलों का विकास, पर्यावरण संरक्षण और संतुलित विकास पर विशेष धयान दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के मंत्र के साथ विकास और विरासत दोनों को समान प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं तथा युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, अन्य जनप्रतिनिधिगण, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## वेंटीलेटर सपोर्ट पर नाबालिग, संकल्प नशा मुक्ति केंद्र पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अवैध रूप से संचालित नशा मुक्ति केंद्र की कथित लाप. रवाही से 17 वर्षीय किशोर की हालत गंभीर हो गई। नाबालिग फिलहाल वेंटीलेटर पर है और अब मुखानी पुलिस ने नाबालिग की तहरीर पर संकल्प नशा मुक्ति केंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार नाबालिग किशोर की मां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका 17 वर्षीय बेटा नशे का आदी था। उसकी लत छुड़वाने के लिए उन्होंने दो माह पहले बेटे को संकल्प नशा मुक्ति समिति में भर्ती कराया था। उसका यहां लगातार इलाज चल रहा था। नाबालिग की मां ने बताया कि बीती 21 अप्रैल को वह बेटे से मिलने गई और तब वह बिल्कुल स्वस्थ था। 23 अप्रैल को नशा मुक्ति समिति से परिवार के पास फोन पहुंचा। फोन करने वाले ने बताया कि आपका लड़का बेहोश हो गया है और उसे तुरंत सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। आरोप है कि जब परिजन एसटीएच पहुंचे तो वहां नशा मुक्ति केंद्र का कोई कर्मचारी नहीं था। हॉस्पिटल में टेस्ट हुए तो पता लगा कि उसकी किडनी और लिवर दोनों डैमेज हैं। तभी से नाबालिग वेंटिलेटर सपोर्ट पर है।

## शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई नीट (यूजी) पेन एंड पेपर मोड परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को नीट (यूजी) पेन एंड पेपर मोड (ऑफलाइन) परीक्षा को शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई। जिसमें से 3290 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 119 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

उक्त जानकारी देते हुए अपर जिला. धिकारी/परीक्षा के नोडल अधिकारी सौरभ असवाल ने बताया कि उक्त परीक्षा को सम्पन्न कराए जाने के लिए जिले में कुल 9 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे सभी केन्द्र हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत बनाए गए थे। उन्होंने बताया पीएम श्री गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज नारायण नगर, एमबी इंटर कॉलेज, एमबी पीजी कॉलेज सहित 6 अन्य परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा शांतिपूर्व एवं सफलता से सम्पन्न कराई गई। उन्होंने बताया कुल 9 परीक्षा केन्द्रों में 3409 परीक्षार्थियों द्वारा आवेदन भरे गए थे जिसमें से 3290 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 119 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## आईटी और एआई हब के रूप में विकसित होगा उत्तराखंडः प्रदीप बत्रा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड को आईटी और एआई हब के रूप में विकसित करने की दिशा में रविवार को विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री प्रदीप बत्रा ने तीनपानी बरेली रोड स्थित गौजाजाली बिचली में वैश्विक प्रोफेशनल सर्विसेज कंपनी हाईस्प्रिंग के अत्याधुनिक आईटी एवं एआई केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि उत्तराखंड केवल प्राकृतिक सौंदर्य का प्रदेश नहीं, बल्कि प्रतिभा और संभावनाओं की भूमि भी है। राज्य सरकार का लक्ष्य युवाओं को अपने ही प्रदेश में रोजगार और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें पलायन न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार ऐसे निवेशकों को राज्य में ला रही है, जो रोजगार सृजन के साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दें। हाईस्प्रिंग जैसी वैश्विक कंपनी का उत्तराखंड में निवेश राज्य को टेक्नोलॉजी और इना. 'वेशन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विक. सित उत्तराखंड के विजन को साकार करने में ऐसे प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भविष्य में भी राज्य सरकार निवेश को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी। यह केंद्र स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और उत्तराखंड को निवेश के लिए पसंदीदा राज्य बनाने में मदद करेगा। लोकल टैलेंट से ग्लोबल इम्पैक्ट के लक्ष्य की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

## नितिन चरन का स्वागत किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नितिन चरन को राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तराखण्ड सरकार में नामित सदस्य बनाए जाने पर रविवार को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने किच्छा नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर नितिन चरन का पगड़ी पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान अमित कुमार ने बताया कि सफाई आयोग के नामित सदस्य संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरन के पुत्र हैं। उन्होंने बताया कि नितिन चरन को मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र भी इस दौरान सौंपा गया जिसमें विनियमितीकरण नियमावली को संशोधित कर कट ऑफ डेट बढाने समेत अन्य समस्याओं के निस्तारण की मांग की गयी है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय पाल, वरिष्ठ सदस्य विश्वास, हिन्दू जागरण मंच के जिला उपाधयक्ष ललित वाल्मीकि, रुद्रपुर शाखा से अरण कुमार, रंजित चरन, सोनू मुलतानी, अंकित व राकेश आदि मौजूद थे।

## गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर आक्रोश

### उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदर्शन कर फूंका केन्द्र सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में बेतहाशा बढ़ोत्तरी का लोगों द्वारा विरोध लगातार जारी है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी संगठनों के बाद उत्तराखंड क्रांति दल ने केन्द्र सरकार पर जमकर भड़ास निकाली है। रविवार को तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में यूकेडी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के केन्द्रीय अध्यक्ष रवि वाल्मीकि के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एकत्र हुए और केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान रवि वाल्मीकि ने कहा कि केन्द्र सरकार महंगाई पर काबू नहीं रख पा रही है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जिला महामंत्री उत्तम बिष्ट ने कहा कि वो



तमाम लोग जो ठेलों पर व्यवसायिक गैस से खाने के आइटम बेचकर अपने परिवार पालते हैं उनके लिये ये एक आफत है जिसका बोझ अप्रत्यक्ष रूप से जनता पर पड़ना तय है। जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार जनविरोधी फैसले ले रही है। भाजपा राज में ना भ्रष्टाचार कम हो रहा है ना ही महंगाई कम हो रही है। रोजगार के लिए युवा सड़कों पर धक्के खा रहा है। पुतला दहन करने वालो में केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन जोशी, अशोक सिंह बोहरा, मोहन कांडपाल, बची सिंह बिष्ट, दीपक भारती, भुवन सिंह बिष्ट, मोहन सिंह नेगी, प्रवीन जोशी सहित यूएसएफ जिलाध्यक्ष नीरज बिष्ट, मोहन कांडपाल, जगमो. हन जलाल, गोविन्द घसीयल, दिनेश नौटियाल, गंगा सिंह मेहरा जिला सचिव, कुलदीप सिंह बोरा, विजय बोरा, चन्दन पिलखवाल, हिमांशु मेहरा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## तीन माह बाद बाइक चोरी का मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के अतंर्गत तीन माह पूर्व ब्लिंकिट के एक डिलीवरी बॉय की बाइक ही चोरी हो गई थी। बाइक चोरी को लेकर पीड़ित ने तहरीर दी लेकिन मुखानी पुलिस ने तीन माह तक कोई कार्रवाई नहीं की। लेकिन अब तीन माह बाद पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जवाहर ज्योति दमुवादूंगा निवासी दीपक बिष्ट एक ब्लिंकिट कंपनी में काम करता है, और बीते 25 जनवरी की रात लगभग पौने एक बजे उसने अपनी बाइक दो नहरिया स्थित पानी की टंकी के पास रोड पर खड़ी की थी। दीपक जब अपना काम निपटाकर वापस लौटा तो मौके से बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद दीपक ने मुखानी थाने पहुंचकर तहरीर सौंपी। लेकिन मुखानी पुलिस ने तीन माह तक बाइक चोरी की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की और दीपक तीन माह तक थाने के चक्कर काटता रहा। लेकिन अब पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लग चुका है। ये फुटेज घटना स्थल का है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि डिलीवरी के लिए जाने से पहले दीपक ने बाइक का हैंडल लॉक किया। उनके जाते चेहरा बांधे दो लोग वहां पहुंचते हैं। एक आने-जाने वालों पर नजर रखता है और दूसरा एक झटके में बाइक का लॉक तोड़ देता है। पुलिस पहले सीसीटीवी की अन्य सीसीटीवी फुटेज की कड़ी से कड़ी जोड़कर चोरों तक पहुंचने का दावा कर रही है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि बाइक चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कर्म का फल ही सच्चा यज्ञ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आर्य समाज में वैदिक साप्ताहिक सत्संग के अंतर्गत छठा विश्व यज्ञ दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर एक विशेष आध्यात्मिक और बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद डा. विनय विद्यालंकार ने कहा कि परमपिता परमात्मा स्वयं सबसे पहला यज्ञ है। उसी यज्ञ स्वरूप परमात्मा ने इस संपूर्ण सृष्टि की रचना की है और मानव मात्र के कल्याण के लिए वेद ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद का ज्ञान प्रदान किया है। जबकि द्वितीय यज्ञ सृष्टि संपूर्ण ब्रह्मांड और प्रकृति एक निरंतर चलने वाला यज्ञ है। उन्होंने कहा कि शुद्ध आहार, पवित्र विचार और उत्तम व्यवहार के माध्यम से ही यह शरीर रूपी यज्ञशाला अयोध्या बनती है, अन्यथा विकारों के कारण यह लंका बन जाती है। डा. विद्यालंकार ने यज्ञ की सबसे सरल परिभाषा देते हुए कहा कि कर्म करते जाना और फल बांटकर खाना ही सच्चा यज्ञ है। उन्होंने कोविड काल का भी स्मरण किया, जब संपूर्ण विश्व में वैदिक यज्ञ परंपरा और अग्निहोत्र ने वातावरण की शुद्धि और आत्मबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सत्संग के अंत में सभी से यह आह्वान किया गया कि वह अपने दैनिक जीवन को यज्ञमय बनाएं और इस सनातन वैदिक ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि विश्व का वास्तविक कल्याण हो सके।

## कार ने राजमिस्त्री को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत लामाचौड़ क्षेत्र में बीते शनिवार की रात एक तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रहे राजमिस्त्री को टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक कार लेकर फरार हो गया। आनन फानन में रजमिस्त्री को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से बहेड़ी बरेली यूपी और हाल निवासी बजूनिया हल्दू कठघरिया निवासी 50 वर्षीय नानकचंद राजमिस्त्री का कार्य करते थे, और पिछले 20 साल से हल्द्वानी रहकर बच्चों का पालन-पोषण कर रहे थे। बताया जा रहा कि बीते शनिवार की शाम नानकचंद काम खत्म कर घर को लौट रहा थे। जैसे ही वह घर जाने के लिए सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नानकचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें तत्काल उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक कार लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा कि मृतक के दो बेटे हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। एसओ सुशील जोशी ने बताया कि मृतक के परि. जनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल पुलिस ने अपनी ओर से जांच शुरू कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई।

## यातायात नगर में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यातायात नगर में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्मित कार्यालय का शुभारंभ रविवार को प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने गया। उद्घाटन समारोह के पश्चात संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस अवसर पर यातायात नगर अध्यक्ष जसपाल सिंह कोहली को उत्तराखंड सरकार की उद्योग समिति का सदस्य नामित किए जाने पर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही यातायात नगर इकाई के युवा अध्यक्ष मयंक जोशी का भी सम्मान किया गया। प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी एवं महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल ने कहा कि यातायात नगर क्षेत्र



में नगर निगम द्वारा व्यापारियों की दुकानों पर लगाए जा रहे टैक्स के मुद्दे को लेकर संगठन शीघ्र ही महापौर एवं नगर आयुक्त से मुलाकात करेगा। प्रतिनिधिमंडल व्यापारियों के समक्ष आ रही समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराकर त्वरित समाधान की मांग करेगा। साथ ही यातायात नगर में शीघ्र ही एक वृहद सदस्यता अभियान प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर कुमाऊं मंडल प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा, प्रदेश युवा प्रभारी आफताब हुसैन सहित मौजूद रहे।

## अनसुने कर्मयोगियों का सम्मान

### आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के जन्मदिन पर समारोह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सभागार में रविवार को अनसुने नायक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुमाऊं मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले समाजसे. वियों, खिलाड़ियों और कर्मयोगियों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव और संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट रहे, जबकि मेयर गजराज सिंह बिष्ट, डा. हरीश चंद्र सती, दीपक बल्यूटिया, डा. गीतिका बल्यूटिया, कुसुम पांडे, पूनम साहनी, योगिता पाल, आयुष्मान साहनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में व्यापार एवं परोपकार श्रेणी में रविंदर सिंह नेगी, मोहन चंद्र उप्रेती, तत्वा होम्स प्रा. लिमिटेड और रेशमा टंडन को सम्मानित किया गया। वहीं खेल उत्कृष्टता श्रेणी में गुंजन बाला, हरीश राम, मुकेश चंद्र शर्मा और राहुल सिंह मटेला को पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह की शुरुआत वाद्य संगीत से हुई। इसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका राखी पांडेय के प्रशिक्षित बच्चों ने आंखों पर पटी बांधकर पढ़ने-लिखने और रंग पहचानने जैसे कौशल प्रस्तुत किया। इस बीच कार्यक्रम में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर और आर्ट ऑफ लिविंग की यात्रा पर आधारित लघु फिल्म लव मूव्स द वर्ल्ड भी प्रदर्शित की गई। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के वैश्विक योगदान की सराहना करते हुए समाज में सेवा, करुणा और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का आहवान किया। इस दौरान विजेताओं को स्मृति चिह्न और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। स्कूल परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण भी किया गया। इस दौरान लोकेश पांडे, एपेक्स टीम के सदस्य रेशमा टंडन, जितेन्द्र कुमार साहनी, धीरेन्द्र कबड़वाल, रघुवीर सिंह कालाकोटी, मीडिया समन्वयक उद्योग भारती पांडेय, शिक्षक राखी पांडेय, आशीष छाबड़ा, अखिल, दीपक गुप्ता, उमा गुप्ता, विक्रम रघुवंशी, सागर, वंदना तिवारी, कृष्णा, भगवती पांडेय थे।

## पूरे शहर में लगा लंबा जाम

### महानगर में रविवार को यातायात व्यवस्था चरमराई, रेंगते रहे वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को पहाड़ी क्षेत्रों से लौट रहे पर्यटकों की भारी भीड़ के बीच शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। रामपुर रोड पर दिन के समय अचानक सीवर लाइन की खुदाई शुरू होने से स्थिति और बिगड़ गई, जिससे सड़क का एक हिस्सा बंद हो गया और यातायात बाधित हो गया।



सीवर खुदाई के चलते रामपुर रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। काम के दौरान बैरिकेड लगाए गए और यातायात को नियंत्रित करने के लिए एक व्यक्ति की तैनाती भी की गई, लेकिन स्थिति पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। एक-एक कर वाहनों को निकालने की कोशिश के बावजूद जाम बढ़ता चला गया। स्थिति का असर केवल रामपुर रोड तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बरेली रोड, नैनीताल रोड, काठगोदाम और कालाढूंगी रोड पर भी दिनभर यातायात रेंगता रहा। सिंधी चौक से कोतवाली और मंगलपड़ाव तक पूरे दिन वाहन धीमी गति से चलते रहे। अग्रसेन चौक पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए महिला होमगार्ड की तैनाती भी की गई, लेकिन भीड़ के सामने इंतजाम नाकाफी साबित हुए। काठगोदाम, मुखानी चौराहा और लालडांठ क्षेत्र में भी यातायात काफी धीमा रहा। हालांकि, एसपी ट्रैफिक डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि पर्यटक वाहनों की अधिक संख्या के कारण ट्रैफिक स्लो रहा, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते कहीं भी गंभीर जाम की स्थिति नहीं बनने दी गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

मंगलौर कोतवाली के सामने टला बड़ा हादसा: बाल- बाल बची जान

# बस ने ट्रैक्टर-ट्राली को मारी टक्कर, दर्जनों घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली के ठीक सामने रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा होने से बाल-बाल बच गया। हरियाणा रोडवेज की एक बस ने आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। ट्रॉली में लगभग एक दर्जन महिलाएं सवार थीं, जो कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर गांव की निवासी बताई जा रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी महिलाएं भगवानपुर क्षेत्र के ग्राम फरकपुर में आयोजित एक तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान कोतवाली के सामने अचानक पीछे से आई रोडवेज बस ने ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रॉली में बैठी कई महिलाएं सड़क पर गिर गईं और



घायल हो गईं। हादसे के बाद बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को बुलाकर घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि कुछ महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं हालांकि सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात बाधित हो गया।

कोतवाली पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क किनारे हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारु कराया जा सका। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है

# कार की चपेट में आने से दो स्कूटी सवार युवती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग ग्राम खरखड़ी के पास कार की चपेट में आने पर स्कूटी सवार दो युवती घायल हो गई। दोनों घायल युवतीयो को इलाज हेतु झबरेड़ा डॉक्टर के यहां लाया गया। एक युवती के पैर में फ्रैक्चर होने से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग ग्राम खरखड़ी के पास कार की चपेट में आने पर स्कूटी सवार दो युवती घायल हो गई। ग्राम फलोदा निवासी गीता देवी अपनी चचेरी बहन ममता के साथ स्कूटी पर झबरेड़ा बाजार में कुछ सामान लेने के लिए आ रही थी। जैसे ही वह ग्राम खरखड़ी के पास आई उसी समय पीछे से तेज गति से आ रही कार की चपेट में आने से दोनों युवती स्कूटी सहित सड़क पर गिर गई तथा घायल हो गई। दोनों घायलों को वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा झबरेड़ा में स्थित एक डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया तथा घायलों के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कुछ देर बाद घायल युवतियों के परिजन डॉक्टर के यहां पहुंचे। परिजनों के आने पर गीता देवी के बाएं पैर में फ्रैक्चर होने से डॉक्टर द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। कार चालक कार सहित भागने में सफल रहा।

# मंगलौर पुलिस ने एक तार चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी का 25 मीटर तार बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धारों में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली प्रभारी भगवान मेहर द्वारा अलग अलग टीमों का गठन किया गया था। एक टीम को लंबित चोरी के मामलों के खुलासे में लगाया गया था। इसी क्रम में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शनिवार देर शाम आरोपी जुनैद पुत्र मौहम्मद अकरम निवासी नई बस्ती मंगलौर को माल सहित गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के अनुसार आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस टीम में शामिल अपर उप निरीक्षक श्याम बाबू, हेड कांस्टेबल अमित शर्मा, और कांस्टेबल उत्तम सिंह शामिल रहे।

# युवक की मोटरसाइकिल चोरी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी होने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोटवाल आलमपुर निवासी सोनू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे उसका भाई अंकित अपनी मोटरसाइकिल लेकर गांव के पास स्थित रजवाहे पर शौच के लिए गया था। रजवाहा की पटरी पर बाइक खड़ी कर अंकित नीचे खेत में शौच करने लगा उसी समय तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और उसकी मोटरसाइकिल लेकर रफूचक्कर हो गए। जिस समय उक्त तीनों व्यक्ति बाइक लेकर जाने लगे तो अंकित ने शोर मचाया लेकिन बाइक लेकर तीनों व्यक्ति भाग निकले। घटना की सूचना अपने परिजनों को दी गई। पीड़ित पक्ष की ओर से मामले की शिकायत थाने में की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि पीड़ित सोनू की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद ने भड़ाना के कार्यालय से

# खाटू श्याम जाने वाली 20 बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** उत्तराखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रविवार को मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के मंडावली स्थित हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना के कार्यालय से खाटू श्याम जाने वाली 20 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर करतार सिंह भड़ाना ने कहा मैं मंगलौर की देवतुल्य जनता के प्रति तन-मन-धन से समर्पित हूं और अंतिम सांस तक रहूंगा। मैंने प्रण लिया है कि क्षेत्र के हर उस व्यक्ति को बाबा खाटू श्याम के दर्शन कराऊंगा जिसकी आस्था है लेकिन संसाधन नहीं हैं। अब तक हजारों श्रद्धालुओं को निशुल्क यात्रा करवा चुका हूं और यह सेवा आगे भी अनवरत जारी रहेगी। मेरा मानना है कि जनता की सेवा ही सबसे बड़ी राजनीति है। उन्होंने आगे कहा कि धर्म और सेवा को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। मंगलौर मेरा परिवार है। यहां के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहूंगा। खाटू श्याम की यात्रा सिर्फ दर्शन नहीं, बल्कि लोगों को जोड़ने का माध्यम भी है। वही प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भड़ाना की तारीफ करते हुए कहा करतार सिंह भड़ाना जैसा दयालु और सेवाभावी व्यक्ति आसानी से नहीं मिलता। अपनी



निजी कमाई से हजारों लोगों को तीर्थ कराना बहुत बड़ी बात है। मंगलौर की जनता सौभाग्यशाली है कि उन्हें ऐसा सेवक मिला है। बीजेपी का हर कार्यकर्ता ऐसे ही सेवा भाव से काम करता है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री, मंडल अध्यक्ष समेत बीजेपी के कई स्थानीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। बाबा के जयकारों के बीच श्रद्धालु बसों में सवार होकर खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा में बुजुर्गों और महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

# राहगीरों से गाली गलौज करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति को पुलिस द्वारा उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह गांव में ही सड़क पर खड़ा होकर वहां आने जाने वाले लोगों को गाली गलौज करते हुए झगड़ा करने का प्रयास कर रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि ग्राम बूढ़पुर नूरपुर निवासी रॉबिन पुत्र धीरा गांव में ही सड़क पर खड़ा होकर गाली गलौज करते हुए झगड़ा करने पर अमदा था। गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा फोन से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा गाली गलौज कर रहे उक्त व्यक्ति को पुलिस द्वारा समझाने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा समझाने पर भी नहीं मानने पर पुलिस उक्त को थाने ले आई। उक्त के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई करते हुए चालान कर न्यायालय में पेश किया गया है। उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए थाना पुलिस वारंटियों को लेकर गंभीर है जिसकी वजह से वारंटी पकडे जा रहे हैं।

उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसो. की कार्यकारिणी का गठन

# अरविंद जिला अध्यक्ष, संजय बने संरक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन, जनपद हरिद्वार की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन रविवार को राजकीय उपजिला चिकित्सालय, रुड़की में संपन्न हुआ। जिसमें अरविंद सैनी को जिलाध्यक्ष व संजय चन्सौरिया को संरक्षक चुना गया है। इस मौके पर जिले भर से लैब टेक्नीशियन शामिल हुए।

सिविल अस्पताल रुड़की के सभागार में आयोजित एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश मंडलीय सचिव (गढ़वाल) पवन कश्यप ने की, जबकि प्रदेश महासचिव महावीर सिंह चौहान ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी व जिलाध्यक्ष राजकीय फार्मेसी अधिकारी संघ बृजेश कुमार तथा आशु शर्मा, जिला सचिव वाहन चालक संघ (स्वास्थ्य विभाग) की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में रुड़की अस्पताल के डॉ. एके श्रीवास्तव, जिला सचिव फार्मेसी संघ एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष उमेश मैठाणी मौजूद रहे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अरविंद सैनी को जिला अध्यक्ष, संजय चन्सौरिया को संरक्षक, नरेन्द्र भट्ट को सलाहकार, आशा शर्मा को कोषाध्यक्ष, प्रदीप कुमार गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुन्ती शिशोदिया को उपाध्यक्ष, सुरेश बेलवाल को जिला सचिव, अमित कुमार को प्रवक्ता, उमेश वर्मा को संप्रेक्षक तथा प्रकाश रावत को सर्वसम्मिति से संगठन मंत्री चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अनिल रयाल, प्रकाश रावत और विशाल को शामिल किया गया,




जबकि लेखा परीक्षक का दायित्व भी आशा शर्मा को सौंपा गया। प्रदेश महासचिव महावीर सिंह चौहान ने कहा कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी लैब टेक्नीशियन संवर्ग के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी और माननीय उच्च न्यायालय के ग्रेड पे 4200 से संबंधित आदेश को लागू कराने में अग्रणी भूमिका निभाएगी। वहीं, जिला सचिव सुरेश बेलवाल ने सभी लैब टेक्नीशियनों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और अपनी मांगों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया।

# दिनदहाड़े फायरिंग से सनसनी दो राज मिस्त्री बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई फायरिंग की घटना ने इलाके में दहशत फैला दी। सिविल लाईन जामा मस्जिद के पास रविवार सुबह लगभग 9:20 बजे कुछ बदमाशों ने दो युवकों पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। दोनों युवक पेशे से राज मिस्त्री बताए जा रहे हैं, जो कि बाल बाल बचे।

घटना का पूरा दृश्य पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि चार की संख्या में आए हमलावर अचानक पहुंचते हैं और बिना किसी चेतावनी के फायरिंग शुरू कर देते हैं। गोलीबारी के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हमले के पीछे आपसी विवाद बताया जा रहा है कि कुछ युवकों के बीच पहले कहासुनी हुई थी, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के इलाके की घेराबंदी कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी का दावा कर रही है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और भय का माहौल है। लोग प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि दोषियों को सजा मिल सके और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था कायम रहे। पुलिस का बयान: पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भाविप ने छात्र-छात्राओं को दी स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा द्वारा वर्ष का प्रथम सेवा कार्य आज मैत्री कन्या गुरुकुलम वेद कुलम मुंडा खेड़ा लक्सर में जाकर गुरुकुल को कमरे में टायल्स लगाने हेतु सहायता राशि के रूप में 25000 का चेक संस्था की प्रधानाचार्य श्रीमती सविता को भेंट किया गया साथ ही साथ छात्राओं को स्टेशनरी का सामान एवं मिष्ठान वितरण किया गया ।इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष इजि राकेश गर्ग ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारी शाखा सदस्यों द्वारा ईमानदारी से जन सेवा की जा रही है । डॉक्टर सुधीर चौधरी द्वारा भी ध्5000 की नकद राशि गेहूं और गायों के लिए भूसा हेतु गुरुकुल की प्रधानाचार्या को दी गई । तत्पश्चात



डॉक्टर सुधीर चौधरी डॉ प्रदीप रस्तोगी डॉक्टर गोपाल रोहेला एवं डॉ मंजुला जी की देखरेख में एक बाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें गुरुकुल की सभी छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको निशुल्क दवाई एवं स्वास्थ्यवर्धक टॉनिक का वितरण किया गया। इसी अवसर पर डॉक्टर मंजुला जी द्वारा छात्राओं को अलग से स्वच्छता एवं शरीर में हार्मोन्स के बदलाव के बारे में विस्तार से समझाया गया एवं उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया।उपरोक्त के अतिरिक्त इस अवसर पर शाखा वित्त सचिव डॉ मनोहर अरोड़ा एवं गुरुकुलम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत दो वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत भगवानपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 02 वारंटी दबोचे हैं।

जानकारी के अनुसार वारंटियों की शत-प्रतिशत तामील हेतु लगातार अभियान जारी है। इसी के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के अंतर्गत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी मंगलौर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी कोतवाली भगवानपुर के नेतृत्व में वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 02 वारंटियों को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता आरोपित'1. इखलाक पुत्र कय्यूम निवासी ग्राम हकीमपुर तुर्रा व कार्तिक पुत्र नरेश निवासी ग्राम जहाजगढ़, थाना भगवानपुर हैं।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 युवक को झबरेडा पुलिस ने दबोच लिया है। दिनांक 02.05.2026 को ग्राम बूडपुर नूरपुर में रोबिन द्वारा हो-हल्ला कर आमदा फसाद की स्थिति उत्पन्न की जा रही थी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों द्वारा उसे काफी समझाने का प्रयास किया गया, किन्तु वह नहीं माना। जिस पर पुलिस द्वारा अभियुक्त को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कारण बताते हुए हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की। नाम पता आरोपित-रोबिन पुत्र धीरा निवासी ग्राम बूडपुर नूरपुर, थाना झबरेडा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जय सिंह राणा, पीआरडी सुभाष, होमगार्ड शिवकुमार शामिल रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने हरजौली में किया पूर्व पीएम की प्रतिमा का अनावरण

# चरण सिंह ने अपनी पूरी जिंदगी किसानों व गरीबों के हक की लड़ाई लड़ी : जयंत चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरजौली जट में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के लोकप्रिय नेता स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की आदमकद प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्र सरकार में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई, जिसके बाद जयंत चौधरी ने प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, किसान, जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए जयंत चौधरी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि उनकी नीतियां और विचार आज भी देश की राजनीति और ग्रामीण विकास के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार को प्राथमिकता देने की बात कही और कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास




के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम के समापन पर चौधरी चरण सिंह के समर्थन में नारे लगाए गए और जयंत चौधरी के संबोधन के दौरान मौजूद लोगों द्वारा तालियां बजाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी तालाब में रालोद के नेता - कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

# नाबालिग से दुष्कर्म में फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर कोतवाली पुलिस ने नाबालिक से दुष्कर्म के फरार चल रहे दोनों और आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। लगातार जगह बदलकर फरार चल रहे दोनों आरोपियों को दबोचने में वरिष्ठ उपनिक्षक मंसूर अली अपनी टीम के साथ पिछले तीन दिन से आरोपियों को तलाश करने में जुटे हुए थे। पुलिस तीसरे आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उक्त मामले में लापरवाही भारत ने पर एसएसपी ने खानपुर के कोतवाल को भी सस्पेंड कर दिया था और गोविंद कुमार को बतौर खानपुर कोतवाल की जिम्मेदारी सौंप थी।

जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल को एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली खानपुर में तहरीर देकर बताया कि कुछ युवकों ने उसकी बेटी जो सिर्फ पंद्रह साल की है, को नशीला पदार्थ सुंघाकर पहले अगवा किया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग किशोरी से जुड़े इस



मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए खानपुर पुलिस ने अभियोग सं0-85/2026, धारा 137 (2) 123 74 78 बीएनएस0 7/8 चवबेव पंजीकृत कर प्रकरण से जुड़े एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया लेकिन अन्य 02 आरोपी गिरफ्तारी बचने के लिए लगातार फरार चल रहे थे तथा अपने ठिकाने बद कर रह रहे थे। तलाश जारी रखते हुए पुलिस टीम ने लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी रखी और मुखबिर तंत्र की मदद से फरार चल रहे दोनों आरोपियों की उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित ग्राम खुशीपुरा के पास से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता आरोपित-रासिम पुत्र लतीफ व रिहान पुत्र नौसाद निवासी ग्राम जोग्गावाला बताये गये हैं।

**भगवानपुर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**आशू मलिक** (संवाददाता भगवानपुर)
**कार्यालय :** जिला पंचायत मार्किट भगवानपुर,
मोबाइल नं0 9761496669

# महंगाई की मार

पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि शुक्रवार को खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानबे रूपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई। वहीं चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रूपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है। कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रूपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, ढाबे या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीधे-सीधे इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े। फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। इसी तरह, अब यह कहना मुश्किल है कि विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में वृद्धि केवल यहीं तक रुक जाएगी। अभी से आम उपयोग वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जाने लगी है। जाहिर है, एक ऐसा दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। खासतौर पर डीजल की कीमतों में इजाफे के बाद ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और इसके बाद चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वैश्विक स्तर पर पसरी अस्थिरता की वजह से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हाल के दिनों में जो सुस्ती देखी जा रही है, बाजार भी तेज उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है, उसमें एक बड़ी आबादी रोजी-रोजगार के सवालों से जूझ रही है।

# महाशक्ति के पतन का कारण मासूमों की शहादत



तनवीर जाफरी

अमेरिका व इस्राईल द्वारा गत 28 फरवरी से ईरान पर किए गए संयुक्त हमलों में हालांकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानत: इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आए हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई, अनेक उच्चस्तरीय नेता,अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुए जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फरवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुए विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनकाब करने की मुहिम चलाई। इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज उठाने को मजबूर किया।

याद कीजिए गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मकसद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस रु डपदइ 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ईरानी स्पीकर मोहम्मद बाघेर



गालिबाफ, ईरानी विदेश मंत्री अरागची व ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इसी # Minab 168 नामक विमान से ही तेहरान से पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस विमान में आगे की 168 सीटों पर अमेरिकी हमले में शहीद हुए बच्चों की तस्वीरें रखी गईं। हर सीट पर उनके खून से सने हुए क्षतिग्रस्त स्कूल बैग व शहीद बच्चों के जूते व साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु फूल भी रखे गए थे। यह पहला मौका था जबकि ईरान जैसे किसी साहसी देश ने स्वयं को महाशक्ति बताने वाले अमेरिका के वास्तविक क्रूर चेहरे को इस निराले अंदाज से बेनकाब किया था। # Minab 168 विमान केवल पाकिस्तान ही नहीं आया बल्कि अरागची 26-27 अप्रैल को इसी विमान पर सवार होकर इस्लामाबाद और ओमान के दौरे के बाद रूस भी पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण मुलाकात की।

अमेरिका में भी मिनाब के शहीद मासूमों का खून सर चढ़कर बोलता दिखाई दे रहा है। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप को राजनी.तिक और सड़क स्तर पर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। डेमोक्रेट्स द्वारा साफ तौर पर इसे गैर जिम्मेदाराना अमेरिकी हमला मानकर ट्रंप प्रशासन से इस हमले की जिम्मेदारी स्वीकार करने की मांग रहे हैं। क्योंकि जांच में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइल इस्तेमाल होने की पुष्टि हो चुकी है। यह मिसा.इल केवल अमेरिका के पास ही है। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसदों ने पेंटागन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जवाब भी तलब किया है। इन अमेरिकी सीनेटर्स ने इसे हताहत होने वाला दशकों का सबसे बुरा नागरिक मामला बताया है साथ ही ट्रंप प्रशासन पर अपनी जवाबदेही स्वीकार न करने का भी आरोप लगाया गया है। कई सीनेटर्स तो इसे अमेरिकी सेना की ष्भयानक गलतीष भी बता रहे हैं। इसी मिनाब घटना को लेकर अमेरिका में कई जगह सड़कों पर भी प्रदर्शन हुए हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर सैन फांसिस्को, शिकागो और मिल्वौकी तक में कई जगह में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने हैंड्स ऑफ ईरान के नारे लगाए। यहां की कैपिटल हिल पर प्रतीकत्मक रूप से बच्चों के स्कूल बैग रखकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें कई डेमोक्रेट सांसद भी शामिल हुए थे। हद तो यह है कि व्हाइट हाउस के बाहर इसी अप्रैल में हुए व्यापक प्रदर्शनों में ट्रंप को युद्ध अपराधी बताकर उसे हटाने की भी जोरदार मांग हुई।

बहरहाल, इस्राईल हो या उसका संरक्षक अमेरिका,इन दोनों ही देशों ने विश्व अनेक देशों में युद्धापराध अंजाम देने के अनेक क्रूरतम इतिहास लिखे हैं। सही मायने में तो युद्धापराध अंजाम देने के यह आदी हो चुके हैं। याद कीजिए 1960-70 के मध्य लंबे समय तक चले वियतनाम युद्ध को। यही अमे.रिका है जिसने बड़ी बेरहमी से यहां लाखों लोगों की हत्याएं की थीं। इनमें एक दिल दहलाने वाली घटना दक्षिण वियतनाम के माई लाई गांव में हुई थी जहां न केवल 500 से अधिक निहत्थे नागरिकों जिनमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग शामिल थे की हत्या की गई थी बल्कि उनका सामूहिक बलात्कार किया गया उनके शवों का जलाया गया व अपमान किया गया था। पूरे के पूरे कई गांव जला दिए गए थे। इसी तरह 2003 के ईराक युद्ध के दौरान अबूगरेब जेल में कैदियों की प्रताड़ना के अलावा इराक में कई नागरिक नरसंहार की घटनाएं हुईं।

इसी तरह अफगानिस्तान में भी नागरिक हत्या, बलात्कार जैसे कई कारनामे उजागर हुए थे। अमेरिका की तर्ज पर इस्राईल भी लेबनॉन,पश्चिमी किनारे व गजा के इलाकों में मानव नरसंहार के कई इतिहास लिख चुका है। यह तो इतने क्रूर हैं कि भूखे बच्चों को पहले खाने पानी की लालच देकर भीड़ इकठी करते हैं उसके बाद उन मजबूरों को खाना पानी देने के बजाए उनपर बंबारी कर हत्याएं कर देते हैं। इस्राईली प्रधानमंत्री तो इस समय अंतर्राष्ट्रीय अदालत का वांछित मुजरिम भी है परन्तु इस बार इनका पाला पड़ा था ईरान में मिनाब के मासूमों से। इनकी चीख पुकार व बद्दुआएं पूरे विश्व में इस कद्र गूंज रही हैं कि मानवीय ]दय रखने वाले अमेरिकी भी इस घटना से सदमे में हैं तथा वे यह महसूस कर रहे हैं कि यह घटना कहीं वैश्विक अमेरिकी चौधर के पतन का कारण न बन जाए।

## श्रीमुख से...

### स्मार्ट मीटर में बेईमानी संभव, तो ईवीएम में क्यों नहीं



जनता इस बात को बखूबी जानती थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई का ग्राफ ऊपर जाएगा, और आज वही हो रहा है, भाजपा अपने करीबियों को ज्यादा मुनाफा कमाने से नहीं रोक रही है, जिसके कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है, हमें तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक हम अपना लक्ष्य हासिल न कर लें, समाजवादी सरकार में बांटे गए लैपटॉप आज भी सुचारू रूप से चल रहे हैं, जिन्हें डिजिटल डिवाइड खत्म करने के उद्देश्य से दिया गया था, यदि स्मार्ट मीटर में बेईमानी संभव है, तो ईवीएम में गड़बड़ी क्यों नहीं हो सकती, भाजपा भय का माहौल बनाकर चुनाव लड़ती है, पश्चिम बंगाल में जनता का चुनाव है और ममता बनर्जी ही वहां बनी रहेंगी, अकेले गोरखपुर में ही हजारों शिक्षकों के पद कम हो गए हैं, जिससे पूरे प्रदेश की चिंताजनक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**-अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# किन्नरों को जबरन वसूली का अधिकार नहीं



विनीत नारायण

हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक किन्नर की याचिका पर नेग के नाम पर जबरन वसूली को गैर कानूनी करार दिया है। अदालत ने इस तरह की वसूली को भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध बताया है। यह केस उत्तर प्रदेश के गौंडा जिले के किन्नर रेखा देवी की याचिका पर सुना जा रहा था। जिसमें रेखा देवी ने अपनी जजमानी का इलाका निर्धारित करने की अदालत से मांग की थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि इलाकों की भौगोलिक सीमा स्पष्ट ना होने के कारण, प्राय: किनारों के अलग-अलग समूहों के बीच झड़पें व हिंसा तक होती है। पर अदालत ने इस याचिका को खारिज करते हुए उक्त निर्णय सुनाया।

यह सही है कि घर में खुशी के मौके पर, जैसे पुत्र या पुत्री का जन्म, विवाह या नए घर में गृह-प्रवेश के अवसर पर किन्नर बधाई देने आते हैं और नाच गा कर अपना नेग मांगते हैं। भारत में यह अनूठी प्रथा हजारों सालों से चली आ रही है। इसकी जड़ें पौराणिक काल में हैं।

सबसे प्रसिद्ध और व्यापक रूप से स्वीकृत कथा रामायण से जुड़ी है। जब भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के लिए अयोध्या से जाते हैं, तो वे लोगों द्धपुरुषों और स्त्रियोंत्र को वापस लौट जाने को कहते हैं। किन्नर (जो न पुरुष हैं न स्त्री) इस आदेश से खुद को बंधा नहीं मानते और राम की प्रतीक्षा में वहीं रह जाते हैं। 14 वर्ष बाद राम लौटते हैं तो उनकी इस भक्ति से प्रसन्न होकर राम उन्हें वरदान देते हैं कि शुभ अवसरों पर उनका आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा। इसी वरदान को बधाई की परंपरा का मूल माना जाता है। किन्नर समुदाय गाते-बजाते, तालियां बजाते हुए आशीर्वाद देते हैं और बदले में नेग द्धदक्षिणा या उपहारत्र लेते हैं। यह मान्यता है कि उनकी उपस्थिति और आशीर्वाद नकारात्मक ऊर्जा दूर करती है और सौभाग्य लाती है। यह कथा वाल्मीकि रामायण और तुलसीदास की रामचरितमानस दोनों में मिलते हैं।

इसी तरह महाभारत में अर्जुन का बृहन्नला रूप (तीसरे लिंग वाला) और शिखंडी जैसे पात्र तीसरे लिंग की मान्यता दिखाते हैं। लगभग 400 ईसा पूर्व लिखे गएकामसूत्र में किन्नरों का स्पष्ट उल्लेख है। वेदों, पुराणों और अन्य शास्त्रों में भी किन्नरों का जिक्र मिलता है। किन्नरों को गायन, नृत्य और आध्यात्मिक शक्ति से जुड़ा माना जाता था। कई विद्वान और स्रोत इस समुदाय की उपस्थिति को 4000 वर्ष से अधिक पुरानी बताते हैं। मुगल काल में हिजड़ों की भूमिका और संगठित हुई। वे हरम की रखवाली, दरबा.री सेवाएं और प्रशासन में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे। बधाई की परंपरा इस काल में अधिक प्रचलित और संरचित रूप में चली, जहां वे शुभ अवसरों पर नृत्य-गान करके आशीर्वाद देते और नेग प्राप्त करते थे। दिल्ली सल्तनत और मुगल साम्राज्य में उनकी सांस्कृतिक-सामाजिक स्थिति मजबूत थी। अंग्रेजों ने 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के तहत किन्नरों को अपराधी घोषित कर दिया, जिससे उनकी पारंपरिक आजीविका और सम्मान प्रभावित हुआ। आजादी के बाद यह कघनून समाप्त कर दिया गया। इस तरह बधाई-नेग की परंपरा उत्तर भारत, खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि में आज भी जीवित है। कुछ राज्यों में सरकार ने नेग की दरें तय करने की कोशिश भी की है। पर उसमें विशेष कामयाबी नहीं मिली। इसी अस्पष्टता का लाभ उठा कर किन्नर समुदाय प्राय: अपने जजमानों से जबरन वसूली करता है। कभी-कभी तो वसूली का तरीका बहुत अभद्र होता है। जिसमें जजमान के परिवार के सामने निर्वस्त्र हो जाना, भद्दी गालियां देना, बद्दुआएं देना और डराना धमकाना।

कभी-कभी यह सब नाटक इस सीमा तक हो जाता है कि भयभीत जजमान अपनी आर्थिक हैसियत से कई गुना ज्यादा दे कर पिंड छुड़ाता है। ऐसी वसूली को नेग कतई नहीं कहा जा सकता। यह सरासर गुंडई और अवैध वसूली का तरीका है, जिस पर स्थानीय पुलिस और प्रशासन को लगाम लगानी चाहिए। इसके साथ ही कई बार ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं जब बाकायदा सम्पूर्ण पुरुष होते हुए भी मर्द, स्त्री का रूप धारण कर किन्नर होने का दावा करते हैं और इस वसूली में अपनी ताकत दिखाते हैं। हमारी सामाजिक मान्यताओं के अनुसार किन्नरों का शुभ अवसरों पर आकर गाना बजाना और बधाई देना शुभ माना जाता है। समाज इनका खुशी से स्वागत करता है और ऐसे अवसरों पर अड़ोसी-पड़ोसी जुट कर इनके साथ हास-परिहास भी करते हैं। यह एक स्वस्थ परंपरा है। प्राय: छोटे शहरों और कस्बों में किन्नरों के समूह कई पीढ़ियों तक अपने जजमान परिवारों से जुड़े रहते हैं और उनकी सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद देते हैं। देखा जाए तो सभी किन्नर संपन्न नहीं होते। वे अभावों में पलते हैं। उनकी आर्थिक, शैक्षिक या स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा का उचित इंतजाम नहीं होता।

फिर भी वे पारस्परिक सहयोग से अपना जीवन यापन कर लेते हैं। ऐसे में किन्नरों को नाचने गाने या भीख मांगने से हटा कर छोटे व्यवसायों या नौकरियों में लगाने की जिम्मेदारी, सरकार और समाज दोनों की है। जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। पर आपराधिक तरीके से जबरन वसूली करने वाले किन्नरों से परिवारों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस को तत्परता से निभानी चाहिए, जबकि ऐसा नहीं होता। इस समस्या को भी गंभीरता से लेने की जरूरत है।

# मुल्तानी समाज : देश निर्माण में भागीदार, मगर पहचान की दरकार



शगुफ्ता मिर्जा

भारत की सामाजिक संरचना में कई ऐसे समुदाय हैं, जिन्होंने अपने श्रम, कौशल और समर्पण से देश की नींव को मजबूत किया, लेकिन समय के साथ उनका योगदान कहीं न कहीं उपेक्षा का शिकार हो गया। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण समुदाय है मुल्तानी समाज, जिसे पारंपरिक रूप से पैदाइशी इंजीनियर के रूप में जाना जाता है। लोहार और बढ़ई के रूप में उनकी पहचान केवल पेशा नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही एक वैज्ञानिक और तकनीकी परंपरा का प्रतीक है। अपने समाज के उत्थान के बारे में सोच रही हैं इसी सोच के तहत उन्होंने मुल्तानी बिरादरी को लेकर बताया कि इतिहास में मुल्तानी बिरादरी का गौरवशाली योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज का इतिहास अत्यंत समृद्ध और गौरवपूर्ण रहा है। प्राचीन और मध्यकालीन भारत में जब युद्ध होते थे, तब इस समाज के कारीगर राजा-महाराजाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अस्त्र-शस्त्र तैयार करते थे। तलवार, भाले, बरछी, ढाल जैसे हथियारों के निर्माण में उनकी विशेष दक्षता थी। उनकी बनाई गई युद्ध सामग्री न केवल मजबूत होती थी, बल्कि युद्ध के दौरान सैनिकों की सुरक्षा और विजय में अहम भूमिका निभाती थी। शगुफ्ता मिर्जा ने बताया कि केवल युद्ध ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कृषि क्षेत्र में भी मुल्तानी समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। इस समाज ने किसानों के लिए हल, बैलगाड़ी, कुदाल, फावड़ा, दरांती जैसे उपकरण तैयार किए, जिससे खेती अधिक आसान और उत्पादक बनी। आधुनिक युग में भी इस समाज के कारीगर कृषि यंत्रों के निर्माण और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनका मानना है कि यदि उस समय यह तकनीकी उपकरण उपलब्ध न होते, तो कृषि उत्पादन इतना प्रभावी नहीं हो पाता। इस दृष्टि से मुल्तानी समाज ने भारत को सोने की चिड़िया बनाने में प्रत्यक्ष योगदान दिया। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसका हुनर आधारित ज्ञान है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होता आया है। बिना किसी औपचारिक डिग्री के, इस समाज के कारीगर जटिल तकनीकी कार्यों को बड़ी कुशलता से अंजाम देते हैं। धातु को आकार देना, लकड़ी को उपयोगी संरचना में बदलना, औजारों की डिजाइनिंग और उनकी मजबूती सुनिश्चित करना ए सभी कार्य उनकी व्यावहारिक इंजीनियरिंग क्षमता को दर्शाते हैं।

**वर्तमान स्थिति और चुनौतियां**

इतिहास में इतने बड़े योगदान के बावजूद, आज मुल्तानी समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। बदलते समय के साथ मशीनों और बड़े उद्योगों के आने से पारंपरिक कारीगरों का काम प्रभावित हुआ है। आर्थिक संसाधनों की कमी, तकनीकी प्रशिक्षण का अभाव और सरकारी योजनाओं तक सीमित पहुंच के कारण यह समाज मुख्यधारा से पीछे रह गया है। उनका कहना है कि हर सरकार ने मुल्तानी समाज के योगदान को नजरअंदाज किया है।

न तो उनके पारंपरिक कौशल को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए गए और न ही युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल पाए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि मुल्तानी समाज के पारंपरिक कौशल को सरकारी स्तर पर मान्यता दी जाए। स्किल डेवलपमेंट योजनाओं से जोड़ा जाए कारीगरों को

**उनकी बनाई गई युद्ध सामग्री न केवल मजबूत होती थी, बल्कि युद्ध के दौरान सैनिकों की सुरक्षा और विजय में अहम भूमिका निभाती थी। शगुफ्ता मिर्जा ने बताया कि केवल युद्ध ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कृषि क्षेत्र में भी मुल्तानी समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। इस समाज ने किसानों के लिए हल, बैलगाड़ी, कुदाल, फावड़ा, दरांती जैसे उपकरण तैयार किए, जिससे खेती अधिक आसान और उत्पादक बनी। आधुनिक युग में भी इस समाज के कारीगर कृषि यंत्रों के निर्माण और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनका मानना है कि यदि उस समय यह तकनीकी उपकरण उपलब्ध न होते, तो कृषि उत्पादन इतना प्रभावी नहीं हो पाता। इस दृष्टि से मुल्तानी समाज ने भारत को सोने की चिड़िया बनाने में प्रत्यक्ष योगदान दिया। मुल्तानी समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसका हुनर आधारित ज्ञान है।**

आर्थिक सहायता और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्लेटफॉर्म दिए जाएं। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज के जागरूक लोग अब विभिन्न माध्यमों विशेषकर मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए अपने समुदाय की पहचान और योगदान को सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि देश को मुल्तानी समाज का असली, देशभक्त और मेहनतकश चेहरा दिखाया जाए, ताकि उन्हें वह सम्मान और अवसर मिल सके जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज केवल एक कारीगर वर्ग नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी और आर्थिक प्रगति का आधार रहा है। आज आवश्यकता है कि इस समाज के योगदान को स्वीकार कर उसे सशक्त बनाया जाए। यदि उचित समर्थन और अवसर मिलें, तो यह समुदाय एक बार फिर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि मुल्तानी समाज देश की उस मजबूत नींव की तरह है, जिस पर भारत की समृद्धि की इमारत खड़ी है बस जरूरत है उसे पहचानने और संवारने की।

## बलूचों के हमलों से यूएस-पाक माइनिंग प्रोजेक्ट संकट में

### कीमत करीब 64000 करोड़, 4 महीने पहले 500 लड़ाकों ने 58 लोगों की हत्या की थी



■ हमलावरों ने बैंक, पुलिस स्टेशन, जेल और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया
■ कई जगहों पर आगजनी की गई और मुख्य सड़कों को जाम कर दिया गया

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बढ़ती हिंसा ने अमेरिका-पाकिस्तान के रेको डिक माइनिंग प्रोजेक्ट को संकट में डाल दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी वैल्यू करीब 7.7 अरब डॉलर (64000 करोड़) है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के 500 से ज्यादा लड़ाकों ने 31 जनवरी को बलूचिस्तान के कई इलाकों में हमला कर 58 लोगों की हत्या कर दी थी, जिससे रेको डिक माइनिंग प्रोजेक्ट की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए।

हमलावरों ने बैंक, पुलिस स्टेशन, जेल और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया। कई जगहों पर आगजनी की गई और मुख्य सड़कों को जाम कर दिया गया, जिससे क्वेटा और कराची के बीच कनेक्टिविटी प्रभावित हुई। कुछ हमलावरों ने आत्मघाती विस्फोट भी किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने आटोमैटिक राइफल और ग्रेनेड लान्चर जैसे आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। इनमें से कुछ हथियार अफगानिस्तान में 2021 के बाद छोड़े गए अमेरिकी हथियार बताए जा रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इतने बड़े स्तर पर हमला बिना लोकल समर्थन, मजबूत नेटवर्क और पर्याप्त हथियारों के मुमकिन नहीं है। हमलों का असर बलूचिस्तान के सबसे महत्वपूर्ण खनन प्रोजेक्ट रेको डिक पर पड़ा। यह क्षेत्र सोना और तांबे के बड़े भंडार के लिए जाना जाता है। हमलों के बाद इस साइट तक जाने वाले रास्ते कई दिनों तक बंद रहे, जिससे आपरेशन प्रभावित हुआ। यह प्रोजेक्ट अमेरिका और पाकिस्तान के बीच आर्थिक साझेदारी का केंद्र माना जा रहा है। अमेरिका ने इस प्रोजेक्ट में करीब 1.3 अरब डॉलर निवेश की घोषणा की है, जबकि कुल निवेश 2 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। कनाडा की बैरिक माइनिंग कंपनी ने सुरक्षा कारणों से प्रोजेक्ट की गति धीमी कर दी है और 2027 तक देरी की बात कही है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर रेको डिक प्रोजेक्ट प्रभावित होता है, तो अमेरिका-पाकिस्तान साझेदारी को बड़ा झटका लग सकता है। पिछले कुछ सालों में बीएलए के हमले अधिक संगठित और तकनीकी रूप से मजबूत हुए हैं। यह संगठन अब सिर्फ सुरक्षा बलों ही नहीं, बल्कि नागरिकों और विदेशी निवेश को भी निशाना बना रहा है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में बीएलए अपने हमलों को 'आजादी की लड़ाई' के रूप में पेश करता है, जिससे उसे स्थानीय युवाओं का समर्थन मिल रहा है। बलूचिस्तान में अलगाववाद की शुरुआत 1948 में पाकिस्तान के गठन के बाद हुई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनके क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का फायदा बाहरी कंपनियां और केंद्र सरकार उठाती हैं, जबकि उन्हें रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलतीं। इसी असंतोष के कारण शिक्षित युवाओं का एक वर्ग भी उग्रवाद की ओर झुक रहा है। बलूचिस्तान की सीमा ईरान और अफगानिस्तान से लगती है। ऐसे में इन देशों में अस्थिरता का सीधा असर इस क्षेत्र पर पड़ता है। पाकिस्तानी अधिकारियों को आशंका है कि अगर ईरान के पूर्वी हिस्से में हालात बिगड़ते हैं, तो बीएलए जैसे संगठन और मजबूत हो सकते हैं और सीमा पार से हमले बढ़ सकते हैं।



प्रयागराज। राष्ट्रीय पात्रता-सह प्रवेश परीक्षा (NEET&UG) में शामिल होने से पहले उम्मीदवारों की जांच करते हुए।

## चीन ने अपनी कंपनियों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों को किया खारिज

**मॉस्को।** चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने एक नया नियम जारी कर अमेरिका के उन प्रतिबंधों पर रोक लगा दी है जो पांच चीनी तेल कंपनियों पर लगाए गए थे। चीन ने साफ कर दिया है कि वह अपने देश में अमेरिकी प्रतिबंधों को न तो मान्यता देगा और न ही इनका पालन करेगा। अमेरिकी प्रशासन ने अप्रैल में ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे एक अभियान के तहत पांच चीनी कंपनियों को निशाना बनाया था। इनमें 'हेंगली पेट्रोकेमिकल' भी शामिल है। अमेरिका का आरोप है कि ये कंपनियां ईरान से तेल खरीदकर उसकी मदद कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नौसेना प्रमुख का म्यांमार में गार्ड ऑफ आनर के साथ स्वागत

**नेपीडा।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने अपनी म्यांमार यात्रा दौरान दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को नई दिशा देने पर जोर दिया। उनका यह दौरा हिंद महा. सागर क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने के मकसद से अहम माना जा रहा है। इस दौरान उन्होंने म्यांमार नौसेना के फ्रिगेट यूएमएस क्यान सित थार पर सवार होकर वहां की स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता और नौसेना बेड़े की ताकत के बारे में जानकारी ली।

### भारतीय सैन्य दल अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए कंबोडिया रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एक दल भारत-कंबोडिया द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास सिनबैक्स-द्वितीय में हिस्सा लेने के लिए रविवार को कंबोडिया रवाना हो गया। यह अभ्यास सोमवार से 17 मई तक कंबोडिया के कंम्पोंग स्प्यू प्रांत स्थित तेचो सेन फ्नोम थॉम म्रियास प्रांतीय रॉयल कंबोडियन एयर फोर्स प्रशिक्षण केंद्र (कैम्प बेसिल) में होगा। मित्र देशों के साथ भारत के सतत रक्षा सहयोग के तहत कंबोडिया के साथ यह द्विपक्षीय अभ्यास वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बदलते परिदृश्य में विशेष महत्व रखता है।

### तमाम तरह की स्वतंत्रता प्रेस की आजादी पर टिकी: एंटोनियो गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दुनिया भर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करने और सच्चाई बताने वालों को सुरक्षित रखने का आह्वान किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता के बिना मानवाधिकार, निरंतर विकास और शांति की कल्पना नहीं की जा सकती।

# अमेरिका की नाक के नीचे से निकला ईरानी सुपर टैंकर

### अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर होर्मुज से दो हजार करोड़ का तेल किया पार



■ ईरानी जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंचा, घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर सवाल खड़े हुए

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच लुकाछिपी के खेल में एक ताजा रिपोर्ट ने विश्वभर में खलबली मचा कर रख दी है। मानिटरिंग फर्म टैंकरट्रैकर्सडाटकाम ने दावा किया है कि ईरान का एक बहुत बड़ा तेल का जहाज अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर बाहर निकल गया है। यह जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंच गया है।

इस घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि समुद्र में दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए उसके तेल व्यापार पर रोक लगाने की कोशिश की है। इसके लिए अमेरिकी नौसेना ने समुद्र में कड़ी नाकेबंदी कर रखी है। लेकिन, ट्रैकिंग फर्म की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का एक विशाल जहाज अमेरिका की इस नाकेबंदी को भेदने में सफल रहा है। यह जहाज कोई छोटा-मोटा जहाज नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर लाखों बैरल कच्चा तेल लेकर जा रहा है। इस घटना ने यह दिखा दिया है कि ईरान अपने तेल को बेचने के लिए नए-नए और छुपे हुए रास्ते निकाल रहा है। मानिटरिंग फर्म टैंकरट्रैकर्सडाटकाम के मुताबिक, ईरान का यह जहाज करीब 1.9 मिलियन बैरल कच्चा तेल लेकर वहां से निकला है। इस भारी मात्रा में मौजूद तेल की कीमत लगभग 220 मिलियन डॉलर आंकी गई है। इस विशाल जहाज (वेरी लार्ज क्रूड कैरियर या वीएलसीसी) का संबंध नेशनल इरानियन टैंकर कंपनी से बताया जा रहा है। ट्रैकिंग फर्म ने जानकारी दी है कि इस खास जहाज की पहचान ह्यूज नाम से की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस जहाज को आखिरी बार करीब डेढ़ हफ्ते पहले श्रीलंका के समुद्री इलाके के पास देखा गया था। फिलहाल यह विशाल तेल टैंकर लोमबोक स्ट्रेट के रास्ते से होकर रिओ आर्किपेलेगो (द्वीप समूह) की दिशा में आगे बढ़ रहा है। फर्म ने बताया कि 13 अप्रैल को जब अमेरिकी नौसेना ने नाक. बंदी की घोषणा की थी, तब यह टैंकर ईरान के ही जलक्षेत्र में मौजूद था। इस जहाज ने 20 मार्च को स्ट्रेट ऑफ मलाका से ईरान के लिए रवाना होने के बाद अपना आटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) बंद कर दिया था। इससे इसकी लोकेशन ट्रैक करना काफी मुश्किल हो गया था। ईरानी सरकारी मीडिया ने 29 अप्रैल को दावा किया था कि उनके कम से कम 52 जहाज अमे. रिकी नाकेबंदी को तोड़ने में सफल रहे हैं। वहीं, अमेरिकी सेना के अधिकारियों का कहना है कि जब से नाकेबंदी शुरू हुई है, तब से उन्होंने ईरान से जुड़े करीब 41 जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर किया है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि उनकी यह नाकेबंदी काफी असरदार और प्रभावी साबित हो रही है। अमेरिका का कहना है कि इसके कारण ईरान अपना तेल निर्यात करने में असमर्थ हो रहा है और उसे तेल को स्टोर करने या उत्पादन रोकने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। शनिवार को न्यूज़ वेबसाइट एक्सियोस ने कुछ अधिकारियों के हवाले से एक बड़ी खबर प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका की इस समुद्री नाकेबंदी के कारण ईरान को काफी भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। अमे. रिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के आकलन के मुताबिक, इस नाकेबंदी से ईरान को लगभग 4.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखा जाए, तो यह नुकसान करीब 456 अरब रुपये (45600 करोड़ रुपये) के तेल राजस्व का है।

### ईरान तेल उत्पादन में कर सकता है कटौती: रिपोर्ट

**मॉस्को।** ईरान ने कथित तौर पर अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी के चलते तेल उत्पादन में कटौती शुरू कर दी है। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह दावा किया है। एजेंसी ने कहा कि ईरान तेल उत्पादन में कटौती कर रहा है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, ईरानी इंजीनियर कुओं को बंद करने और गंभीर नुकसान पहुंचाए बिना उत्पादन को तुरंत फिर से शुरू करने में सक्षम हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए। अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी और पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बाद में हुई बातचीत बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच फिलहाल किसी तरह की गोलीबा. री की कोई खबर नहीं है, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी। ब्लूमबर्ग के अनुसार, ईरानी इंजीनियर कुओं को बंद करने और गंभीर नुकसान पहुंचाए बिना उत्पादन फिर से शुरू करने में सक्षम हैं।

### इराक ने सीरिया के रास्ते शुरू किया तेल निर्यात

**बगदाद।** इराक ने सीरिया के अल-यारूबियाह बॉर्डर क्रासिंग के जरिए तेल निर्यात फिर से शुरू कर दिया है। 70 टैंकरों का एक काफिला इस रास्ते से सीरिया में दाखिल हुआ, जो पिछले 14 वर्षों में इस मार्ग से पहला ऐसा शिपमेंट है। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी एसएएनए के अनुसार, काफिले ने भूमध्यसागर तट पर स्थित बानियाज रिफाइनरी का रुख किया। अल-यारूबियाह क्रासिंग पर तैनात सीरियाई अधिकारियों ने कहा 14 साल बाद इस क्रासिंग का फिर से खुलना इराक और सीरिया के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की एक रणनीतिक पहल है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इससे व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को अधिक प्रभावी ढंग से सुगम बनाया जा सकेगा और दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी विकसित होगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब इराक अपने तेल निर्यात के लिए वैकल्पिक मार्ग तलाश रहा है, क्योंकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, अमेरिका-इजराइल और ईरान के तनाव के चलते बंद है। यह बॉर्डर क्रासिंग, जिसे इराक में राबिया के नाम से जाना जाता है, 2011 में सीरियाई गृहयुद्ध शुरू होने के बाद बंद कर दी गई थी।

## प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने को प्रतिबद्ध है सरकार: जरदारी

■ पाक राष्ट्रपति और पीएम ने जिम्मेदार पत्रकारिता सच्चाई और विश्वसनीय जानकारी की भूमिका पर जोर दिया

**इस्लामाबाद।** राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने और उसे आगे बढ़ाने के सरकार के संकल्प को दोहराया है।

गौरतलब है कि हर साल तीन मई को मनाए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के इस साल का विषय 'शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण' है। द पाकिस्तान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार जरदारी और शरीफ ने रविवार को लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और मीडिया की स्वतंत्रता के लिए अनुकूल माहौल बनाने में जिम्मेदार पत्रकारिता, सच्चाई और विश्वसनीय जानकारी की भूमिका पर जोर दिया। जरदारी ने अपने संदेश में दुनिया भर के मीडिया कर्मियों को बधाई दी और प्रेस की स्वतंत्रता के लिए बढ़ते वैश्विक खतरों के प्रति आगाह किया, जिनमें गलत जानकारी, भ्रामक जानकारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपयोग, एल्गोरिथम में हेरफेर, और शक्तिशाली टेक प्लेटफॉर्म तथा सोशल मीडिया कंपनियों का दबाव शामिल है। उन्होंने कहा कि ऐसी ताकतें सार्वजनिक विमर्श को विकृत कर सकती हैं और लो. कतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकती हैं।

## ट्रम्प ईरान की 14 सूत्री योजना की करेंगे समीक्षा

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान पर हमले फिर से शुरू करने की संभावना से इन्कार नहीं किया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह जल्द ही ईरान द्वारा अमेरिका को भेजे गए 14 सूत्री शांति प्रस्ताव की समीक्षा करेंगे और कहा कि इसके स्वीकार्य होने की संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि मैं जल्द ही ईरान द्वारा अमेरिका को भेजी गई योजना की समीक्षा करूंगा लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगी क्योंकि उन्होंने पिछले 47 वर्षों में मानवता एवं विश्व के साथ जो किया है उसके लिए उन्होंने अभी तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है। ट्रम्प ने ईरान पर हमले फिर से शुरू करने की संभावना से इन्कार नहीं किया। फ्लोरिडा में पत्रकारों से इस मामले पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर वे दुर्व्यवहार करते हैं, अगर वे कुछ गलत करते हैं तो यह एक संभावना है कि ऐसा हो सकता है लेकिन अभी हम देखेंगे। तसनीम समाचार एजेंसी के अनुसार, अमेरिका और इजरायल के साथ संघर्ष के लिए ईरान की शांति योजना में 14 बिंदु शामिल हैं और इसमें तेहरान को हर्जाना देना और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों के आवागमन के लिए एक नया तंत्र बनाना शामिल है। इससे पहले आईआरएनए ने खबर दी थी कि 30 अप्रैल को ईरान ने अपनी नई शांति योजना का मसौदा पाकिस्तान को सौंप दिया था। प्रकाशन के अनुसार, अमेरिका ने दो महीने के युद्धविराम का प्रस्ताव रखा है लेकिन ईरान का कहना है कि मुद्दों का समाधान 30 दिनों के भीतर होना चाहिए, जिससे युद्धविराम के नवीनीकरण के बजाय युद्ध की पूर्ण समाप्ति पर ध्यान केंद्रित हो गया है। तेहरान की प्रमुख मांगों में हर्जाना, सैन्य आक्रामकता की पुनरावृत्ति न होने की गारंटी, ईरानी परिधि से अमेरिकी सेनाओं की वापसी, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की समाप्ति और वहां जहाजों के आवागमन के लिए एक नया तंत्र स्थापित करना शामिल है। ईरान विदेशों में स्थित अपनी संपत्तियों को मुक्त करने और प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग कर रहा है।

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## नेपाल में समाचार समिति सहित 1200 अधिकारियों की सामूहिक बर्खास्तगी

■ नेपाल में नई सरकार ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रेस स्वतंत्रता और संस्थागत निरंतरता पर गंभीर बहस छेड़ी

**काठमांडू।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां दुनिया भर में स्वतंत्र पत्रकारिता, संस्थागत स्वायत्तता और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति की रक्षा की बात हो रही है, वहीं नेपाल में नई सरकार ने राष्ट्रीय समाचार समिति सहित विभिन्न सरकारी संस्थानों से 1200 से अधिक अधिकारियों को एक झटके में बर्खास्त करके प्रेस स्वतंत्रता और संस्थागत निरंतरता पर गंभीर बहस छेड़ दी है।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा जारी अध्यादेश सार्वजनिक पदा. धिकारियों को पद से हटाने संबंधी विशेष प्रावधान अध्यादेश, 2026 के तहत 26 मार्च से पहले नियुक्त सभी सार्वजनिक पदाधिकारियों को स्वत: पदमुक्त कर दिया गया। इस कदम के दायरे में प्रशासनिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, नियामक और मीडिया संस्थान आदि आते हैं। इसे हाल के वर्षों में किए गए सबसे व्यापक प्रशासनिक सुधारों में से एक बताया जा रहा है। इस प्रावधान के तहत यह अनिवार्य है कि 26 मार्च से पहले की गई सभी नियुक्तियां स्वत: ही समाप्त मानी जाएंगी, चाहे उनका कार्यकाल, लाभ या नियुक्ति की शर्तें कुछ भी हों। प्रचलित कानूनों में कहीं और कही गई किसी भी बात के बावजूद, 26 मार्च से पहले की समय-सारिणी के अनुसार सार्वजनिक संस्थाओं में नियुक्त और वर्तमान में पद पर आसीन सार्वजनिक अधिकारियों को, इस अध्यादेश के लागू होते ही, उनके संबंधित पदों से स्वत: हटा दिया जाएगा कि दस्तावेज में यह कहा गया है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY

स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से

डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा

साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)